रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, शुक्रवार 18 अक्टूबर 2019 पृष्ठ-12 वर्ष-04, अंक-63 मूल्य 3.00 ₹


## क्विक न्यूज

### विपक्ष के कारनामे देश का अहित चाहने वालों के लिए ऑक्सीजन जैसे : मोदी

**मुंबई (एजेंसी)।** विधानसभा चुनाव प्रचार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को बीड जिले के परली में पंकजा मुंडे के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि विपक्ष के कारनामे देश का अहित चाहने वालों के लिए ऑक्सीजन जैसे हैं। जनसभा से पहले मोदी ने यहां के प्रसिद्ध वैद्यनाथ मंदिर में दर्शन किए। महाराष्ट्र की 288 विधानसभा सीटों पर 21 अक्टूबर को मतदान है।

### 1 नवंबर से बदल जाएगा बैंकों के खुलने-बंद होने का समय

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बैंकों के खुलने और बंद होने के समय तय है, जो सालों से चला आ रहा है, लेकिन जल्द ही इस समय में बद लाव होने जा रहा है। 1 नवंबर से बैंकों के खुलने और बंद होने का समय बदल जाएगा। महाराष्ट्र में सभी PSU बैंकों के लिए नई टाइम टेबल शुरू होने वाली है। महाराष्ट्र के सभी सरकारी बैंकों के लिए नई समयसारिणी तय कर दी गई है, जिसपर 1 नवंबर 2019 से अमल किया जाएगा। नई समयसारिणी के मुताबिक रिहायशी इलाके के बैंक सुबह 09: 00 बजे खुलेंगे और शाम 4: 00 बजे तक कामकाज होगा।

### बाजार.भाव

| | | |
|---|---|---|
| सोना | 39,180 | -32 |
| चांदी | 48,800 | -300 |

### इनसाइड स्टोरी

**अप्रत्यक्ष चुनाव जनता विरोधी, चुनाव जीतने कांग्रेस...**

पेज-04

### सोना 70 रुपये चमका, चाँदी 100 रुपये चढ़ी

**नयी दिल्ली, (वार्ता)।** विदेशों में पीली धातु में रही तेजी से दिल्ली सर्राफा बाजार में गुरूवार को सोना 70 रुपये चमककर 39,680 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुँच गया और औद्योगिक माँग आने से चाँदी 100 रुपये की तेजी लेकर 46,600 रुपये प्रति किलोग्राम बोली गयी। लंदन एवं न्यूयॉर्क से मिली जानकारी के अनुसार, सोना हाजिर 1.30 डॉलर की बढ़त में 1,488.95 डॉलर प्रति औंस के भाव बिका। दिसंबर का अमेरिकी सोना वायदा भी 1.30 डॉलर की मजबूती के साथ 1,489.00 डॉलर प्रति औंस बोला गया।

### समीर वर्मा प्री क्वार्टरफाइनल में हारे

**ओडेंसे (वार्ता)।** भारत के समीर वर्मा गुरूवार को डेनमार्क ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट प्रीक्वार्टरफाइनल में हारकर बाहर हो गए। समीर को प्रीक्वार्टरफाइनल में पांचवीं सीड चीन के चेन लोंग ने लगातार गेमों में 38 मिनट में 21-12, 21-10 से हराया। विश्व रैंकिंग में 17वें नंबर के खिला?ी समीर की पांचवीं रैंकिंग के चेन लोंग के खिलाफ तीन करियर मुकाबलों में यह तीसरी हार है। इस बीच पुरुष युगल में सात्विकसैराज रेंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय जोड़ी को भी दूसरे दौर में छठी सीड चीन की जोड़ी हान चांग केई और झोउ हाओ डोंग से 31 मिनट में 16-21, 15-21 से हार का सामना करना पड़ा।





**रायपुर।** राजधानी में आज करवाचौथ के अवसर पर सुहागन महिलाओं ने अपने पति की दीर्घायु की कामना के साथ व्रत रखा। रात में चांद के दर्शन के लिए महिलाएं छलनी हाथ में लिए इंतजार करती है।

# बयानबाजी, आरोपों और आपसी नोकझोंक से सरगर्म हुआ चित्रकूट विधानसभा उपचुनाव

## ■रमन सिंह अहंकारी, हमें किसी को जेल भेजने का शौक नहीं : भूपेश बघेल

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

उत्तर प्रदेश में उप चुनाव प्रचार प्रसार के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल गुरुवार सुबह रवाना हुए हैं। एयरपोर्ट पर पत्रकारों से चर्चा के दौरान उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की 4 विधानसभा में सघन दौरा है। उसके बाद शुक्रवार को हरियाणा का दौरा होगा। दो दिनों का दौरा कार्यक्रम बना हुआ है। यहां चुनाव प्रचार किया जाएगा। सभी जगह कांग्रेस की लड़ाई है, लेकिन रिजल्ट तो जनता बनाएगी। पहले से अनुमान लगाना गलत है।



हम अपनी बात जनता के सामने पूरे दमदार तरीके से रख रहे हैं। वहीं सीएम बघेल ने विपक्ष पर भी जमकर निशाना साधा. पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह को लेकर उन्होंने एक बड़ा बयान दिया। डॉ. रमन सिंह पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि कमीशनखोरी से बहुत धन कमाया है। उसी के बल पर गरज रहा हैं। उन्होंने कहा कि नान जांच में उनके ही नेता प्रतिपक्ष ने पीआईएल क्यों लगाए है। पहली बार देखा गया है पीआईएल लगाया है कि जांच नहीं होने चाहिए. यह ➢शेष पेज 8 पर

## ■भूपेश खुद सीडी कांड में जमानत पर है, उन पर तरस आता है : रमन सिंह

प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह ने कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम के उन्हें जेल भेजने सम्बंधी वाले बयान पर प्रतिक्रिया दी है। डाक्टर सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के सीएम खुद नकली सीडी कांड मामले में जमानत में है। इसके साथ उनके राष्ट्रीय अध्यक्ष और उनका पूरा परिवार जमानत पर है। ऐसे बयान देने वालों पर उन्हें तरस आता है। अभी वह नासमझ है। धीरे धीरे उन्हें समझदारी आएगी। विधानसभा उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी लच्छूराम कश्यप का प्रचार करने बस्तर संभाग के चित्रकोट पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी पूरी मजबूती से यहां लड़ रही है। यहां से पार्टी जीत हासिल करेगी।



**सावरकर पर कीचड़ उछालने वाले छोटी मानसिकता वाले-** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा वीर सावरकर को भारत रत्न देने महाराष्ट्र भाजपा के चुनावी घोषणा पत्र में शामिल किए जाने सम्बंधी बयान पर डाक्टर सिंह ने कहा कि छोटी मानसिकता वाले लोग सावरकर के चरित्र पर कीचड़ उछालने का काम कर रहे है। ➢शेष पेज 8 पर

# कश्मीर घाटी में 74 वें दिन जनजीवन प्रभावित

वार्ता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

जम्मू-कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा देने वाले संविधान के अनुच्छेद 370 को समाप्त करने तथा जम्मू-कश्मीर और लद्दाख नाम से दो केंद्र शासित प्रदेश बनाने के फैसले के कारण घाटी में गुरुवार को 74वें दिन जनजीवन प्रभावित हुआ।

स्थानीय लोग केंद्र सरकार के इस फैसले के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। घाटी में ट्रेन सेवा और भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) सहित सभी मोबाइल फोन कंपनियों की इंटरनेट सेवा तथा पोस्ट पेड सेवा पांच अगस्त से स्थगित है। प्रशासन ने हालांकि घाटी में हाल के दिनों में पोस्ट पेड मोबाइल नेटवर्क की सेवा शुरू कर दी थी, लेकिन उसे फिर से स्थगित कर दिया गया है।

घाटी में पांच अगस्त से ही छात्र अपने विद्यालयों से दूर हैं। सरकार ने हालांकि घोषणा की है कि इस महीने के आखिरी सप्ताह में 10वीं और 12वीं कक्षा की परीक्षाएं करवायी जाएंगी।

घाटी में हाल के दिनों में पथराव की कुछ घटनाएं घटित हुई हैं जो चिंता का विषय हैं। शोपियां जिले में बंदूकधारियों की गोलीबारी में पंजाब के एक व्यक्ति की मृत्यु हो गयी तथा एक अन्य घायल हो गया। पिछले 24 घंटों के दौरान हालांकि घाटी के अधिकतर हिस्से में स्थिति शांतिपूर्ण रही।



## भारत-बांग्ला सीमा क्षेत्र में बांग्लादेश सुरक्षा बल की गोलीबारी, भारत का एक जवान शहीद

**कोलकाता (एजेंसी)।** बांग्लादेश सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने गुरुवार को पदमा नदी में भारत-बांग्लादेश सीमा क्षेत्र में भारतीय सुरक्षा बल के जवानों पर एकाएक गोलीबारी शुरू कर दी। भारतीय जवान नदी में भारतीय मछुआरों को खोजने के लिए निकले थे। इस गोलीबारी में हेड कांस्टेबल विजय भान सिंह को सिर में गोली लगी जबकि उनके साथियों को हाथ में गोली लगी। दोनों घायल जवानों को नजदीक के अस्पताल में ले जाया गया, जहां हेड कॉन्स्टेबल विजय भान सिंह को मृत घोषित किया गया। घायल कॉन्स्टेबलों को मुर्शिदाबाद मेडिकल कॉलेज और बहरामपुर हॉस्पिटल ले जाया गया। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, सुबह 3 भारतीय मछुआरे पदमा नदी में फिशिंग के लिए गए थे। यह भारत-बांग्लादेश का सीमा क्षेत्र कहलाता है। इस दौरान बांग्लादेशी सीमा सुरक्षा बल ने मछुआरों को पकड़ लिया था।

## दिल्ली और यूपी पर नजर, नेपाल और बांग्लादेश के रास्ते घुसने की फिराक में आतंकी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कश्मीर पर अपने नापाक मंसूबे पूरे करने में नाकाम पाकिस्तान अब यूपी और दिल्ली में आतंकियों के जरिए माहौल खराब करने की साजिश कर रहा है। इंटेलिजेंस एजेंसियों को जानकारी मिली है कि आतंकी नेपाल और बांग्लादेश से घुसपैठ करने की फिराक में हैं। इंटेलिजेंस सूत्रों के मुताबिक जानकारी मिली है कि ये आतंकी घुसपैठ कर दिल्ली और यूपी में दहशत फैलाने की कोशिश कर सकते हैं। ये फिदायीन अटैक कर सकते हैं। साथ ही आतंकी आर्म्ड फोर्सेस के ट्रेनिंग या रिक्रूटमेंट सेंटर को निशाना बनाने की कोशिश कर सकते हैं। इंटेलिजेंस एजेंसियों को यह भी जानकारी मिली है।

## आईएनएक्स मीडिया केस

### चिदंबरम की ईडी, न्यायिक हिरासत 24 अक्टूबर तक बढ़ी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली की एक अदालत ने मनी लॉन्ड्रिंग केस में अरेस्ट पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम की ईडी कस्टडी 24 अक्टूबर तक बढ़ा दी है। उनसे आईएनएक्स मीडिया केस से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में पूछताछ चल रही है। कोर्ट ने सीबीआई द्वारा दायर की गई याचिका पर भी उनकी न्यायिक हिरासत 24 अक्टूबर तक बढ़ा दी है। सीबीआई द्वारा दर्ज केस में चिदंबरम की हिरासत 17 अक्टूबर को समाप्त हो रही थी।

# ओवैसी ने की गोडसे को भारत रत्न देने की मांग, पक्ष-विपक्ष में घमासान

वार्ता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

वीडी सावरकर को भारत रत्न दिए जाने के बाद विपक्षी दलों ने सरकार पर निशाना साधते हुए गोडसे को भी भारत रत्न देने की मांग की है। कांग्रेस नेता मनीष तिवारी और एआईएमआईएम के नेता असदुद्दीन ओवैसी ने वी डी सावरकर को भारत रत्न देने के फैसले को गलत ठहराया है। साथ ही कहा है कि आजादी के लिए आंदोलन के समय अंग्रेजों से



माफी मांगने वाले को भारत रत्न कैसे मांगा जा सकता है तो गोडसे को भी भारत रत्न क्यों नहीं मिले ?

वी डी सावरकर को भारत रत्न दिए जाने की बीजेपी की मांग पर विपक्षी पार्टियां हमलावर हो गई है. विपक्षी दलों का कहना है कि जिस सावरकर ने आजादी के लिए आंदोलन के समय अंग्रेजों से माफी मांगी उसके लिए भारत रत्न कैसे मांगा जा सकता है? कांग्रेस और एआईएमआईएम समेत अन्य दलों ने इसका विरोध किया।

कांग्रेस प्रवक्ता मनीष तिवारी ने तंज भरे लहजे में कहा कि सावरकर को ही क्यों? गोडसे को भारत रत्न क्यों नहीं मिले? ➢शेष पेज 8 पर

# अयोध्या मसले पर सुनवाई पूरी होने के बाद चप्पे-चप्पे पर जवानों की तैनाती

एजेंसी < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

सुप्रीम कोर्ट में अयोध्या मामले की सुनवाई पूरी हो चुकी है। लेकिन फैसले से पहले ही अयोध्या में तगड़ी सुरक्षा व्यवस्था कर दी गई है। सुरक्षा जवानों को चप्पे चप्पे पर तैनात कर दिया गया है। अतिरिक्त फोर्स को अयोध्या बुलाया गया है। ताकि फैसले के बाद किसी भी तरह की अप्रिय स्थिति से निपटा जा सके। प्रयागराज, गोरखपुर और वाराणसी जोन के एडीजी को पत्र भेजकर पुलिस अधीक्षक से लेकर सिपाही तक की मांग की गई है। पीएसी से एक एसपी, 4 अपर पुलिस अधीक्षक और 6 पुलिस उपाधीक्षक को मंगलवार से ही अयोध्या को उपलब्ध कराने के निर्देश जारी किए गए हैं। 30 इंस्पेक्टर, 50 सब इंस्पेक्टर, 10 महिला सब इंस्पेक्टर, 50 मुख्य आरक्षी और 200 आरक्षी और 100 महिला आरक्षी को मंगलवार को ही अयोध्या पहुंचने के निर्देश दिए गए। इनमें सीबीसीआईडी, ईओडब्ल्यू और भ्रष्टाचार निवारण संगठन में तैनात 30 इंस्पेक्टरों के अलावा प्रयागराज जोन से 10 सब इंस्पेक्टर, 4 महिला सब इंस्पेक्टर, 10 मुख्य आरक्षी, 60 आरक्षी और 40 महिला आरक्षी ➢शेष पेज 8 पर



## छत्तीसगढ़ को मिले 5 नए आईएएस

**रायपुर।** भारत सरकार के डीओपीटी ने गुरुवार को 2019 बैच के आईएएस का राज्यवार कैडर आबंटन कर दिया। छत्तीसगढ़ को इस बैच में कुल पांच आईएएस मिले हैं। इसमें छत्तीसगड़ के दंतेवाड़ा की नम्रता जैन को होम कैडर छत्तीसगढ़ मिला है। वहीं बिलासपुर के वर्नित नेगी को कर्नाटक कैडर आबंटित किया गया है। गौरतलब है कि नम्रता को दो साल पहले यूपीएससी में आईपीएस मिला था। लेकिनए नम्रता ने फिर से यूपीएससी की तैयारी की। और उन्होंने आईएएस परीक्षा अच्छे रैंक से उत्तीर्ण कर लिया। बिलासपुर के वर्नित भी उच्च रैंक पाने सफल रहे। दोनों आईएएस सामान्य वर्ग से आते हैं। इनमें नम्रता जैन छत्तीसगढ़ के अलावा विश्वदीप उत्तर प्रदेश रीना जीमल, झारखंड ➢शेष पेज 8 पर

**■ जगदलपुर की नम्रता को होम कैडर**

## यस बैंक के शेयर में 15 प्रतिशत उछाल, टाटा मोटर्स में 13 प्रतिशत तेजी

# शेयर बाजार : सेंसेक्स 453 अंक चढ़कर 39052 पर, निफ्टी 122 प्वाइंट ऊपर 11586 पर बंद

एजेंसी < मुंबई
www.dailypioneer.com

शेयर बाजार में फायदे का गुरुवार को लगातार 5वां सत्र रहा। सेंसेक्स 453.07 अंक की बढ़त के साथ 39,052.06 पर बंद हुआ। इंट्रा-डे में 506 प्वाइंट चढ़कर 39,104.69 पर पहुंचा था। निफ्टी की क्लोजिंग 122.35 अंक ऊपर 11,586.35 पर हुई। कारोबार के दौरान 135 अंक की तेजी के साथ 11,599.10 का स्तर छुआ था।

कारोबारियों के मुताबिक मजबूत विदेशी संकेतों से भारतीय बाजार चढ़ा। ब्रिटेन और यूरोपियन यूनियन ने कहा कि लंबी बातचीत के बाद हमने ब्रेग्जिट डील का खाका तैयार कर लिया है। इस ऐलान के बाद यूरोपीय बाजार में उछाल आया।



### एनएसई पर 11 में से 10 सेक्टर इंडेक्स में तेजी

सेंसेक्स के 30 में से 21 और निफ्टी के 50 में से 35 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए। एनएसई पर 11 में से 10 सेक्टर इंडेक्स फायदे में रहे। पीएसयू बैंक इंडेक्स में सबसे ज्यादा 3 तेजी आई। सिर्फ आईटी इंडेक्स नुकसान (-0.4 प्रतिशत) में रहा।

### निफ्टी के टॉप-5 गेनर

| शेयर | बढ़त |
|---|---|
| यस बैंक | 15.47 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 13.27 प्रतिशत |
| आयशर मोटर्स | 7.96 प्रतिशत |
| इंडसइंड बैंक | 5.14 प्रतिशत |
| बजाज ऑटो | 3.78 प्रतिशत |

### निफ्टी के टॉप-5 लूजर

| शेयर | गिरावट |
|---|---|
| एचसीएल टेक | 1.06 प्रतिशत |
| वेदांता | 0.97 प्रतिशत |
| ग्रासिम | 0.73 प्रतिशत |
| अल्ट्राटेक सीमेंट | 0.73 प्रतिशत |
| इन्फ्राटेल | 0.58 प्रतिशत |

# पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने कहा- सरकार आरोप लगाने की आदत से मजबूर है

एजेंसी < मुंबई
www.dailypioneer.com

पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के बयान का जवाब देते हुए गुरुवार को कहा कि सरकार समस्याओं का समाधान तलाशने की बजाय विपक्षियों पर आरोप लगाने की आदत से मजबूर है। सीतारमण ने बुधवार को कहा था कि मनमोहन सिंह और आरबीआई के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन के समय सरकारी बैंक सबसे बुरे दौर में थे।



**पिछले 5 साल में महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा फैक्ट्रियां बंद हुईं-** मनमोहन सिंह महाराष्ट्र चुनाव के सिलसिले में मुंबई में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अर्थव्यवस्था को सुधारने के लिए असली दिक्कतों और वजहों का पता लगाना जरूरी होता है। सरकार की उदासीनता से देश के लोगों की महत्वाकांक्षाएं और भविष्य प्रभावित हो रहा है। महाराष्ट्र में बिजनेस सेंटीमेंट बिगड़े हुए हैं। कई फैक्ट्रियों के बंद होने का खतरा मंडरा रहा है। पिछले 5 साल में महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा फैक्ट्रियां बंद हुईं। केंद्र और महाराष्ट्र की सरकार जनता के अनूकूल नीतियां अपनाना नहीं चाहती।

### 120 स्कूल के 400 बच्चों ने लिया जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता में भाग

# रायपुर पुलिस के मिशन ई-रक्षा के विजेताओं को मुख्यमंत्री भूपेश ने किया पुरस्कृत



पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

समय के साथ डिजिटल होते इस आधुनिक युग में स्मार्टफोन और इन्टरनेट के आभाव की कल्पना कर पाना भी संभव नहीं है, डेटा पर आधारित इस युवा पीढ़ी को इन्टरनेट ने जहाँ विश्व के साथ कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ने में सहायता प्रदान की है वहीं दूसरी और इसके दुष्प्रभाव भी अब सामान्यत दिखने लगे हैं। डेटा चोरी, ऑनलाइन फ्रॉड और साइबर-अपराधों की संख्या पिछले 2 दशकों में बड़ी तेज़ी से बढ़ते जा रही है, आज जब पूरी पीढ़ी मोबाइल के बिना दैनिक जीवन की कल्पना करने में असंभव है, वहीं अपराधियों द्वारा इस आधुनिक माध्यम से मोबाइल और इन्टरनेट का उपयोग कर आपकी जानकारी इकट्ठी कर पैसों आदि की लूट की जा रही है। भारत के विभिन्न शहरों में साइबर पुलिस ने पिछले मामलों में यह देखा है कि ऑनलाइन शौपिंग, लकी ड्रा, ओएलएक्स, क्रेडिट/डेबिट कार्ड, इन्टरनेट बैंकिंग, एवं अन्य प्रलोभनों का झांसा देकर जनता में जानकारी के आभाव का फायदा उठाया जा रहा है। इन अपराधियों के झांसे में आने वाले लोगों को विभिन्न माध्यमों से ठगा गया है।

रायपुर पुलिस ने ऐसे मामलों पर गंभीरता से विचार किया एवं विभिन्न अवसरों पर जन-जागरूकता अभियान चलाये हैं। साइबर सिक्यूरिटी के प्रति राजधानी के लोगों विशेषकर युवाओं को जागरूक करने के लिए रायपुर पुलिस ने अब जिले में मिशन इ-रक्षा अभियान शुरू किया है।

#### क्या है इ-रक्षा अभियान और कैसा रहा आयोजन

रायपुर पुलिस ने इस प्रकार के जन-जागरूकता अभियानों को लेकर पहले भी सुर्खियाँ बटोरी हैं, इस अभियान के दौरान भी ऐसा ही नज़ारा देखने को मिला जहाँ सुबह 10 बजे से मेकाहारा ऑडिटोरियम में 120 स्कूलों से आये 400 विद्यार्थियों का ताँता लगा रहा, सारे विधार्थी यहाँ आयोजित रायपुर पुलिस के साइबर क्विज कांटेस्ट में भाग लेने को उत्सुक नज़र आये। इन सभी विद्यार्थियों में 350 प्रमुख विद्यार्थी इस क्विज में सफल रहे जिनमें से प्रथम 3 विद्यार्थियों को शाम को माननीय मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल द्वारा पुरस्कृत किया गया। जिसमें प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले को 10 हज़ार रूपए की धनराशि, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले को 7.5 हजार की धनराशि एवं तृतीय स्थान पर रहे व्यक्ति को 5 हजार की धनराशि प्रदान की गयी। प्रथम 30 टीमों को इस प्रोत्साहन स्वरुप पेनड्राइव एवं पॉवरबैंक प्रदान कर रायपुर पुलिस ने उनका मनोबल बढाया है।

#### साइबर सेक्यूरिटी के बारे जानकारी देना लक्ष्य

रायपुर पुलिस के एसएसपी आरिफ शेख ने बताया कि इस प्रकार की क्विज के आयोजन का प्रमुख उद्देश्य हर वर्ग तक साइबर सेक्यूरिटी के बारे में जानकारी पहुँचाना है, इस अवसर पर रायपुर के कलेक्टर डा. एस. भारती दासन जी भी विशिष्ट अतिथि के रूप। में उपस्थित रहे जिन्होंने युवाओं का मनोबल बढ़ाने के साथ ही साइबर सिक्यूरिटी के प्रति लोगों को जागरूक करने के इस कदम की सराहना की। इस अवसर पर एएसपी सिटी प्रफुल्ल ठाकुर, एएसपी ट्रैफिक एमआर मंडावी, एएसपी क्राइम पंकज चंद्रा, एएसपी रूरल तारकेश्वर पटेल, एएसपी आईयूसीडब्लू अमृता सोरी समेत रायपुर पुलिस के आला अधिकारी उपस्थित रहे। इस आयोजन में एनआईटी रायपुर का इंटरैक्ट क्लब नॉलेज पार्टनर रहा।



# धमतरी लव जिहाद कांड : आरोपी के विरुद्ध चौंकाने वाला ऑडियो ! सखी सेंटर में होता है गैर कानूनी काम

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



धमतरी लव जिहाद कांड में एक चौंकाने वाला ऑडियो मिला है। इस आडियो टेप से साफजाहिर हो रहा है कि, आरोपी इब्राहिम खान मौजूदा समय में नमाज पढ़ने जाता है ! उल्लेखनीय है कि, इब्राहिम खान ने 25 फ़रवरी 2018 को आर्य समाज में खुद के हिन्दू धर्म अपनाने का दावा कर अंजली जैन से कथित विवाह किया था । जबकि आर्य समाज के नियमानुसार जैन लड़की का विवाह मुस्लिम लड़के से नहीं हो सकता ।

लड़की के पिता अशोक जैन ने दावा किया है कि इब्राहिम खान मुस्लिम होने के अलावा पहले से शादीशुदा और जिसका तलाक भी नहीं हुआ । इसी वजह से अभी तक उनके विवाह को किसी भी अदालत ने मान्य नहीं किया है । अंजली को न्यायलय से अपने माता-पिता के यहां रहने की इजाजत मिली थी । लेकिन मौजूदा समय में मानसिक रूप से अस्वस्थ होने के बावजूद उसे विगत 7 महीनों से रायपुर के सखी सेंटर में बिना किसी इलाज के गैर क़ानूनी ढंग से रखा गया है ! इस सखी सेंटर के अधीक्षक राजनीतिक दबाव में अशोक पाण्डेय गैर क़ानूनी कामों में संलिप्त है । आरोपी इब्राहिम खान के पक्ष में 14 अक्टूबर को पत्रकार वार्ता लेने वाली आप पार्टी की नेता और वकील प्रियंका शुक्ला ने पत्रकारों के सामने दावा किया था कि, इब्राहिम खान ने 25 फ़रवरी 2018 को हिन्दू धर्म अपनाकर शादी की है, उसे मुस्लिम बताने वाली बात अफ़वाह है ! दरअसल रायपुर प्रेस क्लब में एक पत्रकार ने इब्राहिम खान के मुस्लिम होने पर प्रश्न किया था ! लेकिन राष्ट्रबोध के पास उपलब्ध आडियो से निकली जानकारी ठीक इसके उलट है !

इस आडियो को उपलब्ध कराने वाले अंजली के चाचा राजेंद्र जैन का दावा है कि, इसे उन्होंने सुचना के अधिकार से प्राप्त किया है ! जिसमें अंजलि जैन और इब्राहिम खान के वकील मोइनुद्दीन कुरैशी के बीच बातचीत हो रही है। राजेंद्र जैन ने को यह भी बताया कि,सखी सेंटर के नियमानुसार पहले बातचीत की रिकॉर्डिंग रखी जाती थी । इसलिए यह आडियो टेप उन्हें प्राप्त हो गया ! जबकि अब रायपुर के सखी सेंटर में अंजली जैन के पास नियम विरुद्ध मोबाइल और बाहर का खाना उपलब्ध करवाया जाता है । इतना ही नहीं अब तो सखी सेंटर में शाम 5 बजे के बाद भी अंजली जैन की मुलाकात बाहरी लोगों से मुलाकात करवाई जाती है ! राजेंद्र जैन का दावा है कि, इस आडियो से साफ जाहिर होता है किस तरह कानून का मजाक उड़ाकर सारे गैर क़ानूनी काम सखी सेंटर के माध्यम से हो रहे हैं । जहां मानसिक रूप से अस्वस्थ मेरी भतीजी अंजली जैन को बिना इलाज के बहला फुसलाकर रखा गया है ।

पूर्व मंत्री बदरूद्दीन कुरैशी के भतीजे मोईनुद्दीन कुरैशी के ऐसे कई और भी ऑडियो टेप उपलब्ध है ! एक ऑडियो में तो वह धमतरी के डीएसपी से रात को सखी सेंटर से बात करता सुनाई पड़ रहा है । इन ऑडियो में कई बेहद आपत्तिजनक बातें भी शामिल है । उल्लेखनीय है कि, धमतरी निवासी डीजे संचालक इब्राहिम खान और अंजली जैन ने 25 फ़रवरी, 2018 को रायपुर में आर्य समाज मंदिर में शादी की थी, लेकिन लड़की के परिजनों ने मुस्लिम लड़के को पहले से विवाहित और बाल-बच्चे वाला बताकर लड़की को अपने संरक्षण में ले लिया। धमतरी के कोतवाली थाना अंतर्गत लव जिहाद के इस मामले में हिन्दू धर्म सेना थाने के घेराव से लेकर सड़कों पर अनेक बार प्रदर्शन किए गए । जिसके बाद आरोपी इब्राहिम खान को गिरफ्तार कर 2 महीने तक जेल भेजा गया । लेकिन 60 दिनों के भीतर पुलिस द्वारा चालान पेश नहीं किए जाने पर

### 46वीं जवाहर लाल नेहरु राष्ट्रीय विज्ञान, गणित एवं पर्यावरण प्रदर्शनी

## कमरे का तापमान नियंत्रण, उन्नत कृषि कार्य और जल शुद्धिकरण के मॉडल से समस्याओं का होगा समाधान

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



46वीं जवाहर लाल नेहरु राष्ट्रीय विज्ञान, गणित एवं पर्यावरण प्रदर्शनी में देश के 27 प्रदेशों के बाल वैज्ञानिक द्वारा प्रदर्शित विज्ञान के मॉडलों को देखने के लिए छात्रों में अच्छा उत्साह देखने को मिल रहा है। राष्ट्रीय बाल विज्ञान प्रदर्शनी में बिलासपुर जिले की शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक शाला के विद्यार्थियों द्वारा ग्रीन शील्ड, अटल कृषि मित्र और मैकेनिकल स्मार्ट बायो टॉलेट के मॉडल के माध्यम से कृषि के सभी कार्य करने, कमरे का तापमान नियंत्रित करने और बायो टॉलेट में अशुद्ध जल को शुद्ध कर पुनः उसका उपयोग करने के समाधान सुझाये गए हैं। इन तीनों मॉडलों का चयन नीति आयोग द्वारा 15 हजार प्रोजेक्टों में से किया गया है। रूस की राजधानी मास्कों के सोच्ची सीरियस सेंटर में 24 नवम्बर से 5 दिसम्बर तक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। इसमें देश के 25 विद्यार्थी और 5 शिक्षक का दल भेजा जाएगा। इनका चयन नीति आयोग द्वारा चयनित मॉडलों में से ही किया जाएगा।

ग्रीन शील्ड मॉडल में ऐसी टेक्नोलाजी विकसित की गई है, जिसमें अनुपयोगी प्लास्टिक का उपयोग कर कमरे के तापमान को नियंत्रित किया जाता है। इसमें प्लास्टिक का स्वभाविक पुनः उपयोग हो जाता है और पर्यावरण को नुकसान पहुंचाए बिना घर का तापमान नियंत्रित हो जाता है।

### मेहर समाज के जाति प्रमाण पत्र का अतिशीघ्र निराकरण हों : देवेन्द्र

**रायपुर ।** छत्तीसगढ़ राज्य को बने उन्नीस बरस बीतने जा रहें हैं! लेकिन यहां के मूल निवासी छत्तीसगढ़ मेहर समाज 222 के लोगों का आज भी जाति प्रमाण पत्र नहीं बन पा रहा है। यही कारण है कि आजादी के 72 साल बाद भी अनुसूचित जाति के अंतर्गत आने वाले छत्तीसगढ़िया मेहर समाज जाति प्रमाण पत्र के अभाव में आज भी आरक्षण के लाभ से कोसों दूर है। आजादी के बाद सरकार द्वारा अनुसूचित जाति, जनजाति व पिछड़े वर्ग के लोगों का जीवन स्तर उठाने, जातिगत भेद-भाव से ऊपर समानता का अधिकार दिलाने समाज के शोषित व पिछड़ों को विकास की मुख्य धारा में लाने हेतु आरक्षण का संवैधानिक अधिकार दिया गया है परन्तु जाति प्रमाण पत्र बनाने में आने वाली अनेक विसंगतियों का उचित समाधान नहीं होने के कारण लोगों के जीवन में आज भी बदलाव नहीं आया है यही कारण है कि आरक्षित वर्ग के अनुसूचित जाति में आने वाली मेहर जाति के लोग शिक्षा, रोजगार एवं सामाजिक,आर्थिक रूप से आज भी पिछड़े हुए हैं! सरकार बदलते रहे हैं लेकिन मेहर समाज की दशा और दिशा नहीं बदली!युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रवक्ता। देवेन्द्र लहरी ने बताया 1 नवम्बर 1956 में जब मध्यप्रदेश राज्य बना तब 42-43 जातियों को अनुसूचित जाति की श्रेणी में रखा गया।

## आरपीएफ ने बस्तीवासियों को पत्थरबाजी के नुकसान से कराया अवगत, दी ये हिदायत

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट भिलाई की ओर से सेक्शन में होने वाली घटनाओं से आमजन को बचाने के लिए आस-पास की बस्तियों में पहुंचकर लोगों को जागरुक किया गया। बुधवार को रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट भिलाई के अधिकारियों व सदस्यों ने सेक्शन में होने वाली कैटल रन ओवर और पत्थरबाजी के संबंध में रेलवे ट्रैक के किनारे बसे हुए एचएससीएल कॉलोनी खुर्सीपार वार्ड नंबर 38 और अटल आवास भिलाई-3 वार्ड नंबर 13 में निवासरत लोगों को समझाइश दी। साथ ही घटना से होने वाले नुकसान के संबंध में अवगत कराया गया। रेलवे ट्रैक से दूर रहने और बच्चों व पशु को भी दूर रखने की हिदायत दी गई। बस्तीवासियों ने आश्वासन दिया कि वे नियमों का पालन करेंगे। इसी तरह रेल सुरक्षा बल पोस्ट सेटलमेंट की बाहरी चौकी मंदिर हसौद के अधिकारी व कर्मचारियों ने182 का प्रचार प्रसार किया। कैटल रन ओवर और मेन रन ओवर से संबंधित ड्राइव की।

### संस्कृति ज्वेलर्स में संस्कृति फेस्टिवल धमाका का शुभारंभ

**रायपुर।** सिटी कोतवाली कालीबाली रोड स्थित संस्कृति ज्वेलर्स में फेस्टिवल धमाका प्रारंभ किया गया है। संस्था के संचालक प्रतीक अग्रवाल ने बताया कि इस साल त्यौहारों में न्यू वैराईटी के कलेक्शन हमारे यहां उपलब्ध है। हमारे यहां 10,000 से खरीदी पर पाये निश्चित उपहार (स्क्रेच कूपन) एवं मेगा ड्रा का कूपन (स्कीम ए निश्चित उपहार में) सिल्वर कॉइन, सिल्वर प्लेट, सिल्वर ट्रे, एवं कप, स्मार्ट फोन, ब्लूटूथ, हैडफोन, पॉवर बैंक,ट्राली, आयरन, टी सेट टोस्टर, सेडवीच मेकर, एवं (मेगा ड्रॉ कूपन) कार, एक्टिवा, टीवीएस पैप पल्स, डायमंड रिंग, डायमण पेन्डींग सेट, स्मार्ट टीवी, एलसीडी, आई फोन, फ्रिज, लैपटॉप, वाशिंग मशीन, माईक्रा ओवन, इन्डक्शन कूकर, इन्डक्शन चूल्हा मिलेगा। प्रतिग्राम गोल्ड पर मेकिंग चार्जेस (प्लेट 199), प्रत्येक डायमंड के आभूषणों पर मेकिंग (चार्जेस फ्री), रविवार शोरूम खुला रहेगा व वॉलेट पार्किंग की भी सुविधा है।



## टीम कैशलेस अभियान को पीयूष गोयल और एमएस धोनी ने किया लॉन्च

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

कैट के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अमर परवानी, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष मगेलाल मालू, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, प्रदेश महामंत्री जितेंद्र दोशी, प्रदेश कार्यकारी महामंत्री परमानंद जैन, प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल एवं प्रदेश प्रवक्ता राजकुमार राठी ने बताया कि मास्टरकार्ड इंडिया और कॉन्फेडरेशन ऑफऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट ) के केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, पूर्व भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान एमएस धोनी, कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल और मास्टरकार्ड के दक्षिण पूर्व एशिया के सह अध्यक्ष आरी सरकार द्वारा गुरुवार को नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में एक 'टीम कैशलेस अभियान' शुरू किया, जो व्यापारियों और उपभोक्ताओं के बीच डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने के लिए पूरे देश में मास्टरकार्ड और कैट द्वारा एक साथ चलता जाएगा।


कैट और मास्टरकार्ड दोनों की पहल की सराहना करते हुए, पीयूष गोयल ने सशक्त रूप से भारत के सभी प्रमुख संगठनों और कॉरपोरेट्स को सुझाव दिया है, जो कैट जैसे संगठनों के साथ डिजिटल भुगतान समाधान में भागीदार बने जो कैशलेस और डिजिटल में तेजी से विकास के लिए एक सहयोगी व्यवस्था बनाने के लिए काम करें । उन्होंने कहा कि व्यापारियों को शिक्षित करने और जागरूक करने और उन्हें अपने मौजूदा व्यवसाय प्रारूप में डिजिटल भुगतानों को अपनाने और उपयोग के लिए प्रोत्साहित करने की बहुत आवश्यकता है क्योंकि डिजिटल भुगतान का अंतिम लाभ व्यापारियों पर निहित है, क्योंकि यह उपभोक्ताओं के लिए एकमात्र कनेक्टिंग पॉइंट है।

## नियमित जलापूर्ति की स्मार्ट व्यवस्था बनाने में जुटा रायपुर स्मार्ट सिटी, शुरू की कार्यवाही

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने अपने क्षेत्र में जलापूर्ति की 24 घंटे अबाधित व्यवस्था सुनिश्चित करने की नई योजना का प्रस्ताव तैयार कर निविदा की प्रक्रिया शुरू की है। यह योजना रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के एबीडी एरिया व मोतीबाग, गंज मंडी के कमांड एरिया में शुरू किए जाने की योजना है। एमडी शिव अनंत तायल ने बेहतर जल आपूर्ति हेतु स्मार्ट नेटवर्क तैयार करने इस योजना को तेजी से पूरा करने के निर्देश अपने अधिकारियों को दिए हैं।

रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के महाप्रबंधक तकनीकी एसके सुंदरानी के अनुसार अबाधित जलापूर्ति की स्मार्ट व्यवस्था के तहत जल आपूर्ति सुनिश्चित करने रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने यह योजना बनाई है। इस योजना के तहत 73.64 करोड़ की लागत से एबीडी एरिया, 5.1 एमएलडी मोतीबाग व 3.4 एमएलडी गंज के कमांड एरिया में निर्बाध जल आपूर्ति होगी। ज्ञात हो कि विश्व के अधिकांश विकसित शहरों में अबाधित जलापूर्ति की व्यवस्था है। इस व्यवस्था से जलजनित रोगों को रोका जा सकेगा। अब रायपुर में भी जल आपूर्ति की विश्वस्तरीय व्यवस्था की शुरूआत होगी।



इस योजना के पूरा होने से 164 किलोमीटर परियोजना क्षेत्र में सभी 7 दिन साल भर 24 घंटे जलापूर्ति संभव होगा। इस व्यवस्था के तहत स्मार्ट मीटर लगाकर ऑटोमेटिक बिलिंग के सॉफ्टवेयर सिस्टम लगने से राजस्व वसूली का शत-प्रतिशत लक्ष्य भी पूरा होगा। इस व्यवस्था से वैध कनेक्शन भी शत-प्रतिशत हो सकेगा। उन्होंने आगे बताया कि इस योजना को 18 माह में पूरा किया जाएगा और संबंधित एजेंसी को 5 वर्षों तक इसका आपरेशन मेंटेनेंस करना होगा। इसके लिए निविदा की प्रक्रिया भी शुरू की जा चुकी है। इस प्रणाली से पानी के दुरुपयोग और नुकसान को रोका जा सकेगा । एक अध्ययन के अनुसार 24ग7 वाटर सप्लाई से पानी की खपत में 30 प्रतिशत कम होगी।

### बलदेव फर्नीचर में त्यौहारों के उपलक्ष्य में फर्नीचर की विशाल रेंज

**रायपुर।** दीपावली को ध्यान में रखते हुए बलदेव फर्नीचर द्वारा इंडियन एवं इम्पोर्टेड फर्नीचर की नई रेंज प्रस्तुत की गई है। संचालक जसविंदर सिंह द्वारा बताया गया कि हमने बाजार में ग्राहकों की पसंद का ध्यान रखते हुए नये-नये डिजाइनों के बेड रूम सेट सोफा सेट, डायनिंग सेट, आफिस फर्नीचर, रिवालिविंग चेयर, स्टील एवं उडन फर्नीचर, की विस्तृत रेंज उपलब्ध कराई गई है। जो कि काफी आकर्षक, मजबूत एवं आपके बजट के अनुरूप हैं, संचालक ने जानकारी देते हुए बताया कि हम लगभग 37 वर्षो से फर्नीचर व्यवसाय से जुड़े है। हमारे यहां आफिस फर्नीचर में लेटेस्ट एवं मजबूत ऑफिस टेबल, एक्सक्युटिव चेयर,, अलमारी, रेक्स आदि उपलब्ध है। नेट वाली रिवालविंग, चेयर (जो कि आराम के साथ-साथ बैंक को अच्छा सपोर्ट करती है।) उपलब्ध है आपके आफिस के अनुरूप माडुलर ऑफिस एवं कॉर्पोरेट ऑफिस फर्नीचर भी अलग-अलग डिजाईन में उपलब्ध है, माडुलर स्टोरेज, माडुलर क्राफ्रेंस टेबल, माडुलर पाटीशन, उपलब्ध है, स्कूल, कालेज के फर्नीचर सभी रेंज व जगह के अनुरूप उपलब्ध है।



### गौठान दिवस मनाये जाने के संबंध में राज्य शासन ने सभी कलेक्टरों को जारी किए निर्देश

## छत्तीसगढ़ में गोवर्धन पूजा के दिन मनाया जाएगा 'गौठान दिवस'

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ राज्य में दीपावली त्यौहार के पश्चात गोवर्धन पूजा की मान्यता तथा परम्परा है। राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी सुराजी गांव योजना के अंतर्गत निर्मित गौठानों में गोवर्धन पूजा के दिन गौठान दिवस मनाया जाएगा। राज्य सरकार के कृषि विकास एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा सुराजी गांव योजना के तहत गोवर्धन पूजा के दिन गौठान दिवस मनाए जाने के संबंध में प्रदेश के सभी कलेक्टरों और मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। जारी निर्देश के अनुसार सुराजी गांव योजना के तहत चयनित गांवों में गौठान निर्मित किए गए हैं, जहां गौवंश प्रतिदिन आते है। गोवर्धन पूजा के दिन उन गौठानों में गौठान दिवस मनाने का निर्णय राज्य शासन द्वारा लिया गया है। कार्यक्रम में परम्परागत पूजा-अर्जना की जाएगी। इसके अतिरिक्त गौठान दिवस के पूर्व गौठान सेवा समिति का गठन सुनिश्चित करने और गौठान सेवा समिति को औपचारिक रूप से कार्यभार गौठान दिवस में सौंपे जाने के संबंध में निर्देश दिए गए हैं।

गौठान समिति के बैंकों में तत्काल खाता खुलवाने के निर्देश दिए गए हैं ताकि नवम्बर माह से इन खातों में आबंटन उपलब्ध कराने की प्रक्रिया स्थापित हो सके। जिलों के सभी गौठान सेवा समिति के सदस्यों के नाम और खातों की जानकारी 10 नवम्बर तक संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। यदि नवीन गौठान चयनित और स्वीकृत हों तो उनका भूमि-पूजन भी पंचायत एवं ग्राम के समक्ष गौठान दिवस पर कराया जाएगा।

महिला स्व-सहायता समूहों को जो गौठान में कार्य करते हैं और जो भविष्य में गौठान सेवा समिति के साथ गौठान कार्यों का संपादन करेंगे, इन सभी स्व-सहायता समूहों की सहभागिता भी गौठान दिवस के कार्यक्रम में सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

### पिस्टल की खरीदी-बिक्री मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** राजधानी रायपुर की आजाद चौक पुलिस ने अवैध तरीके से कट्टा और पिस्टल की खरीदी-बिक्री के मामले में तीन आरोपियों को रंगे हाथों धर दबोचा है. बदमाशों के पास से 1 पिस्टल और 2 जिंदा कारतूस बरामद किया है। आरोपियों के खिलाफ आजाद चौक थाना में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपियों के नाम गुरूजोत सिंह निवासी भल्ला डोरमेट्री पास रेलवे स्टेशन रोड गंज का निवासी है। दूसरा आरोपी शेख शाहरूख पिता शेख सत्तार उम्र 28 साल निवासी चूना भट्ठी गंज निवासी है। वहीं तीसरा आरोपी शेख कासिम चूना भट्ठी गंज रायपुर निवासी है। आरोपी गुरूजोत सिंह और शेख शाहरूख इन दोनों के खिलाफ रायपुर के अलग-अलग थानों में 02 दर्जन से अधिक आपराधिक मामले पंजीबद्ध हैं।

## त्योहारी भीड़ के दबाव के चलते यातायात अमला परेशान

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



■ पुलिस बल में कमी के चलते जाम की स्थिति होती है निर्मित

प्रमुख त्योहारों के समय रोजाना का यातायात अन्य दिनों की तुलना में शहर के मुख्य बाजारों में चौक चौराहों में बढ़ने के चलते यातायात पुलिस के जवानों को यातायात व्यवस्था संभालने में अच्छी खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। सामाजिक कार्यकर्ता महेंद्र गिरी गोस्वामी ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस बल में वर्षों से नई भर्ती नहीं हुई है। कम संख्या में उपलब्ध बल से ही त्योहारी भीड़ को उच्चाधिकारियों के निर्देश पर पुलिस प्रशासन के जवान आए दिन संभालते रहते हैं। ज्ञातव्य है कि दीपावली का त्योहार देश के प्रमुख पर्वों में से एक है। राजधानी होने के कारण शहर में आसपास के जिलों से भी लोग गोल बाजार, सदर बाजार, मालवीय रोड, शारदा चौक, एमजी रोड, फाफाडीह चौक, शास्त्री चौक, पुरानी बस्ती, लाखेनगर चौक सहित अन्य व्यस्ततम इलाकों में खरीददारी करने के लिए आते हैं। आबादी का रकबा बढ़ने के साथ ही जवानों की भर्ती में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा पुलिस बल में पर्याप्त संख्या में जवानों की नियुक्ति नहीं होने के कारण यातायात अमले को प्रमुख पर्वों में यातायात संभालने में विशेषकर जाम की स्थिति में अच्छी खासी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। महेंद्र गिरी गोस्वामी ने मुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री से प्रदेश के प्रमुख जिलों में त्योहारी भीड़ को संभालने बाबत पुलिस बल में पर्याप्त वृद्धि करने की मांग की है। साथ ही उन्होंने दीपावली जैसे त्योहार पर चोरी आदि की घटना भीड़ में घटने पर चिंता व्यक्त करते हुए पुलिस प्रशासन के पुलिस बलों में कार्यरत जवानों द्वारा ध्यान नहीं दिए जाने पर इसे लापरवाही मानने से इंकार किया है।

# आमचो बस्तर ने मनाया नवाखाई पर्व



पायनियर संवाददाता < बचेली
www.dailypioneer.com

अम्बेडकर भवन बचेली में मध्य बस्तर की सामाजिक संगठन आमचो बस्तर ने नवाखाई का पर्व बड़े ही हर्सोल्लास से मनाया । समाज प्रमुखों की उपस्थिति में आमचो बस्तर परिवार के पुजारी ने माटी पूजा कर प्रकृति शक्ति को नया चावल और चिवड़ा गुड़ का भोग चढ़ा पूजा अर्चना कर समाज मे खुशहाली के लिये अर्जी बिनती की ।

कार्यक्रम का आरंभ समाज प्रमुखों को सम्मानित कर किया गया । पुरषों के लिये पारंपरिक पगड़ी रश्म अदायगी वही महिला प्रमुखों को शाल पहना कर हल्दी चावल का टीका लगाकर आशीर्वाद लिया गया । समाज के लोगो ने माँ दंतेश्वरी और बस्तर के जननायक शहीद गुण्डाधुर को श्रद्धा सुमन अर्पित कर नवाखाई पर समाज के उत्तरोत्तर उन्नति की कामना की ! तद्पश्चात बच्चों और महिलाओं ने नवाखाई पर्व पर आकर्षक रंगारंग प्रस्तुति देकर तालियां भी बटोरी ।

विशेष अतिथि के तौर पर पधारे अनुसूचित जाति जनजाति कल्याण समिति के सुनील कर्मा ने अपने उदबोधन में कहा पश्चिमी सभ्यता के बढ़ते प्रभाव की वजह से आज लोग अपने पारंपरिक त्योहारों को भूलते जा रहे है वही इस तरह के सामूहिक आयोजन से लोगो मे जहां आपसी भाईचारा बढ़ता है वही नई पीढ़ी को अपने सांस्कृतिक विरासत के बारे में ज्ञान भी मिलता है। मिट्टी जो हमे अनाज देती है मिट्टी से ही जीवन का अस्तित्व है। समाज द्वारा अपने हर पर्व पर माटी पूजा की परंपरा वाकई हमे एक नई पहचान देती है।

इस अवसर पर चंद्रजीत नाग ,दया राम नाग, डमरू नाग , बंशी कश्यप, सुखलाल नेताम, रंजीत नागेश ,सीताराम, मोहन , गणपति सेठिया, पुरन जायसवाल, तुला राम , नरेन्द्र कश्यप , प्रदीप कुमार , शंकर नेताम , कमलेश राउड , दिलीप नाग , मोहन नायक,ललित पुजारी , झुमुकलाल सहित बड़ी संख्या में आमचो बस्तर परिवार ने इस आयोजन में हिस्सा ले कर भोग प्रसाद ग्रहण किया।

## पार्षद फ़िरोज़ ने राशन कार्ड बनाने के लिए सहायता शिविर का आयोजन किया




बचेली के वार्ड क्रमांक 13 प्रख्यात और जुझारू पार्षद फ़िरोज़ नवाब ने बचेली नगर वासियों के लिए अपने कांग्रेसी साथियो के साथ मिलकर राशन कार्ड बनाने के लिए सहायता शिविर लगा कर लोगों की सहायता की। इस कार्य मैं वार्ड नम्बर 15 की पार्षद अनुसूइया भोपले और हनिशा जी , किरण जायसवाल और अभिलाष ने बढ़चढ़ कर लोगो के फार्म भरकर और लोगों को जानकारी देकर लोगों की सहायता के सहभागी बने गौरतलब है कि फिरोज नवाब बचेली के समाजसेवी के नाम जाने जाते है। रक्तदान की आवश्यता हो,किसी घायल को अस्पताल पहुंचाना हो, एम्बुलेंस की सेवा हो, कोई भी सामाजिक कार्य हो लोग फ़िरोज़ नवाब से संपर्क करते नजर आते है। इन सब वजहों से पूरे बचेली में फ़िरोज़ नवाब काफी लोकप्रिय हैं।

# 165 एकड़ कृषि भूमि में होगी बारहमासी सिंचाई



पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

■ पौधो के रख-रखाव करने पर ग्रामीणों को मिलेगी राशिः प्रति ग्रामीण कमा सकते है 3 हजार रुपये

कलेक्टर नीलकंठ टीकाम द्वारा एफआरए क्लस्टर ग्राम चारगांव में मेगा प्रोजेक्ट के तहत चल रहे निर्माण कार्यो का विगत् 16 अक्टूबर को निरीक्षण-भ्रमण किया गया। ज्ञात हो कि विकासखण्ड कोण्डागांव के जनजातीय दुर्गम चारगांव में वृहत्तर कार्ययोजना का औपचारिक शुभारंभ हुए एक वर्ष हो चुका है। इस एक वर्ष के भीतर इस गांव में कृषि सहित उद्यानिकी, क्रेडा, पशुधन, मात्स्यकी विभागों की संयुक्त योजनाओं के ठोस क्रियान्वयन का प्रभाव इस गांव में परिलक्षित हो रहा है। इस मौके पर कलेक्टर ने ग्रामीणों से रुबरु होते हुए कहा कि एक साल के भीतर हमने एक सार्थक प्रयास के साथ चारगांव एवं मयूरडोंगर के आर्थिक एवं सामाजिक विकास की नींव रख दी है। अब उसे निरंतर जारी रखने का दायित्व विभागों के साथ-साथ ग्रामीणों पर भी है, चुंकि विकास एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है अतः ग्राम विकास को प्राथमिकता देते हुए ग्रामीण एकजुटता के साथ अधिकाधिक भागीदारी करे। अपने गांव को इस प्रकार सुविकसित बनाये कि यह गांव अपने आस-पास के गांव के लिए अनुकरणीय उदाहरण बने। इसके साथ ही उन्होंने सुपोषण अभियान पर चर्चा करते हुए कहा कि जिले के समस्त क्लस्टर ग्रामों में सुपोषण अभियान का संचालन विशेष रुप से होना चाहिए क्योंकि ये गांव पूरे जिले के रोल-मॉडल गांव है। उन्होंने उपस्थित महिलाओं से आग्रह किया कि 11 ग्राम से कम हीमोग्लोबिन वाली महिलाऐं आंगनबाड़ी केन्द्र, पंचायत भवन में नियमित जाकर पौष्टिक खान-पान करे ताकि जल्द से जल्द चारगांव को कुपोषण मुक्त गांव घोषित किया जा सके। इसके साथ ही उन्होंने उपस्थित आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओ एवं मितानिनो से सुपोषण अभियान के तहत किए जा रहे प्रयासों की जानकारी ली। कलेक्टर द्वारा इस दौरान क्षेत्र के 165 एकड़ कृषि भूमि में बारहमासी सिंचाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए नारंगी नदी में बनाये जा रहे स्टॉप डेम सह पुलिया निर्माण के कार्यो को देखकर आवश्यक निर्देश दिया गया। ज्ञातव्य है कि इस स्टाप डेम के माध्यम से वर्षा के बाद शुष्क मौसम में विद्युत पंप के माध्यम से ही कृषको के 165 एकड़ भूमि को सिंचित करने की कार्ययोजना बनाई जा रही है ताकि वर्षभर क्षेत्र के किसानो को सिंचाई की सुविधा मिले। इस मौके पर अनुविभागीय अधिकारी वन ने बताया कि हरियाली प्रसार योजना के तहत ग्रामीणों को उन्नत किस्म के आम, नीबू, जामून, ईमली, मुनगा, शिशु, अशोक, कटहल, सीताफ्ल, दालचीनी, नीलगिरी पौधे प्रदाय किए गए है।

# दारू पी और गाड़ी चलाई, पकड़ा गया

पायनियर संवाददाता < बीजापुर
www.dailypioneer.com

## दस हजार रूपए तक हो सकता है जुर्माना



ट्रैफिक पुलिस ने यहां एसपी कार्यालय के समीप एनएच पर गीदम की ओर से आ रही एक वाहन के चालक को मंगलवार की शाम करीब साढ़े पांच बजे शराब के नशे में पाया। उसे अदालत में पेश किया जा रहा है, जहां उस पर दस हजार रूपए तक का अर्थदण्ड लग सकता है। इंस्पेक्टर यातायात प्रभारी अनथ राम पैंकरा ने बताया कि मंगलवार को करीब साठ वाहनों की चेकिंग की गई। गीदम की ओर से सवारी को लेकर आ रही एक तूफान गाड़ी के ड्राइवर चमूरू कुड़ियम निवासी शांतिनगर की जांच की गई तो उसे शराब के नशे में पाया गया।

गाड़ी को सुरक्षार्थ यातायात कार्यालय परिसर में रखा गया है। आरोपी के पास गाड़ी के रजिस्ट्रेशन के कागजात भी नहीं थे। आरोपी को अदालत में पेश किया जाएगा। उसके खिलाफ एमवी एक्ट की धारा 185, 39 एवं 192 के तहत मामला कायम किया गया है। पहले से ही पुलिस वाहनों की जांच कर रही है। नए नियम बनने के बाद इसमें तेजी लाई गई है। लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इंस्पेक्टर अनथ राम पैंकरा ने बताया कि लोगों के यातायात के नियमों के बारे में बताया जा रहा है और सुरक्षा के लिए हेलमेट पहनने की सलाह दी जा रही है।

## बस्तर में तेजी से फैल रहे एड्स के खतरनाक विषाणु

**जगदलपुर।** शहरी संस्कृति और यहां पर विकास की तीव्र गति से चलने वाली योजनाओं से एचआईवी का लगातार खतरा बढ़ रहा है और यदि इसे नहीं रोका गया तो बस्तर में यह बीमारी संक्रामक रोग बन सकती है। इस संबंध में यह भी विशेष तथ्य है कि 10 वर्ष पूर्व कुछ और स्थिति थी और एचआईवी की स्थिति और अधिक बढ़ी है। कई एचआईवी पीड़ित तो अपना उपचार कराने अस्पताल तक नहीं पहुंचते हैं।


# अध्यक्ष निधि से 10 नल लगाया मिलेगा 70 परिवार को फायदा

पायनियर संवाददाता < किरंदुल
www.dailypioneer.com

वार्ड क्रमांक 6 नेपाली पारा में बुधवार नगर पालिका अध्यक्ष अनिल राजी अपने अध्यक्ष निधि से 10 सार्वजनिक नल लगाया। इस दौरान जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि नेपाली पारा में विगत कई महीनों से पानी की किल्लत हो रही थी लोगों की परेशानी देखते हुए अध्यक्ष निधि से 4 लाख 80 हजार रुपया खर्च करके सार्वजनिक नल का व्यवस्था किया। वार्ड पार्षद महेश्वरी सोनी वार्ड निवासी रेखा कुंती कुंजाम नागमणि संगीता ने बताया वार्डों के विभिन्न जगह नल लगने से लगभग 70 परिवार को इसका लाभ मिलेगा।



श्री बालाजी ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स
मध्य भारत का सबसे बड़ा 1050 बिस्तरो वाला निजी अस्पताल समूह
लेकर आए है...
SENIOR CITIZENS के लिए
50%* की छुट
→ ओ.पी.डी
→ सारे जांच पर
→ आईसीयू
→ बेड चार्ज एवं हॉस्पिटल बिल




दुबे कॉलोनी, मोवा, रायपुर फोन : 9926191294,9340098466, 7694016801
सिद्धार्थ चौक, टिकरापारा, रायपुर (छ.ग.) फोन : 9826458338, 9522598108



अपनी माटी की महक बिखेर
दीवाली की खुशियां बांटने का अवसर...

मुख्यमंत्री की पाती...


प्रिय साथियों ,

माता कोशल्या की भूमि छत्तीसगढ़ में त्यौहारों का समय निकट है। दीपावली, गोवर्धन पूजा, गऊरा–गऊरी तथा भाई दूज जैसे त्यौहार हमारी समृद्ध संस्कृति का प्रतिक हैं। इन त्यौहारों को राज्य के सभी नागरिकों द्वारा अत्यंत उत्साह एवं उल्लास के साथ मनाया जाता है।

दीपावली के त्यौहार में सभी की यह कामना होती है कि उनके घरों में लक्ष्मी माता तथा सुख समृद्धि का वास हो। अनादि काल से हमारी "सर्वे भवन्तु सुखिनः" सिद्धांत पर आस्था रही है। अर्थात हमारी संस्कृति में अपने साथ ही सभी के सुखी रहने की प्रार्थना करने की परंपरा है।

इसी तारतम्य में मैं ये चाहूँगा कि आगामी त्यौहारों के समय में आप छत्तीसगढ़ के कुम्हारों हस्तशिल्पियों बुनकरों एवं अन्य कारीगरों द्वारा बनाये गए दीयों, वस्त्र, सजावट की वस्तुएं, उपहार एवं अन्य सामग्री का आधिकारिक क्रय करें। सरकार की ओर से भी हर संभव प्रयास किये जा रहे हैं कि हमारे कारीगर अधिक से अधिक वस्तुएं उत्पादित कर सकें। इसी कारण सरकार द्वारा 'पौनी पसारी' योजना को लागू किया है।

मुझे पूर्ण विश्वास है कि आप सभी राज्य के कारीगरों द्वारा निर्मित उत्पादों के क्रय के साथ ही अन्य सभी को भी इन वस्तुओं के क्रय हेतु प्रोत्साहित करेंगे। आपके इस छोटे से प्रयास से राज्य के लाखों लोगों के जीवन में दीपावली की खुशियाँ आ सकेंगी।



"तमसो मा ज्योतिर्गमय की भावना के अनुरूप आइए हम सब छत्तीसगढ़वासी सभी की खुशहाली की कामना के साथ एक दीप छत्तीसगढ़ महतारी को समर्पित करते हुए प्रज्ज्वलित करें"

जय हिन्द–जय छत्तीसगढ़

आपका अपना
भूपेश बघेल
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़ संवाद / आर.ओ. 23144

गढ़बो नवा छत्तीसगढ़

## क्विक न्यूज




### अंजोर रथ के माध्यम से जनता को किया जागरूक

**धमतरी।** पुलिस अधीक्षक बालाजी राव के निर्देशन में सदर बाजार धमतरी में अंजोर रथ के माध्यम से सायबर क्राइम चिटफण्ड, एटीएम फड फर्जी बैंक के काल, लैगिक अपराध पाक्सो एक्ट जेजे एक्ट बच्चों एवं महिलाओं से संबंधित अपराध के संबंध में एवं यातायात के नियमों का हमेशा पालन किये जाने एवं बिना लायसेंस के वाहन ना चलाने एवं हेलमेट पहनने के संबंध में पांपलेट बांटकर हेलमेट के फायदे के बारे में बताया जाकर उन्हें हेलमेट पहनने के लिए प्रोत्साहित किया गया। अंजोर रथ में चालक मनोज ध्रुव एवं आर महेश पटेल ने आम नागरिकों में जागरूकता संबंधी पांपलेट बांटकर प्रचार प्रसार किया गया।

### नगदी-सट्टा पट्टी सहित आरोपी गिरफ्तार

**धमतरी।** थाना सिटी कोतवाली धमतरी को मुखबिर से सूचना मिली की धमतरी के गणेश चौक में आरोपी द्वारा सट्टा पट्टी लिखा



जा रहा है के सूचना पर कोतवाली पुलिस टीम द्वारा दबिश देकर आरोपी रामदयाल उर्फ गोलू (28)पिता सगनु राम साकीन गणेश चौक धमतरी द्वारा सट्टा पट्टी लिखा गया दस्तावेज लगभग 20000 रूपये के एवं नगदी रकम 870 रुपये आरोपी के कब्जे से बरामद कर थाना सिटी कोतवाली में कार्यवाही की गई। पुलिस अधीक्षक बालाजी राव के निर्देशन में लगातार जुआ सट्टा अवैध शराब पर कार्यवाही की जा रही है। इस टीम में उप निरीक्षक मुकेश पटेल आरक्षक विवेक यदु आरक्षक रेखराम बंजारे की महत्वपूर्ण भूमिका रही ।

# आजीविका मिशन के तहत सभी निर्माण कार्यों की रिपोर्ट मांगी अभियंता से

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

कलेक्टर रजत बंसल ने जिला पंचायत धमतरी सभाकक्ष में रूर्बन मिशन राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन यबिहान स्वच्छ भारत मिशन यग्रामीण योजना के अंतर्गत हुए निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक ली। इस मौके पर कलेक्टर ने रूर्बन मिशन अंतर्गत स्वीकृत हुए स्टापडेम चेकडेम जो वर्तमान स्थिति में पूर्ण एवं प्रगतिरत है ऐसे सभी कार्यों का भौतिक निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने हेतु कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग को निर्देशित किया। मध्यान्ह भोजन में पोषण आहार के रूप में मशरूम को शामिल किये जाने के निर्देश इसके अलावा उन्होंने रूर्बन क्लस्टर रामपुर एवं लोहरसी में स्थित स्कूल शालाएं एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों के मध्यान्ह भोजन में पोषण आहार के रूप में मशरूम को शामिल किये जाने के निर्देश दिये। इसी तरह बाला कांसेप्ट को आवश्यकता अनुरूप सभी स्कूलों में लागू करने निर्देशित किया। प्रथम चरण में मुजगहनए खरतुली एवं देमार पंचायत में बाला कांसेप्ट को लागू करने हेतु जल्द से जल्द रूपरेखा तैयार कर जिला कार्यालय को सूचित करने के भी निर्देश दिये। ऐसे निर्माण कार्य जो प्रगतिरत है तथा पूर्व में स्वीकृत सीसी रोड एवं नाली निर्माण के कार्य को भौतिक परीक्षण हेतु कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग को निर्देशित किया तथा भौतिक परीक्षण के दौरान



अनुविभागीय अधिकारी यराजस्व मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत की उपस्थिति सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिये। बैठक में कलेक्टर ने कृषि विज्ञान केन्द्र में मखाना प्रोसेसिंग यूनिट से संबंधित निर्माण कार्य हेतु कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग को भौतिक परीक्षण कर स्थिति से अवगत कराने निर्देश दिये। गौण खनिज मद अंतर्गत स्वीकृत कार्य जो कि अप्रारंभ है उन्हें निरस्त करने के लिए भी निर्देशित किया गया। ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन के क्षेत्र में कार्य करने के निर्देश उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत ग्राम पंचायत छाती एवं कंडेल में ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन के क्षेत्र में कार्य करने के निर्देश दिये। साथ ही ग्राम पंचायत छाती एवं कंडेल को पर्यटन के उद्देश्य से गांधी की विचार शैली के आधार पर विकसित करने हेतु ग्राम उद्योग को बढ़ावा देने हेतु निर्देशित किया गया जिससे कि जिले के गंगरेल में टूरिज्म के अलावा लोग ग्राम कंडेल में भी गांधी विचारों को जीवंत रूप में देख सके। एसएलआरएम के कार्यों की प्रगति के संबंध में रूर्बन क्लस्टर में चल रहे कचरा कलेक्शन को और बेहतर ढंग से करने एवं पंचायतों में सफाई शुल्क लिये जाने हेतु ग्राम स्तर पर जागरूकता लाने कहा गया। साथ ही साथ रामपुर रूर्बन क्लस्टर के सभी गांव में एक माह के भीतर कचरा कलेक्शन करने के निर्देश स्वच्छ भारत मिशन यग्रामीण के संबंधित अधिकारी को निर्देशित किये। 30 गांवों में सघन ग्राम स्तरीय प्राकृतिक संसाधन अभिसरण योजना नगरी विकासखंड में स्वयं सेवी संस्था एनजीओ प्रदान द्वारा 30 गांवों में सघन ग्राम स्तरीय प्राकृतिक संसाधन अभिसरण योजना बनाई गई है। जिला प्रशासन द्वारा योजना को मूर्तरूप देने के लिए संबंधित विभाग को समग्र विकास की दिशा में योजना के प्रकरण तैयार कर कार्य करने कहा गया। बैठक में बताया गया कि जिले में मशरूम उत्पादन को बढ़ावा देने हेतु ग्राम पंचायत परसतराई एवं भेण्ड्रा में मशरूम संग्रहण एवं आवश्यक मशीनरी की व्यवस्था की जायेगी ताकि स्वसहायता समूह को मशरूम हेतु स्पान उपलब्ध कराया जा सके। मशरूम उत्पादन बढ़ाने एवं उनके बाजार हेतु एनआरएलएम, देना आरसेटी एवं कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग को निर्देशित किया गया। कृषि विभाग को सुराजी योजना अंतर्गत गौठानों से उत्पादित जैविक खाद एवं जैविक कीटनाशी के प्रमाणीकरण सीण्जीण्शर्ट के माध्यम से प्रारंभिक तैयारी कराने हेतु निर्देशित किया गया ताकि गौठानों द्वारा उत्पादित खाद एवं कीटनाशी का सही मूल्य गौठान समूहों को प्राप्त हो सके एवं उनके आय में वृद्धि हो सके। बैठक में रूर्बन मिशन राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन यबिहान स्वच्छ भारत मिशन यग्रामीण योजना की समीक्षा बैठक में विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# अप्रत्यक्ष चुनाव जनता विरोधी, चुनाव जीतने कांग्रेस कर रही षडयंत्र : साहू

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

कांग्रेस सरकार द्वारा नगरीय निकाय चुनाव प्रणाली में किए परिवर्तन को लेकर भाजपा ने एक दिवसीय धरणा प्रदर्शन कर इस निर्णय की कडी निंदा करते हुए कांग्रेस सरकार की जमकर आलोचना की। भाजपा ने इसे जनता के अधिकारो का हनन बताते हुए राज्यपाल से इस निर्णय पर रोक लगाने की भी मांग की। इस अवसर स्थानीय बस स्टैण्ड में आयोजित विशाल आमसभा में भाजपा के दिग्गजो ने अपने विचार रखे और सीधे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर ही निशाना साधा।

इस अवसर पूर्व सांसद व कार्यक्रम के मुख्य वक्ता चन्दूलाल साहू ने कहा कि दस महिने की कांग्रेस सरकार हर क्षेत्र मे असफल रही। गंगा जल की कसम खाकर जनता के साथ छलावा किया। अब निकाय चुनाव में अपने हार के डर से कांग्रेस षडयंत्र कर रही है। जनता का अधिकार छिन अलोकतांत्रितक तरीके से चुनाव जितना चाहती है। लेकिन क्षेत्र और प्रदेश का विकास



**सरकार का हास्यास्पद निर्णय : संदीप**

भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संदीप शर्मा ने कहा कि सरकार ने हास्यास्पद निर्णय लिया है, प्रत्यक्ष चुनाव में जनता लोकसेवक को चुनती थी। परंतु कॉग्रेस ने नियम बदल कर खरीद फरोद की स्थिति ला दी है। धन बल के दम पर लोग अध्यक्ष बनेगे। भूपेश बघेल गुंडा राज लाना चाहती हैं इसी के दम पर चुनाव जितना चाहती हैं। उन्होने कहा कि कांग्रेस लोकतांत्रिक व्यवस्था से कितना भी मर्यादा भंग कर दे हमारे राष्ट्रवादी पार्टी के प्रत्याशी सामने कांग्रेसी टिक नही पाएगी।

कौन कर सकता है यह जनता जानने लगी हैं। उन्होने कहा कि निकाय चुनाव प्रत्यक्ष होना चाहिए। अप्रत्यक्ष चुनाव में केवल धन बल का जोर दिखता, यह निर्णय जनता और गरीब के विरोध मे हैं। इसकी भाजपा सहित पूरे प्रदेश की जनता निंदा कर रही है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को चाहिए कि वे इस पर चिंता करे और यह निर्णय वापस ले। भाजपा जिलाध्यक्ष रामकुमार साहू ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल में यदि हिम्मत हैं तो प्रत्यक्ष चुनाव कराए और अपने दस महिने के कार्यकाल के कार्यो और अपनी लोकप्रियता के दम पर चुनाव जीत कर दिखाए। भाजपा नेता मुरलीधर सिन्हा ने कहा कि भूपेश बघेल दुर्भाग्य से भुपेश बघेल मुख्यमंत्री बन गया है सत्ता मे आते ही जनकल्याणकरी योजना बंद कर दी। ईव्हीएम मशीन से ही चुनाव जीत कर पारदर्शी चुनाव से डर रही हैं। अनिल चंद्राकर ने कहा कि मुख्यमंत्री नियम नियत और नीति तोड़ रहे हैं इससे स्पष्ट है सरकार जनता का विश्वास खो चुकी है। कार्यक्रम को राजू सोनकर, राजेश साहू, मिलेश्वरी साहू, सुश्री छाया राही, परस देवांगन, अनुप भोसले, राजू साहू, पूर्णिमा चंद्राकर, प्रीतम सिन्हा, संजीव चंद्राकर, पूनम यादव ने भी संबोधित कर इस निर्णय को अनैतिक तथा जनता विरोधी बताया। इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन महामंत्री रिखीराम यादव व आभार मंडल महामंत्री सुरेन्द्र सोनटेके ने किया। प्रमुख रूप से बलदेव सिंह हुदल, देवश्री सिन्हा, सोमप्रकाश साहू, मंजुलता गुप्ता, प्रहलाद ठाकुर, आसिफ मेमन, प्रकाश यादव, होरीलाल साहू, अंजु नायक, बिन्दु सिन्हा, युगल समदरिया, तुलश कन्नौजे, दीनु सिन्हा, मनीष हरित, विजय टांक, फारूख चैधरी, आनंद ठाकुर, वंश सिन्हा, नूतन देवांगन सहित बडी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

# नगरीय निकाय चुनाव में हो रहे फेरबदल के विरोध में सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी/कुरुद
www.dailypioneer.com

नगरीय निकाय चुनाव में महापौर और अध्यक्ष का चुनाव प्रत्यक्ष रूप से करने की मांग को लेकर भखारा के भाजपाइयों ने शहर में रैली निकाली। रैली तहसील दफ्तर पहुंचकर राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। रैली में भाजपाइयों द्वारा भूपेश सरकार के खिलाफजमकर नारेबाजी की। रैली नगर पंचायत भखारा के अटल चौक से प्रारंभ को पुराना बाजार चौक होते हुए तहसील दफ्तर पहुंची, इस बीच प्रदर्शनकारियों ने जनता का चुनाव जनता से करान, प्रदेश सरकार होश में आओ आदि के साथ प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए नायब तहसीलदार भखारा को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। इस दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष भीमदेव साहू ने कहा कि भूपेश सरकार लोकतंत्र की हत्या कर रही है। महापौर और अध्यक्ष का चुनाव प्रत्यक्ष रूप से कराने की बजाय अप्रत्यक्ष तौर पर कराने का प्रयास कर रही है जिससे एक कार्यकर्ता की सक्रियता की भी हत्या हो रही है जिसे हम बर्दाश्त नहीं करेंगे।



**राज्यपाल के नाम सौंपा गया ज्ञापन**

राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपकर मण्डल अध्यक्ष रामगोपाल देवांगन ने कहा कि यदि भूपेश सरकार अपने इस निर्णय पर पुनर्विचार कर पूर्ववत महापौर का चुनाव प्रत्यक्ष पद्धति से नहीं किया, तो भखाारा की जनता निकाय चुनाव का बहिष्कार करेगी। जिला सदस्य भाजपा हरखचन्द जैन ने कहा कि सत्तासीन कांग्रेस सरकार लोकतंत्र की हत्या कर बापू महात्मा गांधी की आत्मा को दुख पहुंचा रही है। अध्यक्ष या मेयर सीधे जनता द्वारा चुने जाने पर इन्हें आपत्ति है। इनके मूर्धन्य मंत्री बैलेट पेपर के लिए बेवकूफी भरा तर्क देते हैं कि एक ही चुनाव से कागज की बचत होगी। वहीं पूरा चुनाव बैलेट पेपर से करने की तैयारी है। सत्ता के नशे में चूर हैं ये। भाजपा इसका विरोध करती है। लोकतांत्रिक व्यवस्था के तहत सीधे मतदान और ई वी एम से मतदान हो।ताकि इनकी प्रशासनिक दादागिरी भी रुके। जनता की सीधी भागीदारी हो। प्रदर्शनकारियों में भाजपा मंडल अध्यक्ष रामगोपाल देवांगन,महामंत्री आनंद यदु, जनपद अध्यक्ष कुरुद पूर्णिमा साहू उपाध्यक्ष छत्रपाल बैस रामस्वरूप साहू हरखचन्द जैन गौतम जैन चूड़ामणि साहू झम्मन साहू रामकृष्ण नेताम मौराजध्वज साहू रामसेवक कंवर गोविंद यादव लोकेश से पुरुषोत्तम सिन्हा उमेश सोनवानी देवेंद्र सन भानु युवराज मीणा निषाद सरिता साहू नीकु साहू सुमित्रा साहू सेवती निषाद सुशीला निर्मलकर रेवती पूर्णिमा गौर राजेश्वरी सेन समेत सैकड़ों कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

# बिजली बिल पटाओ वरना कट जायेगा कनेक्शन

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

बिजली बिल पटाओ वरना कट जायेगा कनेक्शन यह अभियान वर्तमान में बिजली विभाग द्वारा जिले में चलाया जा रहा है। दरअसल उपभोक्ताओ द्वारा समय पर बिल भुगतान नही करने से बिजली विभाग के द्वारा बढ़ते भार को देखते हुए बकाया वसुली अभियान शुरू किया गया है। इसके तहत बिजली विभाग घर घर बकाया वसुली करने घुम रही है। बकाया जमा ना करने पर सीधे कनेक्शन काट दिया जा रहा है। अब तक कई घरो के कनेक्शन काटे जा चुके है। विभाग के ईईई बी पी जायसवाल ने बताया कि माह अगस्त तक कुल 60988 उपभोक्ताओ की 2112 लाख रूपए बकाया राशि है। इसमें शासकीय बकाया राशि 2625 उपभोक्ताओ का 740.41 लाख रूपए है। इसमें 1441 उपभोक्ता जिनकी बकाया राशि 54.78 लाख रूपए के कनेक्शन काटे जा चुके है। उन्होने बताया कि सघन अभियान के तहत शासकीय, गैर शासकीय, छोटे- बडे व्यापारी सभी बकायादारो के कनेक्शन काटे जा रहे है। उन्होने कहा कि कार्यवाही के चलते उपभोक्ता में बिजली बिल की सजगता बढ़ी है 603 उपभोक्तओने 39.26 लाख रूपए भुगतान कर दिया है। ईईई जायसवाल ने कहा कि उपभोक्ताओ द्वारा होने वाली परेशानी को देखते हुए जिले के सभी ब्लाक गरियाबंद, मैनपुर, देवभोग व छुरा में एक एक अधिवक्ता की भी नियुक्ति की गई है। शासकीय प्रावधानो के तहत ही कनेक्शन काटे जा रहे है। उन्होने बताया कि सम्पत्ति कुर्की का भी प्रावधान है। वही अस्थायी कटे कनेक्शन अनाधिकृत रूप से जुडे पाये जाने पर विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 व 138 के तहत कार्यवाही की जायेगी जिसमें 03 सालतक सजा का प्रावधान है। उन्होने जिले के सभी उपभोक्ताओ से अपील करते हुए कहा कि वे असुविधा से बचने के लिए मुख्यधारा में शामिल रहे समय पर बिजली बिल का भुगातन करे।

# पार्षदों-अध्यक्ष, महापौर के प्रत्यक्ष चुनाव के खिलाफ भाजपा ने जताया विरोध

पायनियर संवाददाता ◄ डोगरीडीह
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ कांग्रेस सरकार द्वारा जब से नगरी निकाय चुनावों में निर्वाचित वार्ड पार्षदों द्वारा अध्यक्ष एवं महापौर चुने जाएंगे कि फैसले लिए है।तब से अब तक सभी जगह घमासान एवं राजनीति का दौर जारी है।लोगों में सरकार के फैसले का खासा रोष दिखाई दे रहा है। खासकर विपक्षी पार्टी भाजपा के कार्यकर्ताओं द्वारा कांग्रेस सरकार के फैसले के विरुद्ध में बगावत पर आ खड़े हुए हैं। इसलिए लवन भाजपा एवं भाजयुमो कार्यकर्ताओं द्वारा लवन के तहसील चौक पर एक दिवसीय विरोध प्रकट कर सरकार के फैसले को बदलाव करने के लिए राज्यपाल के नाम नायब तहसीलदार लवन को ज्ञापन सौंपकर आवेदन दिए गए। जिसमें



प्रमुख रूप से भाजपा जिला उपाध्यक्ष संजय बाजपेयी, लवन मंडल अध्यक्ष दुर्गा पटेल,सुमंत साहू, भावेश तिवारी,धनेश टंडन, रामलाल कुर, छोटेलाल घृतलहरे,मीना बार्वे,ाहुल साहू सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं की उपस्थिति देकर विरोध प्रकट किया।

# कार्यपालन अभियंता से मांगी रिपोर्ट मामला दफ्तर में ताश खेलने का

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

धमतरी में पीण्डब्लू ओ के दफ्तर मे छुटटी के दिन कर्मचारी ताशपत्ती के रंग मे डूबे रहते है जिसकी खबर मीडिया मे आने के बाद कलेक्टर रजत बंसल ने मामले पर संज्ञान लिया है और पीडब्लूडी के ई ई से रिपोर्ट मंगाई गई है।जिसके बाद कार्रवाई करने की बात की जा रही है।दरअसल बीते शनिवार को पीडब्लूडी विभाग ताशपत्ती के रंग में डूबा हुआ था।



जहां पर छुट्टी के दिन कर्मचारी दफ्तर के एक कमरे में बैठकर बड़े आराम से ताशपत्ती का मजा ले रहे थे। जब ताशपत्ती में डूबे कर्मचारियों से मीडियाकर्मियों ने सवाल किया गया। उनका कहना था कि छुट्टी का दिन है टाइमपास के लिए ताश खेल रहे। वही जब सरकारी दफ्तर में ताश खेलने के ऊपर सवाल किया गया। तो कर्मचारी वहाँ से भागते फिरे बता दे कि शनिवार को 11.45 बजे जब मीडियाकर्मी पीडब्ल्यूडी दफ्तर पहुचे तो दफ्तर का नजारा देख हैरान हो गये वही विभाग के एक कमरे में तीन लोग टेबल पर बैठकर बड़े आराम से ताशपत्ती का मजा ले रहे थे। तभी एक और शख्स इस ताश में किस्मत आजमाने के लिए और एक शख्स पहुंच गया। जहां पर आराम से चारों लोग ताश खेल खेलने में मस्त थे।ये सारा नजारा मीडियाकर्मियों के कैमरे में कैद हो गया। वही विभाग के कर्मचारी कुर्सी छोड़ कमरे से भागे फिरे तो एक कर्मचारी मोटरसाइकिल लेकर भागते बने। कुछ कर्मचारियों दफ्तर में बैठे रहे। ये चारों लोग पूछने पर दफ्तर के ही कर्मचारी होना बता रहे है। टाइमपास के लिए ताश खेलने की बात कर रहे है। वही मीडिया की खबर के बाद जिले के कलेक्टर रजत बंसल ने मामले मे संज्ञान लिया है। पीडब्लूडी के ई ई से रिपोर्ट मंगाया गया है।जिसके बाद आगे की कार्रवाई करने की बात कही गई है।

**सोसाइटी में अनुपस्थित 7 कर्मचारियों के वेतन काटने के निर्देश'**

# गोयल ने धान खरीदी की तैयारियों का लिया जायजा

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने जिले की तीन सोसायटियों-अर्जुनी, खोखली और तरेंगा का आकस्मिक दौरा कर धान खरीदी के लिए की जा रही तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने इस दौरान बोये गए धान फसल के वास्तविक रकबे का सत्यापन किया।

उन्होंने कहा कि 21 अक्टूबर तक सम्पूर्ण डेटा का सत्यापन कर ऑनलाइन एंट्री करना है। इसलिए यह काम प्राथमिकता से समय.सीमा में पूर्ण किया जाए। उन्होंने अर्जुनी सोसाइटी में अनुपस्थित 7 कर्मचारियों के एक दिन का तनख्वाह काटने के निर्देश दिए। अपर कलेक्टर जोगेंद्र नायक सहित धान खरीदी से जड़े तमाम बड़े



अफसर इस अवसर पर उपस्थित थे। कलेक्टर गोयल ने कहा कि किसानों से धान खरीदी का काम राज्य सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता में है। लगभग ढाई महीने तक इस साल 15 नवम्बर से लेकर अगले साल 31 जनवरी तक यह अभियान चलेगा। जिले में राज्य शासन की कार्य.योजना के अनुरूप तमाम तैयारियां चल रही हैं। 86 सोसाइटियों के 149 खरीदी केन्द्रों पर धान खरीद जाएगा। फिलहाल किसानों के पंजीयन और गिरदावरी से हासिल रकबा मिलान का काम युद्धगति से जारी है। इस साल पंजीयन में रकबे के साथ.साथ खसरा नम्बर का उल्लेख भी किया जा रहा है। कलेक्टर ने कहा कि धान का खरीदी मूल्य 2500 रुपये प्रति क्विंटल हो जाने से कुछ गैर किसान भी अवैध तरीकों का सहारा लेकर पंजीयन के लिए आ सकते हैं। इसलिए हमें सावधान रहना होगा और किसी भी हालत में हमें ऐसे तत्वों से बचना है।

कलेक्टर ने कहा कि अतिक्रमित भूमिए भू.अर्जन और रास्तों पर बोये गए धान फसलों का बिक्री के लिए पंजीयन नहीं किया जाएगा। उन्होंने राजस्व पटवारी और सहकारी समितियों के प्रबंधकों को आपसी तालमेल के साथ सरकार के इस बड़े काम को पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कुछ किसानों के रकबे का विभिन्न अभिलेखों से मिलान भी किया। उन्होंने खोखली में खाद.बीज गोदाम का निरीक्षण भी किया और उचित तरीके से भण्डारित करने के निर्देश दिए। अर्जुनी सोसाइटी में साफ सफाई और रिकार्डों का समुचित रख.रखाव नहीं था। कलेक्टर ने इस पर नाराजगी जाहिर करते हुए भविष्य में सुधारने की हिदायत दी। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर श्री अरविंद पाण्डे, डिप्टी कलेक्टर एवं खाद्य शाखा के प्रभारी राकेश गोलछा, सहकारी बैंक के नोडल अफसर एल साहू, एसडीएम लवीना पांडे और महेश राजपूत, तहसीलदार प्रवीण तिवारी भी दौरे में साथ थे।

### सांसद ने परिजनों से मिलकर ढांढस बंधाया

**धमतरी।** महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के सांसद चुन्नीलाल साहू क्षेत्र के दौरे के दौरान स्व लक्ष्मण साहू (आमदी) व स्व भैरव दास सिन्हा को श्रद्धा सुमन अर्पित करने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने मृतकों के परिजनों से मिलकर ढांढस बंधाते हुए कहा कि यह संसार, प्रकृति के नियमों के अधीन है और परिवर्तन एक नियम हैं, शरीर तो मात्र एक साधन है, जब अपने चले जाते हैं तो दुःख होता है मगर सच यह भी है कि शरीर नश्वर है और हमें यही दुआ करनी चाहिए कि जो जीव आत्मा आज हमारे बीच नहीं है प्रभु उसे मोक्ष प्रदान करें। पूरे परिवार वालों को ईश्वर शक्ति और हिम्मत दें। सांसद के साथ में आमदी मंडल अध्यक्ष तेजराम साहू, भाजपा प्रवक्त। निर्मल बड़डिया, अवनेंद्र साहू, चितरंजन साहू, दिलीप पटेल, रेशमा शेख, हेमंत माला, उमेश साहू, तरुण साहू प्रमुख रूप से शामिल थे।

### स्वच्छता का महत्व,छात्र-छात्राओं को हाथ धुलाई के चरण सिखाएं

**धमतरी।** शास.माध्य. स्कूल जालमपुर में विश्व हाथ धुलाई दिवस पर संस्था प्रमुख दीपक शर्मा और स्वास्थ्य प्रभारी शिक्षिका शैलेंद्री तुर्रे द्वारा विद्यालय के सभी छात्र.छात्राओं के समक्ष हाथ धोने के विभिन्न चरणों को प्रदर्शन किया गया। संस्था प्रमुख द्वारा खाने के पहले और शौच के बाद हाथ धुलाई, साबुन से धोने के महत्व बताए गए। शारीरिक स्वास्थ्य और स्वच्छता का महत्व बताकर यह बताया गया कि सभी छात्र.छात्राएं अपने आसपास समुदाय को परिवार के लोगों को हाथ धुलाई के विभिन्न चरणों को सिखाएं, भोजन के पहले ठीक से हाथ धो लेने से हमारे शरीर के 50 प्रतिशत जीवाणु वाले संभावित रोग स्वयमेव ही समाप्त हो जाते हैं।

# नाबालिग से अनाचार करने वाला आरोपी पकड़ा गया

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक महोदय बलौदाबाजार नीतू कमल ने जिला के थाना प्रभारीयो को अपराध निकाल के लिए आवश्यक रूप से कार्यवाही के लिये निर्देशित किया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जे आर ठाकुर, प्रभारी अनुविभागीय अधिकारी बलौदाजार केबी द्विवेदी के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी सिटी कोतवाली बलौदाबाजार निरीक्षक कृष्ण कुमार कुशवाहा पुलिस चौकी प्रभारी संतोष साहू के कुशल नेतृत्व में थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार अपराध क्रमांक 590/2019 धारा 363 366 376 भारतीय दंड विधान 4 पॉक्सो एक्ट के प्रकरण में प्रार्थी रिपोर्ट दर्ज कराए की इनकी नाबालिग पीड़िता 14 साल 2 माह दिनांक 12 अक्टूबर 2019 ग्राम खैरा शासकीय स्कूल में पढ़ने गई थी और वहां से वापस नहीं आयी। प्रार्थी की रिपोर्ट पर गुम इंसान क्रमांक 94/2019 कायम कर नाबालिग को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर ले जाने की आशंका पर उक्त अपराध सदर कायम कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के



दौरान आरोपी का पतासाजी लगातार किया गया। पता तलाश के दौरान विधि से संघर्षरत बालक मोहन कुर्रे (परिवर्तित नाम) पीड़िता को बहला-फुसलाकर शादी का प्रलोभन देकर पीड़िता के साथ बलात्कार किया। पीड़िता नाबालिग को विधि से संघर्षरत बालक के कब्जे से बरामद किया गया। विधि से संघर्षरत बालक से पूछताछ करने पर जुर्म करना स्वीकार किया। जिसे विधिवत गिरफ्तार कर बाल संप्रेषण गृह दाखिल किया गया। उपरोक्त कार्यवाही में उप निरीक्षक संतोष साहू, प्रधान आरक्षक राजेश सेन एवं अन्य स्टाफका विशेष योगदान रहा है।

## क्विक न्यूज

### रामकुमार डाहिरे जिला सचिव, प्रदीप कुमार सदस्य मनोनीत

**पामगढ़।** छत्तीसगढ़ अनु.जाति, जन जाति अधिकारी.कर्मचारी संघ(आजाक्स) के जिला इकाई जांजगीर.चाम्पा का गठन किया गया जिसमें प्रांताध्यक्ष डॉ लक्ष्मण कुमार भारती के द्वारा अपने प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए व प्रांतीय पदाधिकारियों पीएल रत्नाकर, पी एल महिपाल, डॉ अमित मिरी, श्यामलाम सितारे व जिलाध्यक्ष बी आर रत्नाकर की सहमति से रामकुमार डाहिरे को जिला सचिव, (कार्य व प्रशासन) व प्रदीप कुमार लहरे को कार्यकारी सदस्य नियुक्त किया गया है। इनकी नियुक्ति से कर्मचारियों में हर्ष व्याप्त है।

### युवा कांग्रेस ने किया मनोहर लाल खट्टर का पुतला दहन

**कोण्डागांव।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सोनिया गांधी पर हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर द्वारा आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में कोंडागांव जिला युवा कांग्रेस के नेतृत्व में कोंडागांव जिला मुख्यालय में हरियाणा मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर का पुतला दहन किया गया। कांग्रेस भवन कोंडागांव से रैली के रूप में निकलकर बसस्टैंड में पुतला दहन किया गया पुतला दहन के दौरान जिला कांग्रेस महामंत्री जे पी यादव,गीतेश गांधी,कपिल चोपड़ा,शहर महिला कांग्रेस अध्यक्ष तबस्सुम बानो, जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष विशाल शर्मा,युंका नेता रितेश पटेल,युकां नेता सौरभ आचार्य। विधानसभा अध्यक्ष नारायणपुर युकां देवेंद्र कोर्राम,उपाध्यक्ष वरुण सेठिया,नंदू दीवान, हेमन्त भोयर,शानू सेठिया, विजय बघेल, पूर्व सरपंच बोदालाल मरकाम, रिंकू आचार्य सहित भारी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद रहे।

### कसडोल के खिलाड़ी उड़ीसा में करेंगे खेल का प्रदर्शन

**कसडोल ।** छत्तीसगढ़ के गौरव को बढ़ाने के लिए विश्वविद्यालय स्तर पर कसडोल के 3 खिलाड़ियों का चयन फुटबाल में हुआ है । जो कि कटक उड़ीसा में होने वाले अंतर विश्वविद्यालीन प्रतियोगिता में कसडोल शहर के तीन खिलाडी खेलते नजर आएंगे । बड़े गौरव की बात है ये तीनो ही खिलाड़ी स्कूल लेवल से खेलते हुए अपने छत्तीसगढ़ का नाम रौशन करते आ रहे है ये खिलाड़ी स्टार लाइन क्लब के सदस्य है जो खेल के क्षेत्र में कसडोल के खिलाड़ियों को विभिन्न खेलो में होने वाली प्रतियोगिता के लिए तैयार करती है।

### अप्रत्यक्ष चुनाव के निर्णय के खिलाफ भाजपा ने खोला मोर्चा

**कसडोल।** हाल ही में छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार ने नगरीय निकायों में महापौर अध्यक्ष चुनाव से संबंधित निर्णय लेने हेतु मंत्री स्तरीय तीन सदस्यीय उपसमिति गठित की थी एजिनके द्वारा निर्णय लिया गया कि नगरीय निकाय चुनाव अप्रत्यक्ष मतदान के तहत होगा जिसमें महापौर एवं अध्यक्ष का चुनाव सीधे जनता द्वारा न होकर निर्वाचित पार्षदों द्वारा चुना जायेगा। सरकार के उक्त निर्णय के खिलाफपूरे प्रदेश में भाजपा संगठन ने कड़ा रुख अख्तियार करते हुए मोर्चा खोल दिया है।

## निधन

### भगवान दास थारानी



**भाटापारा।** पूज्य सेन्ट्रल सिंधी पंचायत के वरिष्ठ उपाध्यक्ष भगवान दास थारानी का निधन हो गया् जिनकी अंतिम यात्रा शुक्रवार सुबह 11ण्30 बजे निवास स्थान वीआईपी कालोनी भाटापारा ने मुक्तिधाम के लिए निकलेगी,् वे मुकेश, महेश थारानी के पिता व लक्ष्मण,रूपा, नंदू, राजेश, विनोद थारानी के बड़े भाई थे।

# दो वर्षों से अटका पड़ा है सैकडो श्रमिक प्रशिक्षणार्थियों की छात्रवृत्ति

■ श्रमविभाग की उदासीनता से हितग्राहियों को योजना का लाभ नहीं

पायनियर संवाददाता ◄ जांजगीर
www.dailypioneer.com




दो वर्षो से छात्रवृत्ति के लिए प्रशिक्षणार्थी श्रम विभाग के चक्कर काट रहे है। महत्वाकांक्षी योजना आर पी एल एवं मुख्यमंत्री कौशल विकास योजनांतर्गत विभिन्न ट्रेड में संगठित क्षेत्र के श्रमिकों को प्रशिक्षण दिया गया था। जिसके प्रायोजक विभाग श्रम पदाधिकारी जांजगीर चांपा के द्वारा विभिन्न व्हीटीपी संस्थाओं को प्रशिक्षण कराने का कार्य दिया था। प्रशिक्षण में भाग लेने वाले गरीब मजदूर जो प्रशिक्षण के दौरान मजदूरी कार्य को छोड़कर भविष्य बनाने में लगे थे। उन्हे वर्तमान में आर्थिक समस्यओं का सामना करना पड़ रहा है।

इस समस्या को देखते हुए शासन द्वारा पूर्व में ही हितग्रहियों को प्रशिक्षण उपरांत छात्रवृत्ति देने का प्रावधान रखा है। किन्तु श्रम पदाधिकारी जांजगीर चांपा के द्वारा हितग्राहियों के खाते में भुगतान नहीं किया जा रहा है। कुछ माह पहले छात्रवृत्ति भुगतान हेतु सूची बैंक भेजा गया था।

जिसमें श्रम विभाग के लापरवाही से कई हितग्राहियों का बैंक खाता क्रमांक, आई एफसी कोड में त्रुटि हो गई थी। बैंक के द्वारा श्रम विभाग को हितग्राहियों के भुगतान नहीं होने संबंधि सूचना भी भेजा गया है। श्रम विभाग द्वारा सुधार कर पुनः नहीं भेजा जाता है। जिसके कारण हितग्राहियों को श्रम विभाग का चक्कर काटना पड़ रहा है।

कभी कभी तो श्रम विभाग के कर्मचारियों द्वारा बैंक पासबुक के मिनीस्टेटमेंट कि कॉपी और आवेदन माँगा जाता है और उसके बाद भी बैंक खाते में पैसा नहीं भेजा जाता उन्हें कभी फंड नहीं होने का बहाना तो कभी चुनाव में व्यस्त होने का बहाना बताकर घुमाया जाता है अंत में मजदूर थक हार कर छात्रवृत्ति निकलवाने के लिए कर्मचारियों से पैसों के सौदा भी कर बैठते है।

छत्तीसगढ़ जनता निर्माणी मजदूर कर्मकार संघ के द्वारा श्रम पदाधिकारी को ज्ञापन दे कर यह अनुरोध किया है कि बैंक द्वारा हितग्रहियों के भुगतान नहीं होने संबंधि सूचना एवं प्रशिक्षण के समय कार्यालय में प्रस्तुत बैंक पास बुक के अधार पर हितग्राहियों के बैंक सम्बन्धी जानकारी का मिलान एवं त्रुटी सुधार कर छात्रवृत्ति को पुनः भुगतान किया जाये। ताकी मजदूरो को किसी प्रकार कि समस्या का सामना न करना पड़े तथा संघ के द्वारा आन्दोलन करने कि स्थिति निर्मित न हो।

# सड़कों की मरम्मत नहीं होने से रोजाना हो रहे हादसे

पायनियर संवाददाता ◄ कांकेर
www.dailypioneer.com

इन दिनों जिला से लेकर ग्रामीण इलाकों की जर्जर हो चुकी सड़क के लिए जिला प्रशासन और राज्य सरकार से मरम्मत की गुहार लगाकर थक चुके लोग अब सडको पाल सड़कों के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। दुर्घटना में ग्रामीण लगातार शिकार हो रहे है। लेकिन जिला प्रशासन व राज्य सरकार सड़कों की मरम्मत की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिससे नाराज ग्रामीण पर धरना कर सरकार के खिलाफविरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। ग्रामीणों ने 15 दिन पहले ही भानुप्रतापपुर एसडीएम को ज्ञापन सौंप कर सड़क मरम्मत कराने की मांग की थीण् लेकिन उनकी इस मांग को अब तक पूरा नहीं किया गया। जिससे नाराज ग्रामीण सड़कों पर उतर आए हैं, ग्रामीण कोरर के चिल्हाटी चौक पर सैकड़ों की संख्या में चक्काजाम व धरना प्रदर्शन कर रहे है।ग्रामीणों का कहना है कि प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत गांव.गांव में सड़क का निर्माण किया गया है,लेकिन सभी की स्थिती जर्जर है, जैसे कि ग्राम सेलेगांव से सेलेगोंदी 1 किमी एवं सेलेगांव से हरनपुरी पण्डीपारा 3 किमी और सेलेगांव से किशनपुरी तक की सड़क की हालत पूरी तरह खस्ताहाल है।

# गांधी के विचारो और आदर्शो के बीच में उतारने को संदेश दिया

पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरीडीह
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के दिशा निर्देश पर गांधी विचार पदयात्रा का आयोजन छत्तीसगढ़ के सभी ब्लॉक मुख्यालय में आयोजित रहा। आयोजन के तहत कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं एवं जनप्रतिनिधियों का सघन पदयात्रा ब्लॉक मुख्यालय के विभिन्न ग्राम पंचायतों में 11अक्टूबर से 17 अक्टूबर के बीच सुनिश्चित रहा। छत्तीसगढ़ में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में गांधी विचार पदयात्रा का आगाज सबसे पहले 4 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ के धमतरी जिला के कंडेल गांव से शुरू हुआ । जो प्रदेश के कोने कोने में 11से 17 अक्टूबर के बीच जारी रहा। इस आयोजन में गांधी जी के सिद्धांतों एवं विचारों के बारे में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पैदल यात्रा कर संदेश देने का सकारात्मक पहल हर ग्राम पंचायतों में करते दिखे ।गांधी विचार पदयात्रा में पहुंचे हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं का ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों के द्वारा जगह जगह भव्य स्वागत एवं सम्मान किये गए।साथ ही गांधी जी के आदर्शों और सिद्धातों को जीवन मे आत्मसात करने की बात का भी ग्रामीणों ने अनुसरण किये।जिला मुख्यालय बलौदाबाजार के नव घोषित तहसील लवन एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी लवन में कसडोल विधानसभा के लोकप्रिय विधायक शकुंतला साहू के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र के लगभग सभी ग्राम पंचायतों में जाकर गांधी विचार पदयात्रा रैली निकालकर गांधी जी के विचारों को अमल में लाने की सकारात्मक संदेश दिए।गांधी विचार पदयात्रा में पहुंचे हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं की रैली के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भी हिस्सा लेकर रैली में कदम से कदम मिलाकर सहयोग प्रदान किये।लवन ब्लॉक में गांधी विचार पदयात्रा का 6वां दिन अहिलदा, चिचिरदाए कसियारा, एवं अमलकुन्डा में जारी रहा एवं अंतिम दिवस डमरु में यात्रा का समापन हुआ। गौरतलब हो कि क्षेत्र में गांधी विचार पदयात्रा की शुरुआत 11 अक्टूबर दिन शुक्रवार को क्षेत्र के आदर्श ग्राम पंचायत डोंगरीडीह से प्रारंभ हुआ था एवं पदयात्रा का समापन ग्राम पंचायत डमरू में 17अक्टूबर को हुआ।गांधी विचार पदयात्रा पूरे 7दिवस तक जारी रहा एवं समापन दिवस को ग्राम पंचायत डमरू में सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। समापन दिवस को गांधी विचार पदयात्रा डमरू में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष लवन देवी लाल बार्वे, जिला उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ प्रताप डहरिया, जिला महासचिव कांग्रेस सेवादल दानी राम साहूए जिला महामंत्री अनुराग पाण्डेय, कांग्रेस सेवादल ब्लॉक अध्यक्ष राजेश साहू, मृत्युंजय वमा, रूपचंद मनहरे, गज्जू वर्मा, दयाशंकर कुर्रे, अशोक कुर्रे, विनोद अनंत, गोपी साहू, टी आर साहू, वीरेन्द्र बहादुर कुर, ग्रामीण एवं जनप्रतिनिधियों सहित तमाम लोगों की उपस्थिति रही।

## पदयात्रा का अमलीपदर में हुआ समापन



पायनियर संवाददाता ◄ मैनपुर
www.dailypioneer.com

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अमलीपदर के द्वारा 11 अक्टूबर से प्रारम्भ गांधी विचार पदयात्रा का समापन गुरुवार 17 अक्टूबर को अमलीपदर में हुआ।

समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बैसाखूराम साहू (अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी गरियाबंद), ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष तपेश्वर ठाकुर, दुर्गा चरण अवस्थी, सेवन पुजारी, जगदीश अवस्थी, श्रवण सतपती, मेघराम बघेल, उत्तम सेन, अल्तमस खान (जिला उपाध्यक्ष युवा कांग्रेस), उमाशंकर पांडे, मनोज पांडे, देवानद राजपूत, धमेंद्र बघेल, गोपी दौरा, सुग्रीव साहू, कैलास नागेश सहित सैकड़ों युवा एवं महिला कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# मप्र की 36 पेटी गोवा अंग्रेजी शराब जब्त

पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com




पुलिस ने छापामार कार्रवाई कर मध्यप्रदेश का शराब खपाने वाले आरोपी से 37 पेटी जब्त किया है। ग्राम तरेंगा के जलेश्वर यदु अपने गोगिया पारा स्थित मकान के बगल में अपने भतीजे मनहरण यदु के घर में अधिक मात्रा में शराब डम्प करके रखा था। जिसे वह अपनी पल्सर गाड़ी कं सीजी 22 7856 से धीरे धीरे सप्लाई कर रहा था कि सूचना पर हालात पुलिस अधीक्षक नीतू कमल को बताकर उनके निर्देशानुसार एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जेआर ठाकुर एवं एसडीओपी भाटापारा केण्बी द्विवेदी के मार्गदर्शन पर हमराह स्टॉफ द्वारा रेड कार्यवाही किया। घटना स्थल मनहरण यदु के भतीजा के घर में मनहरण की पत्नि गंगा यदु से गवाहों के समक्ष पुछताछ करने पर गंगा यदु ने बताया की चाचा ससुर जलेश्वर का शराब है जिसे वह हमारे घर में रखता है एवं शराब रखने के बदले में चाचा ससुर जलेश्वर मुझे भी पैसे देता है। शराब को परछी एवं पटाव में रखना बताया। गवाहों के समक्ष मनहरण यदु के घर में तलाशी लिया जो परछी से लगे कमरे के पटाव में 36 पेटी अंग्रेजी गोवा व्हीस्की शराब मप्र का प्रत्येक में 50.50 पौवा प्रत्येक में 180.180 एमएल भरी हुई कुल 324 बल्क लीटर कीमती 1 लाख 44 हजार मिला। शराब रखने बिक्री करने के संबंध में वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने का नोटिस दिया जो कोई वैध दस्तावेज नहीं होना बताई है। एवं घटना स्थल से पल्सर गाड़ी कं ब्भ् 22. 7856 किमती 30 हजार जुमला किमती 1 लाख 74 हज़ार रूण् को समक्ष गवाहन मुताबिक जप्ती पत्रक जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया है। आरोपीयों का कृत्य अपराध धारा सदर का घटित करना पाये जाने से मौके पर देहाती नालसी अपराध कायम कर आरोपीया गंगा यदु को गिरफ्तार कर सूचना परिजनो को दिया गया है। तथा पुलिस को देखकर मौके से फ रार आरोपी जलेश्वर यद् की पतासाजी जारी है।

उक्त कार्यवाही में थाना भाटापारा ग्रामीण प्रभारी नरेश चौहान, सउनि व्हीएनसिंह प्रआर 110 धनंजय यादव, 135 डोगेन्द्र वर्मा मआर 487 अनूपा केंवट आरक्षक नवीन कुर्रे, उत्तम चतुर्वेदी, परदेशी राज, उषा पटेल, जेठू मनहरे, टिकेश्वर साहू, हरेन्द्र कोसरे,रवि कंवर, आर,भूपेश यादव का विशेष योगदान रहा।

## मानवाधिकार छग प्रदेश इकाई के ज्वाइंट सेक्रेट्री राघवेंद्र बनाए गए

**सक्ती।** राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं सामाजिक न्याय संगठन की छत्तीसगढ़ प्रदेश इकाई के ज्वाइंट सेक्रेटरी पद पर किरारी बाराद्वार के डॉ.राघवेंद्र राठौर की नियुक्ति की गई है, तथा डॉ. राघवेंद्र राठौर की नियुक्ति किए जाने पर क्षेत्र के नागरिकों ने तथा ग्राम वासियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए डॉ.राठौर के नेतृत्व में संगठन को गति मिलने तथा संगठन के उद्देश्यों के अनुरूप कार्यों को बल मिलने की बात कही गई है, इस संबंध में डॉ. राघवेंद्र राठौर किरारी बाराद्वार ने अपनी नियुक्ति पर कहा कि उनको जो दायित्व दिया गया है वह उसके अनुरूप मानव कल्याण एवं मानव तस्कर संबंधी जानकारियां राज्य एवं केंद्र की सरकारों को सीधे अपने संगठन के माध्यम से प्रेषित कर जानकारी देंगे, वे निरंतर लोक हित में कार्य करते हुए अपनी जिम्मेदारियों का सजगता पूर्वक निर्वहन करेंगे उल्लेखित हो की उपरोक्त संगठन का राष्ट्रीय मुख्यालय जयपुर राजस्थान में स्थित है ।

# लैपटॉप-कैमरा चोरी करने वाले अपचारी बालकों पर कार्यवाही

पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक नीतू कमल द्वारा क्षेत्र में लगातार हो रहे चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने तथा कार्यवाही हेतु निर्देश पर तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जेआर ठाकुर, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस भाटापारा केबी द्विवेदी के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी भाटापारा ग्रामीण निरीक्षक नरेश चौहान के नेतृत्व में थाना भाटापारा ग्रामीण क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम दतरेंगी फोटो स्टूडियो में प्रार्थी इंद्रकुमार डांडेकर के फोटो स्टूडियो में 1 लैपटॉप एवं 3 नग कैमरा कीमती 65000 की अज्ञात व्यक्ति यों द्वारा चोरी करने की रिपोर्ट पर तत्काल पतासाजी हेतु टीम गठित किया गया। मुखबिर सूचना मिला की ग्राम सिंगारपुर के तीन अपचारी बालक लैपटाप बेचने की फि राक में इधर.उधर घूम रहे हैं की सूचना पर तत्काल बालकों को पकड़ कर पूछताछ करने पर उक्त चोरी की घटना करना स्वीकार किए हैं। जिस पर बालकों का मेमोरेंडम कथन लेकर अपचारी बालकों के द्वारा चोरी की की गई सामग्री बरामद कर बालकों द्वारा उक्त घटना कारित करने पर अपचारी बालकों के विरुद्ध धारा 457 380 भादवि के तहत बालकों को बाल संरक्षण गृह महासमुंद भेजा गया। उपरोक्त कारवाही में थाना प्रभारी थाना भाटापारा ग्रामीण नरेश चौहान प्रधान आरक्षक धनजय यादव, आर भूपेश यादव, सतीश साहूए सीताराम ध्रुव, रवि कवर का विशेष योगदान रहा।

# रिसाईपारा के मुख्यमंत्री वार्ड कार्यालय का निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री शहरी वार्ड कार्यालय के तहत् रिसाईपारा में खोले गए वार्ड कार्यालय का कलेक्टर रजत बंसल ने मुआयना किया। वार्ड को मिले 3 आवेदनों की समीक्षा करते हुए उन्होंने निगम आयुक्त से वस्तुस्थिति की जानकारी ली।

बताया गया कि गत सप्ताह 3 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से 2 का मौके पर निराकरण किया गया। एक नाली तथा सड़क मरम्मत से संबंधित लंबित आवेदन के लिए प्राक्कलन तैयार कर लिया गया है।

इसके साथ ही आज वार्ड कार्यालय में 12 आवेदन विभिन्न मांगों संबंधी प्राप्त हुएए जिनमें खाद्य विभाग को 1 स्वास्थ्य विभाग को 3 विद्युत विभाग को 4 लोक निर्माण विभाग को 3 एवं पेंशन शाखा 1 आवेदन। तीन आवेदन का मौके पर ही निराकरण किया गया।

नौ लंबित आवेदन के लिए समयण्सीमा दिया गया है। कलेक्टर ने निगम आयुक्त आशीष टिकरिहा को निर्देशित किया कि प्राप्त आवेदनों का गुणवत्तापूर्वक निराकरण करें।


**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड**
(पुर्व आईडीएफसी बैंक लिमिटेड नाम से ज्ञात)
पंजीकृत कार्यालय : केआरएम टावर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चेन्नई – 600031. फोन: +91 44 4564 4000 फैक्स: +91 44 4564 4022.
IDFC FIRST Bank

(वित्तीय परिसम्पत्तियां तथा सुरक्षा राशि ब्याज अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के अन्तर्गत सूचना)

निम्नलिखित ऋणप्राप्तकर्ता तथा सह–ऋणप्राप्तकर्ताओं ने पहले की आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पुर्व आईडीएफसी बैंक लिमिटेड नाम से ज्ञात) से निम्नलिखित सुरक्षित ऋण सुविधाएं उपलब्ध की है। ...

| क्र. सं. | ऋण राशि क्रमांक | ऋण का प्रकार | ऋण प्राप्तकर्ताओं का नाम | धारा 13(2) सूचना के अनुसार शेष बकाया राशि | सूचना तिथि | सुरक्षित प्राप्त सम्पत्ति का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 13599057 | तारण ऋण | 1. डायनामिक ऐडस सोल्यूशन 2. अरोग्या द फिनिश्योटेट 3. शत्रुघ्न सौंधी 4. सुनाता सौंधी | रु. 1,41,34,123.54/- | 30.09.2019 | खसरा नं. 149/36, पोटीयाकला, वार्ड नं. 52, रिंग दुर्ग –1, तहसील और जिला दुर्ग, छत्तीसगढ़ –491001. |

एतद्द्वारा प्रतिवादी हेतु इस सूचना प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के अन्दर उनकी संबंधित तिथियों तथा अन्य लागतों, मूल्यों इत्यादि से इनके अनुसार ब्याज दर की ठेकादर के साथ उपरोक्त सरणी में दर्शाए गए अनुसार पहले की आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पुर्व आईडीएफसी बैंक लिमिटेड नाम से ज्ञात) हेतु देय है तथा जिसमें असफल तथा त्रुटि में कार्यालय, अधोहस्ताक्षरी (सरफाईसी) अधिनियम की धारा 14 तथा धारा 13(4) अन्तर्गत प्रारम्भिक विधिक प्रक्रिया हेतु बाध्य होगा तथा पहले की आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पुर्व आईडीएफसी बैंक लिमिटेड नाम से ज्ञात) हेतु देय राशि की वसूली हेतु यहां उपरोक्त अंकित अनुसार रेहन प्रस्तुत तथा गिरवी कार्य सम्पत्तियों के सम्मुख है तथा आगे प्रतिवादी कथित अधिनियम की धारा 13(13) के अन्तर्गत बिक्री कार्य प्रक्रिया/पट्टा कार्य अन्यथा के माध्यम द्वारा या तो कथित सुरक्षित परिसम्पति के हस्तांतरण कार्य से प्रबंधित तथा निषेध हैं।

तिथि : 18.10.2019
स्थान : रायपुर

हस्ताक्षर/-
अधिकृत अधिकारी
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(पुर्व आईडीएफसी बैंक लिमिटेड नाम से ज्ञात)



**कार्यालय, नगर पालिक निगम बीरगांव जिला-रायपुर (छ.ग.)**

-: ईश्तहार/आधिपत्य की सूचना :-

नामांतरण प्र.क्रं. 196 2019-20
वार्ड का नाम - मां बंजारी धाम वार्ड क्र. 10

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि, मां बंजारी धाम वार्ड क्र. 10 वार्ड स्थित भवन/भूमि 01/नया जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती भोजराम वर्मा पिता/पति मोहन लाल वर्मा के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती नीतू देवांगन पिता/पति जितेन्द्र कुमार देवांगन ने रजिस्ट्री / लिखित द्वारा वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1959 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

मुहर
आयुक्त
नगर पालिक निगम
बीरगांव



**कार्यालय सम्पदा अधिकारी,**
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-II
सड्डू, रायपुर (छ.ग.)
कामर्शियल काम्प्लेक्स, सेक्टर-08, द्वितीय तल, सड्डू, रायपुर
Phone No.9685585693, Email ID-emzoneii@yahoo.com,
GST No. 22AAECA9783D2ZP

-: आम सूचना :-

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि समान्य आवास योजनांतर्गत कॉलोनी देवेंद्रनगर रायपुर में स्थित सीनि. एल.आई.जी. भवन क्रमांक 429, श्रीमती रानी पटेरिया पति श्री नितिन पटेरिया एवं श्री नितिन पटेरिया पिता श्री एच.सी. पटेरिया को स्वविततीय आधार पर आबंटित किया गया था। ... दिनांक 15.10.2010 को अपने नाम पर भवन का लीजडीड/सेलडीड/विक्रय विलेख पंजीयन कराने के उपरांत दिनांक 13.09.2019 को हस्तांतरण विलेख (फ्री होल्ड) निष्पादित करा लिया गया है। हस्तांतरण विलेख निष्पादन उपरांत उक्त भवन को क्रेता श्री अश्वनी साहू पिता श्री गोवर्धन साहू निवासी-सीनि. एल.आई.जी. भवन क्रमांक-398, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी देवेंद्रनगर (छ.ग.) के पक्ष में दिनांक 4.10.2019 को विक्रय कर दिया गया है। वर्तमान में क्रेता श्री अश्वनी साहू पिता श्री गोवर्धन साहू द्वारा उक्त भवन को (फ्री-होल्ड) पश्चात् अपने नाम पर नामांतरण किये जाने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त भवन के फ्री-होल्ड उपरांत नामांतरण के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय या अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तिय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

मुहर
संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-II, सड्डू, रायपुर



**कार्यालय सम्पदा अधिकारी,**
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-II
सड्डू, रायपुर (छ.ग.)
कामर्शियल काम्प्लेक्स, सेक्टर-08, द्वितीय तल, सड्डू, रायपुर
Phone No.9685585693, Email ID-emzoneii@yahoo.com,
GST No. 22AAECA9783D2ZP

-: आम सूचना :-

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि समान्य आवास योजनांतर्गत कॉलोनी देवेंद्रनगर रायपुर में स्थित सीनि. एल.आई.जी. भवन क्रमांक 508, श्री नारायण गुप्ता वाराणसी पिता स्व. श्री श्री. बैकुण्ठ वासुदेव को स्वविततीय आधार पर आबंटित किया गया था। उनके द्वारा दिनांक 16.03.2011 को अपने नाम पर भवन का लीजडीड/सेलडीड/विक्रय विलेख पंजीयन कराने के उपरांत दिनांक 07.06.2019 को हस्तांतरण विलेख (फ्री होल्ड) निष्पादित करा लिया गया है। हस्तांतरण विलेख निष्पादन उपरांत उक्त भवन को क्रेता श्रीमती राजेश्वरी सिदार एवं रमेश कुमार सिदार निवासी - सीनि. एल.आई.जी. भवन क्रमांक - 508, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, देवेंद्रनगर (छ.ग.) के पक्ष में दिनांक 4.10.2019 को विक्रय कर दिया गया है। वर्तमान में क्रेता श्रीमती राजेश्वरी सिदार एवं रमेश कुमार सिदार द्वारा उक्त भवन को (फ्री-होल्ड) पश्चात् अपने नाम पर नामांतरण किये जाने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त भवन के फ्री-होल्ड उपरांत नामांतरण के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय या अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तिय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

मुहर
संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-II, सड्डू, रायपुर



**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर, जिला रायपुर (छ.ग.)**

-: ईश्तहार :-

रा.प्र.क्रमांक/25/अ-6/2019-20
रायपुर, दिनांक 11.10.2019
ग्राम-बोरियाकला प.ह.नं.-01
तहसील व जिला रायपुर

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक नरेश कुमार पिता ठाकुरराम साकिन तेलीबांधा रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) ने आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है कि ग्राम बोरियाकला प.ह.नं. 81, तहसील व जिला रायपुर में स्थित जय शदाराम थोक किराना एवं अनाज मार्केट की दुकान नंबर एफ-27 खसरा नंबर 1456 का भाग रकबा 134 वर्गफुट भूमि को पंजीकृत बैनामा दिनांक 16.06.1999 को विक्रेता मे. शदाणी बिल्डर्स भागीदारी फर्म रायपुर द्वारा भागीदार सत्यप्रकाश पिता संत गोबिन्द राम साकिन शदाणी दरबार बोरियाकला रायपुर (छ.ग.) से पंजीकृत बैनामा दिनांक 16.06.1999 से क्रय कर स्वामित्व एवं आधिपत्य प्राप्त किया है। अतः उक्त क्रय भूमि को पंजीकृत बैनामा के आधार पर आवेदक के नाम पर भूमि स्वामी हक में दर्ज किये जाने हेतु आवेदक द्वारा निवेदन किया है। उक्त प्रकरण की सुनवाई में दिनांक 06.11.2019 को होगी।

अतएव उक्त भूमि को आवेदक के नाम नामांतरण किये जाने में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 06.11.2019 को इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद मियाद प्राप्त आपत्ति पर इस न्यायालय द्वारा कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 11.10.2019 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर
अतिरिक्त तहसीलदार
रायपुर (छ.ग.)



**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर, जिला रायपुर (छ.ग.)**

-: ईश्तहार :-

रा.प्र.क्रमांक/16/अ-6/2019-20
रायपुर, दिनांक 11.10.2019
ग्राम-बोरियाकला प.ह.नं.-01
तहसील व जिला रायपुर

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक भारत कुमार पिता श्री भागचंद चावला साकिन तेलीबांधा रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) ने आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है कि ग्राम बोरियाकला प.ह.नं. 81, तहसील व जिला रायपुर में स्थित जय शदाराम थोक किराना एवं अनाज मार्केट की दुकान नंबर एफ-27 खसरा नंबर 1456 का भाग रकबा 134 वर्गफुट भूमि को पंजीकृत बैनामा दिनांक 16.06.1999 को विक्रेता मे. शदाणी बिल्डर्स भागीदारी फर्म रायपुर द्वारा भागीदार सत्यप्रकाश पिता संत गोबिन्द राम साकिन शदाणी दरबार बोरियाकला रायपुर (छ.ग.) से पंजीकृत बैनामा दिनांक 16.06.1999 से क्रय कर स्वामित्व एवं आधिपत्य प्राप्त किया है। अतः उक्त क्रय भूमि को पंजीकृत बैनामा के आधार पर आवेदक के नाम पर भूमि स्वामी हक में दर्ज किये जाने हेतु आवेदक द्वारा निवेदन किया है। उक्त प्रकरण की सुनवाई में दिनांक 06.11.2019 को होगी।

अतएव उक्त भूमि को आवेदक के नाम नामांतरण किये जाने में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 06.11.2019 को इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद मियाद प्राप्त आपत्ति पर इस न्यायालय द्वारा कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 11.10.2019 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर
अतिरिक्त तहसीलदार
रायपुर (छ.ग.)



**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खंड, राजनांदगांव (छ.ग.)**

निविदा क्र. 84/टेण्डर सेल/लो.स्वा.यां.खंड/2019 राजनांदगांव, दिनांक 16.10.2019

**निविदा आमंत्रण सूचना**

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से राजनांदगांव जिले के विकासखंड खैरागढ़ के ग्राम सलोनी के उपजेल में नलजल प्रदाय योजनांतर्गत पाईप लाईन जोड़ने, बिछाने का कार्य एवं 03 माह तक संचालन संधारण का कार्य। (सम्पूर्ण कार्य सामग्री सहित संलग्न शेड्यूल अनुसार) के कार्य की मुहरबंद निविदाए प्रपत्र ''ए'' में आमंत्रित की जाती है। जिसके प्रत्येक निविदा की कोरे निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपये 750/- है एवं धरोहर राशि रु. 8900/- है। कोरे निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन खंड कार्यालय में प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 30.10.2019 है।

| क्र. | ग्राम का नाम | अनुमानित लागत (रु. लाख में) |
|---|---|---|
| 1. | राजनांदगांव जिले के विकासखंड खैरागढ़ के ग्राम सलोनी के उपजेल में नलजल प्रदाय योजनांतर्गत 90 व्यास के यू.पी.व्ही.सी. 10 कि.ग्रा./सेमी2 पाईप, वाल्व चेम्पर, स्विच रुम का निर्माण एवं स्पेशल्स सहित प्रदाय कर जोड़ने, बिछाने, इंटरकनेक्शन, टेस्टिंग ट्रायल रन सहित 03 माह तक संचालन संधारण का कार्य। 90 mm dia 10kg/cm2 UPVC pipe-3200 mtr. | 11.79 लाख |

**नोट:**-उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालीयन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

जी-74196/3

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खंड
राजनांदगांव (छ.ग.)

## संपादकीय


# पाकिस्तान का संकट, एफएटीएफ की रहेगी पैनी निगाह

**आतंकियों** को अंतरराष्ट्रीय सहायता रोकने के लिए गठित अंतर-सरकारी मंच वित्तीय कार्रवाई बल-एफएटीएफ भले ही पाकिस्तान को काली सूची में न डाले, पर पाकिस्तान में आतंकी अड्डों के खिलाफ भारत के लगातार अभियान के सकारात्मक नतीजे निकले हैं। पाकिस्तान अब तक एफएटीएफ द्वारा निर्धारित 27 शर्तों में से केवल 6 पूरी कर सका है, इसलिए इसके 'डार्क ग्रे' सूची में डाले जाने की संभावना है। भारत ने दुनिया भर में पाकिस्तान की असलियत उजागर की है और इस मामले में उसे अमेरिका समेत अनेक देशों का साथ मिला है। अगस्त में एफएटीएफ के एशिया-प्रशांत उप-समूह ने वैश्विक मानक पूरे न करने के कारण पाकिस्तान को 'उच्च काली सूची' में डाला था। पिछले महीनों में इमरान खान एफएटीएफ का समर्थन पाने के लिए दुनिया का ध्यान आतंकियों के बजाय कश्मीर पर केन्द्रित करने का प्रयास कर रहे थे और तुर्की व मलेशिया के साथ उन्होंने पश्चिमी दुनिया के खिलाफ एक गठजोड़ बनाया था। पाकिस्तान इस बार भले ही काली सूची में जाने से बच जाए, पर वह अपने देश में सुधार के बजाय अन्य भू-राजनीतिक मुद्दे उठाना चाहता है। कश्मीर में उग्रवाद को बढ़ावा इसी दिशा में एक कदम है। घाटी में सामान्य स्थिति की बहाली से इस समस्या से राहत मिलेगी।

भारत के सामने क्या बाधायें हैं? चीन के साथ द्विपक्षीय संबंधों में बेहतरी का यह अर्थ नहीं कि वह बिना पाकिस्तान का नाम लिए आतंकवाद से मुकाबले में हमारे दृष्टिकोण से सहमत है। वह उइघर मुसलमानों पर हो रहे अत्याचारों को कैसे सही ठहरा सकता है? हालांकि, संरा. में उसने मसूद अजहर को वैश्विक आतंकी घोषित कराने के मामले में अपने कदम पीछे खींचे, लेकिन एफएटीएफ के नए अध्यक्ष के रूप में चीन अपने सदाबहार दोस्त पाकिस्तान के सरोकारों की अनदेखी नहीं करेगा। पाकिस्तान-चीन संबंधों को देखते हुए अभी चीन से लाभ उठाने में लंबा समय लगेगा। हमें अब तुर्की और मलेशिया से भी निपटना पड़ेगा। यूएई व सऊदी अरब के साथ भारत की परस्पर राजनयिक समझदारी को देखते हुए ये दोनों देश भारत के खिलाफ नई इस्लामवादी धुरी बनाने का प्रयास कर रहे हैं। भारत ने इस्लामी सहयोग संगठन-ओआईसी में अपना स्थान मजबूत किया है जबकि वह परंपरागत रूप से कश्मीर पर भारत का विरोध करता था। पिछले सत्र में यूएई व सऊदी अरब ने भारत को 'प्रेक्षक' के रूप में आमंत्रित किया था, पर मलेशिया व तुर्की ने पाकिस्तान का समर्थन किया था। इमरान खान अब नव-इस्लामी दुनिया के लिए एक त्रिपक्षीय मंच की पैरवी कर रहे हैं जो परंपरागत पैन-इस्लामवाद से अलग होगा। हालांकि, सऊदी अरब ने यह दृष्टिकोण पसंद नहीं किया है। भारत ने भी अब तुर्की व मलेशिया पर हमला बोला है। वह संरा. महासभा में कश्मीर पर प्रधानमंत्री महातिर मुहम्मद के भाषण की प्रतिक्रिया में मलेशिया से पाम तेल व अन्य उत्पादों के आयात पर पुनर्विचार कर रहा है। वहां जाकिर नायक को शरण मिलने से स्थिति पहले से असहज थी। कश्मीर मुद्दे पर तुर्की के राष्ट्रपति रेसिप तैयब इर्दोगान के भाषण के बाद भारत ने अनाडोलू शिपयार्ड से संबंध तोड़ने पर विचार किया है जो हमारे लिए 45,000 टन का जहाज बनाने वाला था। भारतीय राजनय अब मुख्यतः आर्थिक आधार पर सक्रिय है और इसके अच्छे नतीजे निकल रहे हैं, लेकिन भारत दूसरे देशों से अपने मुद्दों पर संवेदनशीलता की मांग भी करता है। उसने सीरिया के खिलाफ तुर्की की कार्रवाई की निन्दा की है। उम्मीद है कि भारत की बढ़ती राजनयिक सक्रियता से हमारे प्रति दुनिया का दृष्टिकोण बदलेगा।

# एक जंग कुपोषण के खिलाफ़

**छत्तीसगढ़ में पांच साल से कम उम्र के 37.06 प्रतिशत बच्चे कुपोषण का शिकार हैं। 15-45 वर्ष उम्र की 41.50 प्रतिशत किशोरियां और महिलाएं एनीमिया से पीड़ित हैं। यह समझा ही जा सकता है कि इन पीड़ितों में सबसे ज्यादा आदिवासी और निम्न वर्ग के लोग ही हैं।**



**तारन प्रकाश सिन्हा,**
आईएएस, आयुक्त,
जनसंपर्क, छत्तीसगढ़

अरबी में एक कहावत है- जिसके पास स्वास्थ्य है, उसके पास उम्मीदें हैं, जिसके पास उम्मीदें हैं, उसके पास सब कुछ है। दुनिया को बचाए रखने के लिए इंसान को बचाए रखना जरूरी है, और इंसान को बचाए रखने के लिए उसके स्वास्थ्य को बचाए रखना। इस तरह इंसानी स्वास्थ्य को बचाए रखने की चिंता, दुनिया को बचाए रखने की ही चिंता है। अब सवाल यह उठता है कि हम इंसानी स्वास्थ्य को बचाए रखने की अपनी जिम्मेदारी किस तरह निभा रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया के अनेक देशों में स्थिति भयावह है।

अनेक खतरों के साथ एक बड़ा खतरा हर समय दुनिया के सिर पर सवार रहता है, वह है कुपोषण का और यह खतरा इतना बड़ा है कि इसे महामारी तक कहा जाता है। संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक भारत में हर साल कुपोषण के कारण पांच साल से कम उम्र के दस लाख बच्चों की मौत हो जाती है।

कुपोषण के निवारण से लेकर प्राथमिक सुविधाओं की उपलब्धता तक, स्वास्थ्य संबंधी हर तरह की चुनौतियों से भारत के अलग-अलग राज्य अपने-अपने तरह से निपट रहे हैं। छत्तीसगढ़ में भी यह लड़ाई पूरी ताकत के साथ लड़ी जा रही है, हालांकि बहुत से अन्य राज्यों की तुलना में छत्तीसगढ़ में यह कहीं ज्यादा बड़ी है।

आने वाले 1 नवंबर को छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण को 20 साल पूरे हो जाएंगे। यह याद दिलाने की आवश्यकता नहीं है कि छत्तीसगढ़, झारखंड और उत्तराखंड राज्य जब क्रमशः मध्यप्रदेश, बिहार और उत्तरप्रदेश से अलग हुए थे, तब इन अंचलों की सामाजिक-आर्थिक-भौगोलिक और अधोसंरचनात्मक परिस्थितियां कैसी थीं। इनमें से भी छत्तीसगढ़ की परिस्थितियां ज्यादा दुरुह थीं। एक तो वनों से 43 प्रतिशत आच्छादित, ऊपर से नक्सल पीड़ित। अब भी राज्य के दुर्गम क्षेत्रों में निवास कर रही बड़ी आबादी तक मूलभूत सुविधाओं की पहुंच कठिन बनी हुई है और यही कारण है कि छत्तीसगढ़ में कुपोषण की स्थिति अब भी भयावह बनी हुई है। छत्तीसगढ़ में पांच साल से कम उम्र के 37.06 प्रतिशत बच्चे कुपोषण का शिकार हैं। 15-45 वर्ष उम्र की 41.50 प्रतिशत किशोरियां और महिलाएं एनीमिया से पीड़ित हैं। यह समझा ही जा सकता है कि इन पीड़ितों में सबसे ज्यादा आदिवासी और निम्न वर्ग के लोग ही हैं। यदि इस उक्ति को यहां एक बार फिर याद कर लिया जाए कि 'कुपोषण एक तरह की महामारी है', तब हालात की भयावहता का अंदाजा लगाया जा सकता है। लेकिन हालात डरावने तो हैं, निराशाजनक बिलकुल नहीं है। राज्य शासन ने छत्तीसगढ़ की स्वास्थ्यगत चुनौतियों के कारकों को चिन्हित कर जिस नयी रणनीति के साथ काम शुरू किया है, उसके शुरुआती परिणामों ने ही नया उत्साह जगा दिया है। छत्तीसगढ़ की नयी सरकार ने गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ को अपना ध्येय वाक्य चुना है, जिसका अर्थ है- हम नये छत्तीसगढ़ का निर्माण करेंगे। स्वास्थ्य और शिक्षा समेत सभी न्यूनतम सुविधाओं की पहुंच दुर्गम से दुर्गम क्षेत्रों तक सुनिश्चित करने के लक्ष्य को लेकर काम शुरू किया जा चुका है। और यह काम एक मुहिम के रूप में किया जा रहा है। गांधीजी की 150 वीं जयंती, 2 अक्टूबर को, प्रदेश सरकार ने एक साथ पांच नयी योजनाओं की शुरुआत की है। इनमें से चार योजनाएं पोषण और स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों से सीधे तौर पर जुड़ी हुई हैं।



### उजास अब अंतस तक

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ को कुपोषण से मुक्त करने के लिए अपनी सरकार को 3 साल का लक्ष्य दिया है। इसी के तहत बीते जुलाई माह से प्रदेश के सर्वाधिक पिछड़े जिलों दंतेवाड़ा और बस्तर से सुपोषण अभियान की शुरुआत की गई थी। इसके तहत पंचायतों में आंगनवाड़ियों के माध्यम से बच्चों, किशोरियों और महिलाओं को पका हुआ, गर्म, पौष्टिक और रुचि के अनुसार आहार हर दिन उपलब्ध कराया जाने लगा। शुरुआती सफल नतीजों के बाद इसे धीरे-धीरे प्रदेश के अन्य जिलों में शुरु किया गया, और अंततः 02 अक्टूबर 2019 से पूरे प्रदेश की सभी पंचायतों में लागू कर दिया गया। प्रयोगात्मक (पायलट) योजना के नतीजे इस प्रकार सामने आए हैं- माह अगस्त में 4,52,291 कुपोषित बच्चे, और 1,84,351 एनीमिया पीड़ित महिलाएं लाभान्वित हुईं। सितंबर माह में 4,76,930 कुपोषित बच्चों और 2,66,405 एनीमिया पीड़ित महिलाओं ने इस योजना का लाभ उठाया।

नयी सरकार ने राज्य में पूर्व प्रचलित पीडीएस प्रणाली में संशोधन करते हुए नयी सार्वभौम पीडीएस-एपीएल प्रणाली लागू की है। नयी पीडीएस प्रणाली के जरिये भी हर वर्ग के लिए पोषण आहार की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है।

जिन प्राथमिक सुविधाओं के अभावों को विश्व स्वास्थ्य संगठन ने बड़े खतरों की सूची में शामिल किया है, छत्तीसगढ़ की नयी मुख्यमंत्री हाट-बाजार क्लीनिक योजना और मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना ने, उस खतरे को इस प्रदेश में न्यूनतम कर दिया है। इनमें से पहली योजना के तहत छत्तीसगढ़ के दूरस्थ अंचलों में, खासकर आदिवासी क्षेत्रों में अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने के लक्ष्य को लेकर काम किया जा रहा है। इन साप्ताहिक हाट-बाजारों में शासकीय क्लीनिक संचालित किए जाते हैं, जहां जांच, उपचार, दवाओं समेत नियमित स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। इन्हीं केंद्रों के माध्यम से महिलाओं, किशोरियों, बच्चों और अन्य वर्ग को स्वास्थ्य के संबंध में जागरुक भी किया जाता है। प्रदेश व्यापी शुरुआत करने से पहले इसे भी आदिवासी क्षेत्रों में प्रयोगात्मक तौर पर पायलट प्रोजेक्ट के रूप में संचालित किया जा रहा था। जो आंकड़े सामने आए उसके अनुसार अगस्त माह में 3005 हाट बाजारों में जाकर मेडिकल टीम ने 1,03,541 मरीजों का उपचार किया। सितंबर माह में 3813 साप्ताहिक हाट बाजारों में जाकर 1,23,513 मरीजों का उपचार किया। मुख्यमंत्री हाट-बाजार क्लीनिक योजना की ही तर्ज पर शहरी क्षेत्रों में मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना शुरू की गई है। इस योजना के तहत स्लम बस्तियों तक स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुंच सुनिश्चित की जा रही है। इन बस्तियों में ओपीडी समेत विभिन्न जांच एवं उपचार की सुविधाएं मुहैया कराई जा रही हैं।

राज्य और जिला स्तर पर शासकीय और निजी अत्याधुनिक अस्पतालों, अत्याधुनिक उपकरणों, भवनों, सुयोग्य चिकित्सकों, प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मियों, कार्यकर्ताओं की राज्य में भरपूर उपलब्धता के बावजूद छत्तीसगढ़ के एक बड़े हिस्से में स्वास्थ्य की रौशनी नहीं पहुंच पा रही थी, और असल में वहीं पर प्रदेश की आत्मा है। अब जाकर छत्तीसगढ़ का अंतस भी प्रकाशित हो रहा है।

# भारत-चीन रिश्तों में समायोजन के प्रयास



**अभिषेक प्रताप सिंह**
(लेखक पूर्व एशिया अध्ययनों में पीएचडी तथा दिल्ली विश्वविद्यालय में पढ़ाते हैं)

भारत और चीन के बीच अप्रैल 2018 में हुए वुहान सम्मेलन के एक वर्ष बाद, दोनों देशों के नेता तमिलनाडु के ऐतिहासिक नगर मामल्लपुरम में दूसरे अनौपचारिक सम्मेलन दौरान पुनः मिले थे। क्योंकि दोनों देशों ने निरंतर अपने द्विपक्षीय संबंधों के भौगोलिक-सभ्यतामूलक कार्यतंत्र का समर्थन किया है, दोनों पड़ोसी देशों के लिए ऐतिहासिक महत्व के चलते तटीय नगर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच मुलाकात के लिए उपयुक्त स्थान माना गया। दूसरी सदी के दौरान पल्लव वंश के राजाओं तथा साम्राज्यवादी चीन के बीच यह स्थान मजबूत व्यापारिक तथा वाणिज्यक संपर्कों को बढ़ावा देता था। असलियत में, चीनी प्रधानमंत्री झाऊ एनलाई भी 1956 में अपनी भारत यात्रा के दौरान इस स्थान पर गए थे। पश्च औपनिवेशिक युग में, भारत-चीन संबंधों के लिए विमर्श बांडुंग में एशियाई-अफ्रीकी सुदृढ़ता (1955), भारत-चीन समायोजन एवं बुद्धिमत्ता (1989), 21 वीं सदी के लिए साझा दूरदृष्टि एवं एशियाई सपनों के ध्येय (2015) की अभिव्यक्तियों के इर्दगिर्द निर्मित हुआ है। वुहान सम्मेलन, जो डोकलाम टकराव के पश्चात पिछले वर्ष आयोजित हुआ था, द्विपक्षीय संबंधों में संतुलन बहाल करने का प्रयास था। इसने दोनों पड़ोसी देशों के बीच सीमा पर शांति तथा अमन कायम रखने में दोनों सेनाओं को नेतृत्व द्वारा सामरिक मार्गदर्शन की भूमिका को रेखांकित किया।

पश्च वुहान काल में, मोदी और शी दोनों ने ही विविध बहुद्देश्यीय मचों पर मिलते हुए विविध मुलाकातों के माध्यम से नजदीकी उच्च स्तरीय आदान-प्रदान की प्रक्रिया को बनाए रखा है। वैश्विक स्तर पर, भारत और चीन दोनों ब्रिक्स, शंघाई सहयोग संगठन, जी-20 तथा रूस-भारत-चीन सम्मेलन के सदस्य होने के नाते वैश्वीकरण को बढ़ावा देने एवं व्यापार संरक्षणवाद का विरोध करने के मामले में सामान्य हितों को साझा करते रहे हैं। द्विपक्षीय संदर्भ में, छठी सामरिक आर्थिक वार्ता (एसईडी) 2019 नीति समन्वय, अवसंरचना, ऊर्जा संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण, उच्च तकनीकी, ऊर्जा एवं चिकित्सा जैसे क्षेत्रों में सहयोग लेकर नई सहमति पर पहुंची थी। इसके अतिरिक्त, नवीं वित्त वार्ता 2019 के अवसर पर, दोनों देशों ने समष्टि आर्थिक सहयोग तथा निवेश हेतु कार्यतंत्र को मजबूत करने का उद्देश्य रखा। ये प्रघटनाएं दोनों पक्षों की ओर से भविष्य की विकासीय रणनीतियों में अधिक जुड़ाव परिलक्षित करती हैं। रक्षा सहयोग के क्षेत्र में, दोनों देशों ने चीन के चेंगदू शहर में अपना वार्षिक सम्मिलित सैन्य अभ्यास, 2018 पुनः प्रारम्भ किया और इस वर्ष दिसंबर में मेघालय के उमरोई में पुनः उसका आयोजन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, दो भारतीय पोत चीन में पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (नौसेना) की 70वीं वर्षगांठ के अवसर पर चीन के क्विंगदाओ बंदरगाह पहुंचे थे। जम्मू-कश्मीर में पुलवामा आतंकी हमले के पश्चात, चीन ने भारत के खिलाफ हुए कायरतापूर्ण आतंकी हमलों की निंदा करने वाले संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव का समर्थन किया था, यद्यपि शुरुआत में, केवल उसी के द्वारा 15 सदस्यीय परिषद में आतंकवाद का उल्लेख किए जाने के विरोध के कारण बयान जारी होने में लगभग एक सप्ताह का विलंब हुआ था। आरआईसी सम्मेलन में, चीन ने आतंकवाद की जनक भूमियों को नष्ट करने के लिए नजदीकी नीतिगत समन्वय के प्रस्ताव का समर्थन किया था। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव 1267 के अंतर्गत मसूद अ्ाहर को वैश्विक आतंकी घोषित किए जाने के मुद्दे पर, चीन ने 10 वर्ष बाद अंततः अपना रुख बदला, जो द्विपक्षीय रिश्तो के मामले में एक प्रमुख बदलाव था, जिससे भारत में घरेलू स्तर पर संतोष का अनुभव किया गया। कार्यनीतिक एवं सामरिक मुद्दों पर अलग रहने के बावजूद, ये प्रघटनाएं द्विपक्षीय संबंधों के सकारात्मक पहलू का संकेत हैं। द्विपक्षीय रिश्तों के संदर्भ में, शी की हालिया भारत यात्रा कई कारणों से महत्वपूर्ण है। पहला, यह वर्तमान व्यवस्था के अंतर्गत नेतृत्व स्तरीय विमर्श की केंद्रीयता एवं द्विपक्षीय संबंधों में उसके महत्व को रेखांकित करती है। भारत आक्र चीन जैसे विशाल देशों में, नेता अपने घरेलू जनमत के बल पर मजबूती पाते हैं, जो उन्हें क्षेत्र में किसी भी प्रकार के संकट को टालने के लिए एक-दूसरे को आश्वस्त करने की क्षमता प्रदान करती है। दूसरे, दक्षिण एशिया में होने वाली घटनाएं तथा, चीन-पाकिसतान आर्थिक गलियारे समेत, चीन का भारतीय क्षेत्र में प्रवेश नई दिल्ली के लिए चिंता का विषय बना हुआ है। इस तरह के सम्मेलन उच्च नेतृत्व की ओर से एक दूसरे के इरादों को सकारात्मक एवं खुले ढंग से बेहतर समझने का अवसर प्रदान करते हैं, साथ ही क्षेत्र में शांतिपूर्ण भ्रू-राजनीतिक स्थान के लिए अधिक सहमतियोग्य कार्यतंत्र के लिए मार्ग प्रशस्त करते हैं। यह भविष्य में द्विपक्षीय संबंधों के लिए बेहतर दिशा तय करता है। और तीसरा, यह सम्मेलन भारत और चीन के बीच आर्थिक संबंधों के लिए महत्वपूर्ण है।



यह द्विपक्षीय रिश्तों में बड़ा सामरिक संसाान निर्मित करता है। दोनों देशों के बीच एक उच्च स्तरीय व्यापार एवं आर्थिक वार्ता व्यवस्था गठित करने का निर्णय व्यापार घाटे पर भारत के सरोकारों को संबोधित करने एवं चीनी बाजारों में बेहतर पहुंच को बढ़ावा देने में मददगार होगा। विशेष रूप से, दोनों देश आतंकवाद के वित्तपोषण के खिलाफ संघर्ष को गहरा करने पर सहमत हुए और विधायिका, संस्कृति एवं युवा संगठनों समेत, सभी स्तरों पर आदान-प्रदान बढ़ाने के संकल्प को दोहराया।

## फरमाया



**कांग्रेस** ने खोदा पहाड़, निकली चुहिया, वह भी मरी हुई।
**- मनोहर लाल खट्टर**
हरियाणा के मुख्यमंत्री



**ऐसी** टिप्पणी में महिला को किस नजर से देखा गया है। आप जैसी सोच वाले लोगों के कारण हरियाणा को अपराध की राजधानी कहा जाता है।
**- कुमारी शैलजा**
हरियाणा कांग्रेस अध्यक्ष



**समुद्र** के बीच जहाज डूबने पर कैप्टेन सबको सुरक्षित निकालता है। लेकिन राहुल गांधी ऐसे कैप्टेन हैं जो कांग्रेस का जहाज डूबता देख भाग गए।
**- असदुद्दीन ओवैसी**
एआईएमआईएम अध्यक्ष

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।
www.dailypioneer.com

### डिजिटल शिष्टाचार की जरूरत

**बीते** दिनों यू. जी. सी. ने युवाओं को सोशल मीडिया की नैतिकता और शिष्टाचार सिखाने के लिए इसे स्नातक स्तर के पाठ्यक्रम का हिस्सा बना दिया है। सोशल मीडिया के दुरुपयोग को देखते हुए उसके बारे में युवाओं को जागरूक करने के लिए इस तरह के पाठ्यक्रम की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। आजकल सोशल मीडिया हमारे जीवन में निरंतर बढ़ती उपयोगिता के साथ-साथ उसके निहित स्वार्थी तत्वों द्वारा उसका दुरुपयोग भी बढ़ता जा रहा है। आज सोशल मीडिया को कुछ लोगों ने अपने दुष्प्रचार का माध्यम बना लिया है जिसके कारण फेक और नफरत फैलाने वाली खबरों की एक अलग ही दुनिया बन गयी है जो समाज को बांटने और आपसी विश्वास में दरारें डालने का काम कर रही है। बड़े पैमाने पर अफवाहों, खौफ और नकारात्मक खबरों को प्रसारित करने में सोशल मीडिया की भूमिका को लेकर कई बार इसे नियमित और नियंत्रित करने के लिए सख्त कानून बनाने की मांग भी उठती रही है। सोशल मीडिया में झूठी खबरों की समस्या की गहराई का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि अधिकांश परंपरागत माध्यम जैसे रेडियो, टी.वी और पत्र-पत्रिका ने फेक न्यूज को जानने के लिए फैक्ट टीम बनाने लगे हैं।

**- बिजेंद्र कुमार**, दिल्ली विविद्यालय

### बाजारवाद के खतरे

**आज** की भागदौड़ भरी जिंदगी में बाजारवाद और इसकी ताकतवर व्यवस्था के प्रभाव से समाज का कोई भी वर्ग अछूता नहीं रहा है। हालात यह हो गये हैं कि सनातन धर्म की संस्कृति व त्यौहारों की बेहद गौरवशाली परम्पराएं भी बाजारवाद के आसान शिकार बन गये हैं। देश में स्थिति ऐसी हो गयी है कि अब तो हम लोग किसी दूसरी संस्कृति व विचारों को भी बिना सोचे समझे बाजार के जादू के चलते अपना रहे हैं। बाजारवाद ने सभी सीमाओं को तोडने का काम किया हैं। लेकिन विचारयोग्य बात यह है कि देश में बन गये बाजारवाद और अर्थवाद की संस्कृति के इस संक्रमण काल में भी भारतीय संस्कृति व मूल्यों के प्रति समर्पित एवं संवेदनशील बने रहना बहुत बड़ी चुनौती की बात हो गयी है। इस बाजारवाद व पाश्चात्य मानसिकता के प्रभाव वाले दौर में भी हमकों अपनी गौरवशाली भारतीय संस्कृति को बचायें रखना है। वैसे आज देश में अलग तरह का राष्ट्वाद चरम पर हैं जिसका आधार बहुत ही तेजी से दिनप्रतिदिन मजबूत होता जा रहा है। लेकिन उसके बाद भी शहरी परिवेश में सनातन धर्म और भारतीय संस्कृति पर पाश्चात्य अंग्रेजी शैली कुछ ज्यादा हावी हुई है।

**- दीपक कुमार त्यागी**, मेल से

### कांग्रेस की मुसीबतें

**सोनिया** गांधी विरासत संभाल रही हैं और वे वरिष्ठ लोगों को पार्टी संचालन का मौका देते हुए भी उनकी विनाशकारी प्रवृत्तियों पर लगाम लगाना संभव मानती हैं। सर्वाधिक स्वीकार्य नेता अहमद पटेल को उन्होंने चुनाव समन्वय समिति का प्रमुख बनाया है। यदि उग्र युवा अतीत की तरह कांग्रेस से अलग होने का फैसला करें तो निरर्थक लोगों को हटा कर नई पहचान बना सकते हैं। राजनीतिक विश्लेषक भी मानते हैं कि कांग्रेस में पुरानी व्यवस्था समाप्त होनी चाहिए। यदि राहुल सफल होते हैं तो नई पार्टी स्वतः ही वैध हो जाएगी। शायद इसी कारण हरियाणा व महाराष्ट्र में उनके समर्थक समस्यायें खड़ी कर रहे हैं। सोनिया गांधी हरियाणा में पूर्व राज्य अध्यक्ष व राहुल समर्थक अशोक तंवर का बलिदान कर भूपेन्द्र सिंह हुड्डा को आगे बढ़ा रही हैं। तंवर के विरोधी तेवरों से पार्टी को नुकसान हो सकता है। महाराष्ट्र में भी विद्रोह की स्थिति है। मध्य प्रदेश में ज्योतिरादित्य समर्थक राज्य इकाई में अपना दबाव बढ़ा रहे हैं। राजस्थान में सचिन पाइलेट की यही स्थिति है।

**- सचिन राठौर**, कानपुर

# गौठानों के गोबर से महिला समूह बना रही खूबसूरत-आकर्षक दीये

## क्विक न्यूज



### गांधी जयंती पर खाद्यान्न सुरक्षा के प्रति जागरूक बने

**बेमेतरा।** लायनेस क्लब प्रेरणा तथा विविड इंग्लिश मीडियम स्कूल द्वारा विश्व खाद्य दिवस के अवसर पर तथा महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के उपलक्ष में अन्न बचाओ, भुखमरी दूर भगाओ संदेश देने हेतु गंजपारा में कार्यक्रम तथा रैली का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में ललिता साहू ने महात्मा गांधी के आदशो, मूल्य को शाश्वत और सार्वभौमिक माना मानव जीवन की विसंगतियां तथा समस्याओं को सुलझाने का सबसे उपयोगी व्यावहारिक और सरल तरीका बताया रैली गंजपारा भ्रमण करते हुए बच्चों ने महात्मा गांधी अमर रहे तथा खाद्यान्न सुरक्षा के संदर्भ में लोगों को जागरूक करने हेतु नारे लगाए।

### 4 व्यक्तियों के खिलाफ पुलिस ने की कार्यवाही

**बेमेतरा।** जिले में संज्ञये अपराध की रोकथाम हेतु धारा 151 के तहत 3 व्यक्तियो के विरूद्ध पुलिस ने कार्यवाही किया। प्रार्थी विक्रम पटेल पिता स्व रामपाल सिंह की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी द्वारा सेमसंग मोबाईल कीमत 10,990 रू को चोरी कर ले जाने, प्रार्थी ललित कुमार साहू पिता स्व पुनाराम साहू ग्राम पिपरभटठा की रिपोर्ट पर आरोपीगणों द्वारा द्वारा गाली गलौच कर मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने और प्रार्थी मूलचुद्र पिता पुसउ साहू ग्राम सिलघट क्षत्रिय की रिपोर्ट पर आरोपी देशमख बाबू कानूनगो तहसील कार्यालय बेरला द्वारा गाली गलौच कर मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने व प्रार्थी यज्ञदत्त देशमुख पिता स्व कृष्ण प्रसाद ग्राम वार्ड 52 आदर्श नगर दुर्ग की रिपोर्ट पर आरोपी मूलचंद्र पिता पुसउ ग्राम सिल्घट क्षत्रिय द्वारा गाली ,जान से मारने की धमकी देने व बाधा उत्पन्न करने पर अपराध पंजीबद्ध कर पुलिस ने मामला विवेचना में लिया है।

### मतदाता सत्यापन और विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की बड़ी अवधि

**बेमेतरा।** भारत निर्वाचन आयोग ने मतदाता सत्यापन कार्यक्रम के साथ मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण की समयावधि बढ़ा दी है। फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण और मतदाता सत्यापन कार्यक्रम की समय.सारणी में हुए संशोधन के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य के लिए पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। जारी कार्यक्रम के अनुसार 18 नवम्बर सोमवार तक इस पर केन्द्रित गतिविधियां पूरे छत्तीसगढ़ राज्य में गहनता से संचालित किया जायेगा।उल्लेखनीय है कि पूर्व में मतदाता सत्यापन कार्यक्रम के अन्तर्गत मतदाताओं को अपने मतदाता होने का सत्यापन कराने के लिए 15 तक की तिथि निर्धारित थी। जिसे अब बड़ा दिया है।

---

■ कलेक्टर ने पायनियर के जरिये लोगों से गोबर व मिट्टी के दिये इस्तेमाल करने की अपील

रवि भूतड़ा < बालोद
www.dailypioneer.com

पायनियर खास


जिले में इस बार गोबर से बने दियों से दीवाली रौशन होगी। छत्तीसगढ़ सरकार की महत्त्वकांक्षी योजना नरवा,गरवा, घुरवा अऊ बाड़ी बालोद जिले में मूर्त रूप ले रही हैं और महिलाओं के लिए स्वरोजगार का साधन भी बन रही हैं। जिले के आदर्श गौठानों में एकत्रित गोबर से महिलाएं दिवाली के लिए दिए तैयार कर रही हैं। जिसे बालोद जिले के सभी जनपद कार्यलयों में तथा कलेक्टोरेट परिसर में स्टॉल लगाकर लोगों को गोबर से बने दिए का उपयोग करने जागरूक किया जाएगा और इसका प्रचार.प्रसार किया जाएगा।

जिसके बाद इसे बाजारों में बेचा भी जाएगा। जिससे महिलाओं को अच्छी खासी आमदनी होगी। गोबर में प्रिमिक्स नामक पाउडर को मिलाकर सांचे में ढाल कर दियों को तैयार किया जा रहा हैं। इतना ही नही तैयार दियो में रंग बिरंगे कलर भी लगाए जा रहे है। जिससे दिए बेहद ही खूबसूरत और आकर्षक नजर आ रहे हैं। दीवाली के समय गोबर से बने इस दियों से लक्ष्मी व गोवर्धन पूजा के दिन जिले के गौठान भी जगमगाएंगे। जिसकी तैयारी संबंधित ग्राम पंचायत द्वारा की जा रही हैं। बालोद कलेक्टर रानू साहू ने भी महिलाओं की इस काम की तारीफ की हैं। श्रीमती साहू ने पायनियर के माध्यम से लोगों से गोबर से बने दिए व मिट्टी के बने दिए का इस्तेमाल करने की अपील की हैं। रानू साहू ने आगे यह भी कहा कि इस बार जिले के अधिकारी व कर्मचारी भी गोबर व मिट्टी से बने दिए का उपयोग करेंगे। साहू ने अपने घर मे भी गोबर से बने इस दिए का इस्तेमाल करने की बात कही हैं।

**बिहान योजना से जुड़ी महिलाओं को मिला रोजगार, गोबर से दिए के साथ गणेश व लक्ष्मी की मूर्ति का भी करेंगे निर्माण**

### महिला समूहों में हैं भारी उत्साह.

चरोटा में बने आदर्श गौठान में महिला समूह गोबर से दियों का निर्माण कर रही हैं। महिला समूह की सदस्य रीना विश्वकर्मा ने पायनियर को बताया कि बिहान योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त हुआ है। प्रशिक्षण में गोबर से दिया और अन्य प्रकार की सामग्री जैसे स्वास्तिक, ओम तथा गणेश व लक्ष्मी माता की मूर्ति का निर्माण सांचे के जरिये कैसा किया जाता हैंए हम लोगों को सिखाया गया हैं। दिए के निर्माण से हम सभी महिलाओं में बेहद उत्साह है और हम खुश हैं कि हमें रोजगार मिला हैं। एनआरएलएम से ओमलता देशमुख ने बताया कि गोबर व गोबर से बने छेना को मिक्स कर के उसमें प्रिमिक्स पाऊडर को अच्छे मिलाना हैं। उसके बाद जो मसाला तैयार होगा उसको सांचे में डाल कर अच्छे से दबाया जाता हैं। जिसके बाद सांचे के आकार के बराबर दिया बनकर तैयार हो जाता है। जिसे धूप में सुखाया जाता हैं। सूखने के बाद उसमे रंग रोगन किया जाता हैं। तब जाकर दिया तैयार होता हैं।





गौठानों को आत्मनिर्भर बनाना है तथा रूलर इकॉनामी से संबंधित एक्टिविटी भी शुरू करनी हैं, इसीलिए गोबर से दिए बनाने की ट्रेनिंग हमने महिला स्व सहायता समूहों की दी है, इस दिवाली में पायनियर के माध्यम से अपील करती हूं आम जनता से मिट्टी व गोबर से बने दिए का ही उपयोग करे। अन्य किसी भी प्रकार से बने दिए का उपयोग न करे।
**-रानू साहू,** कलेक्टर बालोद

### जिले के 5 आदर्श गौठानों में गोबर से दिए बनाने का काम हैं जारी

बिहान योजना के तहत बालोद जिले के पांचों विकासखण्ड में बने आदर्श गौठानों में महिला समूह द्वारा गोबर से दिए तैयार करने का काम जारी हैं। बालोद विकासखण्ड के ग्राम चरोटा, गुरुर विकासखण्ड के ग्राम दढारी, डौंडी विकासखण्ड केभर्रीटोला.43, डौंडीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम मनकी तथा गुंडरदेही विकासखण्ड के ग्राम कोड़ेवा में बने आदर्श गौठानों में मिशन बिहान योजना के तहत महिला समूह सांचे के जरिये गोबर से आकर्षक व खूबसूरत दिए बनाने का कार्य जारी हैं। इतना ही नही गोबर व प्रीमिक्स पाऊडर से दियों के अलावा स्वास्तिकए ओमए शुभ.लाभ तथा गणेश और लक्ष्मी माता की मूर्ति का भी निर्माण किया जा हैं। सहायक जिला परियोजना अधिकारी नितेश साहू ने पायनियर को बताया कि आने वाले समय में गोबर से अगरबत्ती व धूप का भी निर्माण कराया जाएगा। श्री साहू ने आगे बताया कि मिशन बिहान योजना से बालोद जिले में 40 हजार से ज्यादा महिलाएँ जुड़ी हुई हैं, और प्रत्येक समूह में 12 महिकाएं जड़ी हुई हैं। महिलाओं को स्वालंबन बनाने व स्वरोजगार के लिए सभी महिलाओं को गोबर से दिए व विभिन्न प्रकार की कलाकृति और सामग्री बनाने के लिए प्रशिक्षण भी दिया गया हैं। समूह की महिलाएं भी इस काम से बेहद खुश नजर आ रही हैं। क्योकि उन्हें स्वरोजगार का साधन बन मिल गया हैं।

---

सेवा सहकारी समिति का धान उपार्जन केन्द्र स्थायी नहीं बन सका

# पांच साल से औचित्यहीन साबित हो रहा है साढ़े 4 लाख रुपए का भवन

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

जिला मुख्यालय में स्थित सेवा सहाकरी समिति का धान उपार्जन केन्द्र अभी तक स्थायी रूप से नहीं है। इससे हर साल किसानों का धान खरीदी के लिए दूसरे संस्था के भूमि पर अस्थायी रूप से धान खरीदी किया जाता है। जबकि पांच साल पूर्व करीब साढ़े चार लाख की लागत से जिला मुख्यालय से चार किलो मीटर दूर पर इस संस्था का भवन बन कर तैयार है जिसका अभी तक किसी भी तरह का उपयोग नहीं पाया है।

जिससे वह भवन सेवा सहकारी समिति बेमेतरा मुख्यालय में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक कार्यालय के पास स्थित है जहां पर केवल कार्यालय संबंधित कार्य हो पाता है और हर साल किसानों के धान की खरीदी करने के लिये कभी सहकारी वियणन समिति के खाली मैदान का उपयोग किया जाता है तो कभी कृषि उपज मंडी परिसर का उपयोग करते है क्योकि स्वंय के पास किसानों के धान खरीदकर रखने के लिए पर्याप्त जगह नही है। इसी कारण से बेमेतरा समिति के अंतर्गत कृषि ग्रामीण योजना के तहत् पांच साल पूर्व लगभग साढ़े चार लाख की लागत से ग्राम लोलेसरा ग्राम पंचायत क्षेत्र में 0.80 हेक्टेयर भूमि पर भवन बनाया गया।

यह भूमि रायपुर कवर्धा नेशनल हाईवे पर स्थित है जो ग्राम पंचायत लोलेसरा के द्वारा दी गई है। इसके बाद भी इस भवन का उपयोग अभी तक नही हो पाया। वही किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए एवं नगर में लगातार बढ़ते यातायात व्यवस्था को देखते हुए सेवा सहकारी समिति के द्वारा बीते खाली भवन का उपयोग करने के लिए बेमेतरा धान खरीदी केन्द्र का उपकेन्द्र प्रारम्भ करने का प्रस्ताव पारित कराया गया और उसे मुख्यालय सहित अन्य मंत्रियों एवं कलेक्टर को उसकी कापी सौपा गया लेकिन अभी तक शासन प्रशासन स्तर पर भी कोई सकरात्मक परिणाम सामने नही आया है।

### दो स्थानों पर खरीदी की योजना

सेवा सहकारी समिति अंतर्गत तेरह गांव के किसान प्रत्येक साल अपना धान बेचने के लिए बेमेतरा में अस्थायी रूप से बनाये गये धान खरीदी केन्द्र कृषि उपज मंडी में लाते है और मंडी में



धान खरीदी करने के लिए जितना स्थान मिलता है उससे कर्मचारियों को धान खरीदी के संचालन, परिवहन, तौलाई, पार्किंग जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इसीलिए ग्राम लोलेसरा में बने भवन को धान खरीदी उपकेन्द्र में प्रारम्भ किया जा सकता है। इस संबंध में बेमेतरा सेवा सहकारी समिति के द्वसास किसानों को होने वाली परेशानी को देखते हुए लोलेसरा में स्थित भवन को धान खरीदी उपकेन्द्र के रूप में प्रारम्भ का प्रस्ताव भेजा गया है इससे बेमेतरा सहकारी सेवा समिति के किसानों का धान दो स्थान से खरीदी जा सकेगी इस भवन में चारए पांच चबुतरा बनाया गया है। इसके साथ ही उसको सुरक्षित रखने के लिये चारों तरफआहाता निर्माण भी किया जा चुका है। इससे ग्राम लोलेसरा, बैजी, बहेरा, चारभाठा, भजगांव, ढोलिया के किसान लोनेसरा उपकेन्द्र में अपना धान बेचने में सुविधा होगी और मोहभट्ठा, पिकरी, मड़ पार, बेमेतरा कोबिया, बिलइ, नवलपुर के किसान कृषि उपज मंडी केन्द्र में बेचने में सहुलियत होगा। इससे समय एवं आने जाने का खर्च बचत होगा। लोलेसरा धान खरीदी उपकेन्द्र बनने के बाद किसानों से खरीदे गये धान को रखने की भी समस्या समाप्त हो जायेगी। क्योकि लोलेसरा में दो एकड़ खाली जगह है।

### दस उपकेन्द्र खोलने का प्रस्ताव

किसानों को सुविधा देने के लिये जिले के विभिन्न दस गांव में धान खरीदी के लिए प्रस्ताव जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के द्वारा खाद्य विभाग को भेजा गया है किन्तु अभी इस पर अंतिम निर्णय नहीं लिया जा सका जिले के जिन स्थानों में उपकेन्द्र खोलने का प्रस्ताव है। उसमें इस पर अंतिम निर्णय नही लिया जा सका जिले के जिन स्थानों में उपकेन्द्र खोलने का प्रस्ताव है उसमें लोलेसरा, बेरला ब्लाक के पतोरा, डुड़ा, लेजवारा, भउ,नारायणपुर, जंगलपुर, मजगांव, अकलवारा साजा ब्लाक के नाम शामिल है इस सेबेध में बेमेतरा सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष बहल राम वर्मा ने बताया है कि बेमेतरा के अलावा लोलेसरा में किसानों के लिए धान खरीदी उपकेन्द्र के लिए विधायक आशीष छाबड़ा से आग्रह किया गया है। परन्तु अभी तक आदेश नहीं मिला है।

जिले दस स्थानों पर धान खरीदी का उपकेन्द्र बनाने का प्रस्ताव खाद्य विभाग को भेजा गया है। लेकिन अभी तक आदेश नहीं आया है।
**-राजेन्द्र वारे,** नोडल अधिकारी जिला सहकारी केन्दीय बैंक बेमेतरा

---

## पानी निकासी की अव्यवस्था से परेशान व्यापारियों ने सौंपा ज्ञापन



पायनियर संवाददाता < भिलाई
www.dailypioneer.com

वार्ड 38 रविशंकर शुक्ल मार्केट में जुझ रहे पानी निकासी की समस्या का निराकरण निगम द्वारा फ्लाई ओवर ब्रिज के निर्माण से पहले नहीं किए जाने से रूष्ट मार्केट के व्यापारियों ने कल्याण सेवा जनजागृति संगठन के प्रदेशाध्यक्ष सुमन शील को अपनी व्यथा को सुनाते हुए निकासी की अभाव से रुबरु कराया। समस्याओं से जुझ रहे व्यापारी बिमल कृष्ण, निर्मल पुष्कर, जितेन्द्र सरकार, पूजालाल जैन, अनिल, मोहन रेड्डी, अर्जुन सोनी, गोपाल दास, सहित अनेकों ने बताया कि, निगम के अधिकारी से लेकर चुने हुए जनप्रतिनिधि प्रतिदिन मार्केट के सामने बने हाईवे रोड से आवागमन करते रहते है यह तक की वर्षा के समय लगभग बंद हो चुकी नाली से निकासी की अभाव के कारण से कई दिनों तक मार्केट के व्यापारियों के दुकानों के भीतर पानी का जमावड़ा से होने वाले लाखों रुपए की क्षती होने की जानकारी से अवगत रहने तथा निकासी के अभाव से हाइवे रोड के ऊपर से पानी का बहने के चलते यातायात सड़क बाधा जाम पहुँचने से वाकिफ रहने के बावजूद पानी की निकासी से निजात दिलाए बगैर हाईवे रोड पर फ्लाई ओवर ब्रिज का निर्माण के होने का इंतजार कर करोड़ो रुपयों की बर्बादी का तमाशा देख रहे हैं।

निकासी की समस्या से जूझते हुए व्यापारियों की दुर्दशा से अवगत होने के उपरांत सामाजिक कार्यकर्ता सुमन शील ने समस्या के निदान दिलाने के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल तथा जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपेने एवं समस्या का निदान नहीं मिलने पर पावर हाउस चौक में बनें बाबा अम्बेड़कर के प्रतिमा के सामने धरना प्रदर्शन किए जाने का आश्वासन उपस्थित व्यापारियों को दी है।

---

## अप्रत्यक्ष चुनाव के विरोध में भाजपा का धरना प्रदर्शन

पायनियर संवाददाता < भिलाई
www.dailypioneer.com



बुधवार को वैशाली नगर विधानसभा के चंद्रा मौर्या टॉकीज चौक में अपरान्ह 2 बजे छ.ग.शासन के अप्रत्यक्ष चुनाव स्थानीय निकाय चुनावों में करवाये जाने के निर्णय का विरोध करने हेतु जिला भाजपा भिलाई द्वारा एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सांवलाराम डहरे ने की धरना कार्यक्रम संध्या 5 बजे स्थानीय प्रशासन के माध्यम से महामहिम राज्यपाल के नाम लिखा ज्ञापन सौंपकर अप्रत्यक्ष रूप से स्थानीय निकाय चुनावों का विरोध किया डाहरे ने कहा कि, सरकार प्रदेश जनता पर विश्वास नहीं करती इसलिए जनता को उसके अधिकार से वंचित कर दिया, यह सरकार एहसान फरामोश है जिस ईव्हीयम मशीन ने काँग्रेस के 65 विधायक उगल उसी मशीन पर अविश्वास कर रही है। कार्यक्रम को खिलावन साहू प्रभु नाथ मिस्त्र शंकर लाल देवांगन कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री विनीत वाजपेयी ने किया। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिले के उपाध्यक्ष आर.जे.सिंह, पुरषोत्तम देवांगन, प्रमोद अग्रवाल, आईटी सेल जिला संयोजल संतोष सिंह, प्रीति जाधव, मनोज तिवारी, रामानंद मौर्या, विजेंद्र सिंह, एस.मोहन, सुरेश शुक्ला आदि उपस्थित थे।

## क्यूसीएफआई, भिलाई चैप्टर की बैठक संपन्न

पायनियर संवाददाता < भिलाई
www.dailypioneer.com



क्वालिटी सर्कल फोरम ऑफ इण्डिया, भिलाई चैप्टर का एनुअल जनरल बॉडी मीटिंग का आयोजन बाल्को, कोरबा के एल्यूमिनियम क्लब में आयोजित किया गया। इस वार्षिक बैठक में क्यूसीएफआई, भिलाई चैप्टर के पदाधिकारियों व आजीवन सदस्यों ने भाग लिया। कार्यक्रम के प्रारंभ में बाल्को के लीड बीई एवं क्यूसीएफआई के आजीवन सदस्य श्री शाश्वत पाठक ने उपस्थित पदाधिकारियों व सदस्यों का अभिनंदन करते हुए स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में क्यूसीएफआई के डायरेक्टर एवं भिलाई चैप्टर के महासचिव जी.पी.सिंह ने क्यूसीएफआई, भिलाई चैप्टर के वर्ष भर के विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों व आयोजनों तथा सीएसआर के तहत किए गए प्रयासों से सभा को अवगत कराया। इसी क्रम में बाल्को के डायरेक्टर बिजनेस एक्सीलेंस अनुराग तिवारी ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि, आज जो च।लिटी को अपनाएगा, वही सर्वाइव कर पाएगा। इसी प्रकार बाल्को के पॉवर प्लांट के ओएंडएम के हेड आशुतोष द्विवेदी ने ग्लोबल काम्पीटिशन का जिक्र करते हुए कहा कि, प्रत्येक संगठन को प्रगति करने के लिए आवश्यक है कि, संगठन का प्रत्येक व्यक्ति अपना श्रेष्ठतम योगदान दे। इस अवसर पर चैप्टर के वाइस चेयरमैन दीपक प्रसाद, सचिव जी.पी.सिंह, संयुक्त सचिव सुनील देशमुख, कोषाध्यक्ष जे.मनीष कुमार, प्रशिक्षण प्रभारी एस.के.त्रिवेदी, ईडब्ल्यूसी सदस्य के. एस.तोमर, नेहा साहू, आजीवन सदस्य श्रीमती बबिता सिंह, शाश्वत पाठक तथा चैप्टर के पीआरओ सत्यवान नायक सहित बड़ी संख्या में आजीवन सदस्य उपस्थित थे।

---

प्रबंधन-ंचालन विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

# गौठान प्रबंधन समिति में ग्रामीणों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



प्रदेश सरकार की फ्लैगशिप सुराजी गांव योजना नरवा, गरूवा, घुरूवा अउ बाड़ी के सरंक्षण और संवर्धन के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे है। इसी क्रम में गौठान प्रबंधन एवं संचालन विषय पर जिला पंचायत सभाकक्ष में एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में कृषि, पशुपालन, मछली पालन, उद्यानिकी,जल संसाधन, पंचायत विभाग के विकासखण्ड एवं जिला स्तर के अधिकारी उपस्थित थे। कार्यशाला को संबोधित करते हुए कलेक्टर शिखा राजपूत तिवारी ने कहा कि गांव की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने और गांव को समृद्धशाली बनाने के लिए सुराजी गांव योजना चलायी जा रही है। जिले में महात्मा गांधी नरेगा के अंतर्गत 66 गौठान का निर्माण कर लिया गया है। ग्रामीणों को गोठान से जोड़कर रोजगार मूलक गतिविधियों का संचालन किया जाएगा। इस कार्य में महिला समूहों को जोड़ा जा रहा है ताकि इसके माध्यम से वे अपनी अजीविका चला सके और आर्थिक रूप से स्वावलंबी बन सके। गौठान प्रबंधन समिति में ग्रामीणों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। गौठान के गोबर से वर्मी कम्पोस्ट खाद तैयार कर गौठान प्रबंधन समिति को मजबूत किया जाएगा। कलेक्टर ने किसानों से फ सल अवशेष खेत में न जलाने की अपील की। किसान गौठानों में चारा हेतु पैरा दान कर सकते हैं। फ सल अवशेष जलाना नेशनल ग्रीन ट्यूबनल (एनजीटी) के नियमों का उल्लंघन है। गौठान को डे.केयर के रूप में विकसित किया जाएगा। दुग्ध उत्पादन से ग्रामीणों की आमदनी बढ़ेगी। राज्य ग्रामीण विकास प्रशिक्षण संस्थान निमोरा रायपुर के मास्टर ट्रेनर आनंद रघुवंशी ने कम्प्यूटर आधारित प्रस्तुतिकरण के जरिए सुरूचि पूर्ण ढ़ंग से प्रशिक्षण दिया। उन्होंने बताया कि पुराने अवस्था में समृद्ध गांव की कल्पना को साकार करने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा नरवा, गरूवा, घुरूवा अउ बारी योजना संचालित की जा रही है। सब्जी का उत्पादन गांवों में ही होने लगे ताकि लोगों की जरूरतों की पूर्ति गांवों से ही हो सके।

जब गांव समृद्ध होंगे तो प्रदेश भी समृद्ध बनेगा। रघुवंशी ने प्रस्तुतिकरण के दौरान बताया कि प्रदेश की 76.67 प्रतिशत आबादी ग्रामीण है। छग में 80 प्रतिशत भाग में एक फसल ही ली जाती है। आज से 30.40 वर्ष पहले छत्तीसगढ़ में ढाई से तीन करोड़ गौवंश था आज पशुओं की संख्या आधी होकर वर्तमान में लगभग 1.24 करोड़ रह गई है। पहले मनुष्य की आबादी कम थी और पशु अधिक थे किन्तु अब मनुष्य की आबादी बढ़ गई और पशु कम हो गए है।

उन्होंने बताया कि प्रदेश में 3500 से ज्यादा नरवा है। भारत के कुल 173 में से 83 लोक कलाएं छत्तीसगढ़ में विद्यमान है। हिमालय के बाद छत्तीसगढ़ दूसरा स्थान है जहां से अधिक नंदिया निकलती हे। प्रदेश में 50 हजार से ज्यादा तालाब है। रघुवंशी ने कहा कि गौठान समिति में जनभागीदारी होना आवश्यक है ग्रामीणों को प्रेरित करते हुए उन्हें समझाना होगा कि गौठान का प्रबंधन आप लोगों को ही करना है। ग्राम पंचायत की स्थायी कृषि एवं पशुपालन समिति के अधीन ग्राम गौठान समिति कार्य करेगी।

### सड़क दुर्घटना रोकने, यातायात नियमों का पालन करने की अपील

**बेमेतरा।** सड़क दुर्घटना में कमी लाने एवं लोगों को जागरूक करने के लिए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारीशिखा राजपूत तिवारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय स?क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें जिले में यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित रूप प्रदान करने के संबंध में चर्चा एवं विमर्श किया गया। जिलाधीश ने बढ़ती सड़क दुर्घटना पर चिंता जाहिर करते हुए दुर्घटना की विशेष संभावना वाले क्षेत्रों में दुर्घटना रोकने के संबंध में उपयुक्त व्यवस्था करने के निर्देश दिये। बैठक में उपयुक्त स्थानों पर स्पीड ब्रेकर रेडियम युक्त साइन बोर्डए गति नियंत्रक बोर्ड लगाने के संबंध में चर्चा की गई।


**कार्यालय कलेक्टर, (आदिवासी विकास शाखा) जिला उत्तर बस्तर कांकेर**

क्रमांक/अवि./निर्माण/एनआईटी. क्र.80/2019-20 — कांकेर, दिनांक 15.10.2019

// निविदा //

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मैनुअल निविदा प्रपत्र बार आमंत्रित की जाती है। निविदा हेतु ''D'' श्रेणी एवं उच्च, ठेकेदार पात्र होंगे। प्रति निविदा पत्र की कीमत 750 रुपये है, कार्य पूर्ण करने की अवधि 13 माह वर्षा ऋतु सहित होगी।

1. निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि — 24.10.2019 (सायं 5.00 बजे तक)
2. निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि — 26.10.2019 (पूर्वान्ह 11.30 से सायं 5.00 बजे)
3. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि — 04.11.2019 (सायं 5.00 बजे तक)
4. निविदा खोले जाने की तिथि — 05.11.2019 (पूर्वान्ह 11.00 बजे)

इस कार्य की विस्तृत निविदा कार्यालय में देख सकते हैं।

| क्र. | कार्य का नाम | वि.खं. | कार्य की अनुमानित राशि (लाख में) | धरोहर |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1. | पो.मै.आदिवासी बालक छात्रावास कांकेर में पुराने भवन का उन्नयन कार्य भाग-1 | कांकेर | 9.50 | 7125 |
| 2. | पो.मै. आदिवासी बालक छात्रावास कांकेर में पुराने भवन का उन्नयन कार्य भाग-2 | कांकेर | 10.00 | 7500 |
| 3. | पो.मै. आदिवासी बालक छात्रावास कांकेर में इन्टर लॉकिंग कांक्रीट ब्लाक एवं वाटर हार्वेस्टिंग निर्माण कार्य। | कांकेर | 10.00 | 7500 |
| 4. | पो.मै.आदिवासी बालक छात्रावास कांकेर में सेड (प्रोफाइल सीट) निर्माण कार्य भाग-4 | कांकेर | 10.00 | 7500 |
| 5. | पो.मै.आदिवासी बालक छात्रावास कांकेर में टाईल्स फिटींग कार्य भाग-5 | कांकेर | 10.00 | 7500 |

सहायक आयुक्त
आदिवासी विकास कांकेर

जी-74208/4

## क्विक न्यूज

### आयुष्मान योजना का आमजन तक नहीं पहुंच रहा लाभ

**रायगढ़।** भले ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गरीब व मध्यम वर्ग के लोगों के लिए महंगे इलाज पर आयुष्मान योजना की सुविधा की घोषणा कर दी हो, पर इस योजना का लाभ लेने के लिए आम जनता काफी परेशान है। घंटो लाईन में लगने के बाद भी संबंधित केन्द्रों में न तो कार्ड बन रहे हैं और न ही उन्हें कोई जानकारी मिल पा रही है। स्थिति यह है कि सुबह से शाम तक वहां पहुंचने वाले लोग प्रशासन को कोसने से नहीं चूक रहे। प्राप्त जानकारी के अनुसार स्वास्थ्य विभाग ने आयुष्मान योजना के लिए अलग-अलग चार केन्द्र बनाए हैं, लेकिन वहां स्टाफ तथा मशीन की कमी के चलते भीड़ बढ़ती जा रही है। इससे वहां पहुंचने वाले लोग स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को और मशीनें और स्टाफ बढ़ाने का आग्रह कर रहे हैं।

### पिकअप में लोड़ दो लाख का पटाखा पकड़ाया

**रायगढ़।** सारंगढ़ क्षेत्र के कनकबीरा पुलिस ने पिकप में लोड़ दो लाख रुपए का अवैध फटाखा जब्त किया है। वाहन चालक के पास फटाखे के परिवहन से संबंधित कागजात नहीं मिलने पर यह कार्रवाई की गई है। बीती रात पुलिस चौकी प्रभारी कनकबीरा प्रभारी एवं स्टाफ द्वारा थाना प्रभारी सारंगढ़ की सूचना पर ग्राम बटाऊपाली, मानिकपुर के बीच सारंगढ से सरायपाली रोड पर नाकाबंदी कर पीकअप वाहन से अवैध रूप से परिवहन की जा रही वाहन को रोककर जांच किया गया। वाहन के डाला में 50 बाक्स (कार्टुन) फटाखा भरा हुआ पाया गया।

### पत्थरबाजी मामले में 6 नामजद सहित 40 पर एफआईआर

**रायगढ़।** 27 सितम्बर को तमनार विकासखंड के डोलेसरा में हुए जनसुनवाई के बाद वहां पुलिसवालों पर हुई पत्थरबाजी के मामले में पुलिस उन जनसंगठनों पर भी कार्रवाई के मूड में है जो वहां लोगों का नेतृत्व कर रहे थे। पुलिस का कहना है कि यदि भीड़ का आप नेतृत्व कर रहे हैं तो उसे संभालने की जिम्मेदारी भी उन्हीं की है। इसलिए पत्थरबाजी की जिम्मेदारी से वे बच नहीं सकते। 27 सितंबर को हुए पत्थरबाजी के मामले में पुलिस ने 6 नामजद लोगों सहित 40 लोगों पर एफआईआर किया है। आरोपियों पर पुलिस ने बलवा, धमकी, लोगों को उकसाने, आपराधिक षड्यंत्र रचने, लूट सहित कई धाराएं लगाई है। इस मामले में अब तक दो लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है। जिसमें एक सेना का जवान भी शामिल है।

# ओव्हर राइटिंग कर लाखों निकालने का मामला उजागर

## टीए-डीए पर पड़ी कर्मचारियों की नजर, बे टिकट यात्रा करते हैं स्वास्थ्य केन्द्र के शासकीय कर्मचारी

धनेश्वर साहू | जैजैपुर
www.dailypioneer.com




चाहे इंसान कितना भी पैसा कमाये लेकिन उस इंसान का पैसा का लालच हमेशा बना रहता है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द जैजैपुर में एक देखने को मिला कि पैसे के लिए टी ए एवं डी ए में ओव्हर रायटिंग कर लाखों निकालने का मामला उजागर हुआ है।

आज कि दुनिया ही ऐसी हो गयी है कि हर इंसान को पैसा का लालच क्या क्या करा डालता है। यह समाचार सुचना के अधिकार से निकालने पर सामने आया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जैजैपुर के कर्मचारी जिस गांव पर बस नही चलता वहॉ पर बस किराया बता रहे है दुसरी बात यह भी आया कि यात्रा कम दुरी का करते हैं और अधिक दुरी का यात्रा भत्ता निकालते है यह मामला 2018 का सूचना के अधिकार से खुलासा हुआ। चौकाने वाली बात यह है कि यहॉ के स्वास्थ्य कर्मचारियो से किसी भी बस वाल टिकट नही लेते नही तो टिकट को चस्पा किया जाता। एक और बात यह है कि जो टिकट कि बात कही जाती है।

वह थोक के हिसाब से कंडेक्टर से मिल कर एक सिरियल का टिकट लगाते हैं इससे साफ यह जाहिर होता है कि इस टी ए एवं डी ए यात्रा भत्ता मे लाखो रू का चुना कर्मचारी लगा रहे है।

■ -हमने जो यात्रा बिल दिये है वह हमारे बी एम ओ के द्वारा पास किया गया है। हमारे द्वारा टी ए एवं डी ए बील में ओव्हर रायटिंग नही किया गया है इसके बारे मे बी एम ओ बंजारे साहब ही बता पायेगे। बस यात्रा के बारे मे हमारे द्वारा सही जानकारी दिया गया है जो भी जानकारी है वे सभी बी एम ओ साहब ने ही पास किया है वही सब करते हैं।

**हरगोविंद कोशले,** खण्ड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारी

■ टी ए एवं डी ए के बारे में जानकारी दिया गया तो उन्होंने कहा कि हम बस से यात्रा करते है और जिस ग्राम में डयूटी लगाया जात है वह 8 कि.मी से ज्यादा का दुरी होती है उन्ही का यात्रा भत्ता लिया गया है।

**राजेन्द्र पलांगेः-** पर्यवेक्षक

■ जो भी टी ए एवं डी ए का बिल बनाया जाता है वह बाबू ही इसकी देख रेख करता है । जो भी पर्यवेक्षक बील बनाकर लाते है उसमे मेरा स्वीकृति रहता है क्योकि मैं गांव गांव देखने नही जाता कि कौन बस से दौरा किया है .इसका पूर्ण रूप से जवाबदार बाबु एवं पर्यवेक्षक ही जिम्मेदार है। उनके द्वारा प्रस्तुत बील में हस्ताक्षर करना मेरा कर्तव्य है और जॉच करना बाबू का काम है सही है या गलत जॉचोपरांत कार्यवाही किया जावेगा।

**डॉ. एस एल बंजारेः-** ब्लाक मेडिकल आफिसर जैजैपुर

# नियमों व प्रावधानों को दरकिनार कर हो रहा निर्माण कार्य

■ **बेतरतीब निर्माण कार्य से मेला मैदान हो रहा है छोटा**

पायनियर संवाददाता | शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com





मेला स्थल पर हो रही बेतरतीब निर्माण कार्य से मेला मैदान का भू भाग हो रहा है संकुचित। शिवरीनारायण भगवान जगन्नाथ स्वामी का प्राकट्य स्थल, माता शबरी की जन्मभूमि तथा महानदी, शिवनाथ एवं जोंक नदी का संगम स्थल होने से इस धार्मिक नगर को जगन्नाथपुरी और प्रयागराज दोनों तीर्थों का मान्यता प्राप्त है। यहां प्रति वर्ष भगवान जगन्नाथ स्वामी के नाम पर माघ पूर्णिमा से महाशिवरात्रि तक छग का सबसे बड़ा व भव्य मेला का आयोजन नगर के ऊपरी भूभाग महानदी के तट पर लगभग 30 एकड़ के मैदान पर किया जाता है। इस मैदान का लगभग 15 एकड़ भू-भाग भगवान शिवरीनारायण मठ-मंदिर न्यास की है और शेष भू -भाग शासकीय भूमि है जिसमें कुछ गौचर भूमि भी शामिल है। इस मेले की ख्याति काफी दूर-दूर तक फैले होने से मेले में छत्तीसगढ़ के विभिन्न स्थानों के ब्यापारियों सहित अन्य राज्य राजस्थान, मध्यप्रदेश, उडीसा, झारखण्ड़, बिहार, गुजरात, हरियाणा, पंजाब, महाराष्ट्र आदि से व्यापारी दुकानें, झूला, सर्कस मौत कुआं आदि मनोरंजन के साधन लेकर आते हैं।

कई बार अनेक परिस्थितियॉ ऐसी भी आती है कि मेले में आने वाले दुकानदारों और मनोरंजन गृहों की संख्या इतनी ज्यादा हो जाती है कि उन्हें मेला मैदान में जगह भी नहीं मिल पाती फलस्वरूप उन्हे मायूस हो कर वापस लौटने पड़ते हैं, इसके बावजूद नगर पंचायत शिवरीनारायण व्दारा मेला मैदान के शासकीय भूभाग पर लगातार कुछ न कुछ निर्माण कार्य करा रहे हैं जिससे मेला का भू.भाग संकुचित होते जा रहा हैं, मेले के अवसर पर जिस स्थान पर टूरिंग टाकिज लगती हैं वहां पर इंडोर स्टेडियम बनवाया जा रहा है, महानदी के तट पर बने चौपाटी का विस्तार मेला मैदान की ओर किया जा रहा है । इसके पूर्व जहां पर मेला के समय फल की दुकानें लगती है वहां पर आंगनबाड़ी भवन निर्माणाधीन है। इसी तरह मेले के अवसर पर मेला मैदान से लगा हुआ मुख्य सड़क मार्ग पर नटराज चौंक से बस स्टैण्ड चौक के मध्य ओखरा (गुड़ व लाई से निर्मित मिष्ठान) का बाजार लगता है, उस मार्ग पर रोड डिवाइडर बनवाया जा रहा है, जिससे मेले के अवसर पर लगने वाला ओखरा बाजार भी प्रभावित होगा। नगर पंचायत के वर्तमान परिषद ने नगर विकास के नाम पर मेला मैदान में विभिन्न निर्माण कार्य करा कर मैदान को संकुचित तो किया ही है साथ ही शासन के अन्य विभागों की जमीन पर भी मनमाने ढंग से अन्य अनेक निर्माण कार्य कराये जा रहे हैं।

# जेएलएनडी कॉलेज सक्ती में निकली गांधी विचार यात्रा



पायनियर संवाददाता | सक्ति
www.dailypioneer.com

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150वीं जयंती पर गांधी विचार यात्रा कुमार धर्मेन्द्र सिंह के आतिथ्य में सक्ती जवाहरलाल नेहरू उपाधि महाविद्यालय सक्ति से प्रारंभ होकर कचहरी चौक होते हुए हटरी रोड से अस्पताल रोड होते हुए कॉलेज में पहुंचकर समाप्त हुई,इस यात्रा में साधेश्वर गबेल ,रोहित दोहरे, पुष्पेंद्र चंद्रा, भूपेंद्र सिदार, सरवन सिदार, कॉलेज के प्राचार्य श्रीमती डॉ.शालू पहवा, अमित शर्मा, प्रो.देवेंद्र शुक्ला,रवि गबेल सहित कॉलेज के छात्र-छात्राएं काफी संख्या में पद यात्रा में शामिल हुए।




# नवीन महाविद्यालय के छात्र छात्राओं ने निकाली गांधी यात्रा

पायनियर संवाददाता | जैजैपुर
www.dailypioneer.com



नगर पंचायत जैजैपुर के नवीन शासकीय महाविद्यालय जैजैपुर से आज गांधी जी के 150 वी जयंती के उपलक्ष्य में गांधी विचार धारा ( पदयात्रा) महाविद्यालय से रैली के रूप में निकाला गया जो कि नगर भ्रमण करते हुए जनपद पंचायत जैजैपुर में समाप्त हुआ।

जिसमे पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष महेन्द्र चन्द्रा ने गांधी जी के विचार धारा को आत्मसार करने की बात कही उन्होने नशामुक्त-स्वच्छता-महिलाओं को गर्भपात पर अपने विचार रखे जन जन तक गांधी जी के विचार को पहुचाने की बात कही और आत्मसार करने को कहा। वही पर नवीन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ पी डी महंत ने कहा कि मैं अपने पैसे से 50 झाडू खरीदुगा उसे गांव एवं नगर पंचायत जैजैपुर को स्वच्छ बनाने के लिए एक संगठन तैयार किया जावेगा जो कि सप्ताह मे या फिर माह मे एक दिन झाड़ू से स्वच्छता का संदेश देने के लिए साफसफाई करेंगे।

वही पर गांव के तालाब मे मुखारी को सप्ताह मे या माह मे एकत्र कर उसे जलायेगें आप लोगो को अपने ग्राम के सरपंच के पास जाकर स्वेच्छता का संदेश देने के लिए यह काम करना है ताकि गांधी जी का विचार धारा को आत्मसात कर सके यही उनका सपना साकार होगा। इस पदयात्रा रैली में राष्ट्रीय सेवा योजना के संयोजक उमाशंकर बंजारे के नेतृत्व में रैली निकाली गई जो कि छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग एवं सचिव के आदेश का पालन जो आज किया जा रहा है।

# 150वीं जयंती पर व्यवहार न्यायालय में न्यायधीशों ने चलाया स्वच्छता अभियान

पायनियर संवाददाता | सक्ति
www.dailypioneer.com



पूरे भारत देश में जहां राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150वीं जयंती पर भारत सरकार, एवम राज्य सरकारों द्वारा भी विभिन्न आयोजन किए जा रहे हैं, इसी श्रृंखला में 17 अक्टूबर की सुबह शक्ति तहसील के व्यवहार न्यायालय में विशेष स्वच्छता अभियान न्यायधीश गणों तथा अधिवक्ता बंधुओं एवं जनप्रतिनिधियों की संयुक्त उपस्थिति में चलाया गया, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के जयंती अभियान के तहत जिला एवं सत्र न्यायाधीश जांजगीर राजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशानुसार व्यवहार न्यायालय शक्ति में सुबह 7:00 बजे से 9:30 बजे तक बृहत सफाई अभियान हुआ, जिसमें न्यायाधीशगण अधिवक्ता गण न्यायालय कर्मचारीगण उपस्थित हुए, इस मौके पर न्यायालय परिवार के मुखिया संतोष कुमार आदित्य, श्रीमती वंदना दीपक देवांगन, न्यायधीश सुश्री सूर्यवंशी मैडम, न्यायधीश सुश्री भारती कुलदीप मैडम, वरिष्ठ अधिवक्ता नरेश सेवक, अधिवक्ता संघ शक्ति के अध्यक्ष ऋषिकेश चौबे, अधिवक्ता गिरधर जायसवाल, अधिवक्ता राकेश रोशन महंत, पत्रकार रामनरेश यादव सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# गणित विज्ञान प्रदर्शनी में भाग लेने शैक्षणिक जिले शक्ति के बच्चे हुए रवाना

पायनियर संवाददाता | सक्ती
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत एससीईआरटी द्वारा राजधानी रायपुर में आयोजित राज्य स्तर के गणित एवं विज्ञान प्रदर्शनी कार्यक्रम में भाग लेने हेतु शैक्षणिक जिले सक्ति के चारों विकासखंड के बच्चे 17 अक्टूबर की सुबह बालक हाईस्कूल परिसर शक्ति से रवाना हुए, इस अवसर पर प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी राकेश कुमार अग्रवाल ने सभी चारों विकासखंड के उपस्थित बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए उन्हें राज्य स्तर की इस आयोजन में अपना बेहतर प्रदर्शन कर जिले का नाम गौरवान्वित करने की बात कही, साथ ही सैकड़ों की संख्या में शैक्षणिक जिले शक्ति के ये बच्चे बस से सड़क मार्ग से रवाना हुए हैं।

# ट्रायबल विभाग के लेखापाल वाईके पंडा निलंबित

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ राज्य शासन ने एक बड़ी कार्यवाही करते हुए आदिम जाति विकास, सह आयुक्त कार्यालय रायगढ़ के लेखापाल वाई के पंडा का निलंबन आदेश जारी कर दिया है। सामग्रियों के क्रय (खरीदी) एवं भंडारण के क्रय संबंधी अपने वित्तीय अधिकारों के उलंघन संबंध में यह निलंबन आदेश जारी हुआ है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रायगढ़ के आदिवासी विकास विभाग में लेखापाल के पद पर पदस्थ वाई के पंडा के द्वारा अपने विभाग के ही पूर्व ट्रायबल कमिश्नर संकल्प साहू के कार्यकाल के दौरान विभाग के ही हॉस्टल, सरकारी भवन के निर्माण कार्य के लिए आए एलॉटमेंट की राशि को अधिकारी के मौखिक आदेश के आधार पर परिवर्तन करके लाखों रूपए की गड़बडी का मामला सामने आया है।

# जिला उपभोक्ता फोरम ने वाहन खराब होने पर कंपनी को दिया वाहन की राशि अदा करने का आदेश

पायनियर संवाददाता | सक्ती
www.dailypioneer.com




दुर्घटनाग्रस्त वाहन की बीमा राशि का भुगतान करने में आनाकानी करने वाली बीमा कंपनी को जिला उपभोक्ता फोरम जांजगीर चाम्पा ने सेवा में कमी का दोषी पाया है। उपभोक्ता फोरम ने इंश्योरेंस कंपनी चोलामंडलम के प्रबंधक के खिलाफ आदेश जारी करते हुए 5 लाख 86 हजार 315 रुपए एक माह के अंदर प्रदान करने का आदेश पारित किया है। साथ ही 10 हजार रुपए मानसिक क्षतिपूर्ति और 2 हजार रुपए वाद के रूप में एक माह के अंदर बीमा कंपनी को भुगतान करना होगा।

गौरतलब है कि सक्ती निवासी रवि अग्रवाल ने टाटा मोटर्स की टिपर वाहन खरीदी थी। उसने यह गाड़ी फाइनेंस में ली थी और बाकायदा चोलामंडलम इंश्योरेंस कंपनी से बीमा भी कराया था। इसी दौरान वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गई। रवि ने इंश्योरेंस कंपनी में बीमा राशि के लिए क्लेम किया, लेकिन संबंधित इंश्योरेंस कंपनी चोलामंडलम द्वारा कई तरह की कमी बताकर उसके प्रकरण को खारिज कर दिया गया। रवि ने उपभोक्ता फोरम की शरण ली। जिला उपभोक्ता फोरम जांजगीर चांपा में मामले की सुनवाई हुई। उपभोक्ता फोरम अध्यक्ष श्रीमती राजेश्वरी देवी देवांगन, सदस्य मनरमण सिंह एवं मंजू लता राठौर ने दस्तावेजों और साक्ष्यों के आधार पर चोलामंडलम इंश्योरेंस कंपनी को सेवा में कमी का दोषी पाया। इंश्योरेंस कंपनी के प्रबंधक के खिलाफ जिला उपभोक्ता फोरम ने आदेश पारित किया।

इंश्योरेंस कंपनी चोलामंडलम के प्रबंधक के खिलाफ आदेश जारी करते हुए 5 लाख 86 हजार 315 रुपए एक माह के अंदर प्रदान करने का आदेश पारित किया गया।

## प्रथम पेज का शेष...

### ओवैसी ने की गोडसे को भारत रत्न ...

उन्होंने कहा, सावरकर ने महात्मा गांधी हत्याकांड में कोशिश की (और बाद में रिहा भी हुए)। एक जांच आयोग ने पाया था कि सावरकर और उनके कुछ सहयोगियों को संभवतः इस साजिश के बारे में पहले से ही जानकारी थी. महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए जारी घोषणापत्र में बीजेपी ने 19वीं सदी के समाज सुधारक ज्योतिबा फुले और उनकी पत्नी सावित्रीबाई फुले के साथ सावरकर को भी भारत रत्न देने की मांग की है। विपक्षी दलों के हमलों पर बीजेपी ने पलटवार किया है। केंद्रीय कानून मंत्री और बीजेपी नेता रविशंकर प्रसाद ने कहा कि वह इस तरह के राष्ट्रभक्तों को सर्वोच्च नागरिक सम्मान देने का विरोध कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि हिंदुत्व विचारक विनायक दामोदर सावरकर के मूल्य राष्ट्र-निर्माण का आधार हैं। पीएम मोदी ने महाराष्ट्र के अकोला जिले में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा ''यह सावरकर के संस्कार ही हैं कि हमने राष्ट्रवाद को राष्ट्र निर्माण के मूल में रखा है।''

### बयानबाजी, आरोपों और ...

उनका डर बता रहा है। उन्होंने कहा कि हमे कोई जेल भेजने का शौक नहीं है। यह जांच है और उनकी जांच में जो भी कुछ आएगा वो सबके सामने होगा। गौरतलब है कि बुधवार को डॉ. रमन सिंह ने जेल भेजे के मामले में साफ कहा था कि मुझे जेल भेजने का सपना सीएम भूपेश बघेल और कांग्रेसी देखते हैं। कांग्रेस का ये सपना आने वाले 100 सालों में भी पूरा नहीं होगा।

**चित्रकोट उप चुनाव में रमन सिंह के ठेकेदार गायब :** चित्रकूट उपचुनाव पर बीजेपी की सक्रियता नहीं होने पर बाद सीएम भूपेश बघेल ने कही है. मुख्यमंत्री ने कहा कि दंतेवाड़ा उनकी सीट थी उसे हमने छीन लिया है। दंतेवाड़ा उपचुनाव में पूरा दाव और ठेकेदारों को डॉ. रमन सिंह ने लगाया था। पूरी ताकत लगा दी थी रमन सिंह ने, लेकिन चित्रकोट में वह ठेकेदार नहीं दिखाई दे रहे है। उन्होंने कहा कि विपक्ष को कमजोर नहीं आंकना चाहिए। हम पूरी ताकत के साथ लड़ रहे है। बीजेपी पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि अभी बीजेपी में नेतृत्व की लड़ाई चल रही है। डॉ. रमन सिंह को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बना दिया गया लेकिन छत्तीसगढ़ के बाहर नहीं जा रहे। उन्हें दूसरी कोई प्रमुख जिम्मेदारी नहीं दी गई है। दूसरे नेताओं के बीच खींचतान मची हुई है।

### अयोध्या मसले पर सुनवाई पूरी ...

उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। बता दें अयोध्या मामले पर बुधवार को कोर्ट ने सुनवाई पूरी कर फैसला सुरक्षित रख लिया है। अब 23 दिन बाद आएगा सुप्रीम कोर्ट का फैसला। तय वक्त से एक घंटे पहले ही सुनवाई खत्म। 40 दिनों की मैराथन सुनवाई केबाद बुधवार को सुप्रीम कोर्ट की पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने दशकों पुराने राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद भूमि विवाद पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। इस मामले पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला 17 नवंबर के पहले किसी भी दिन आ सकता है। मालूम हो कि चीफ जस्टिस रंजन गोगई 17 नवंबर को सेवानिवृत्त हो रहे हैं।

### छत्तीसगढ़ को मिले 5 नए ...

जीतेंद्र यादव हरियाणा और नीलम ललीतादित्या तेलांगना से हैं। नम्रता जैन को 12 वां रैंक विश्वदीप को 360 रैंक रीना को 380 रैंक जीतेंद्र को 403 रैंक मिला है। वहीं नीलम को 470 रैंक मिला है। नम्रता सामान्य वर्ग से विश्वदीप रीना और जीतेंद्र ओबीसी वर्ग और नीलम एससी वर्ग से है।

### भूपेश खुद सीडी कांड में ...

सावरकर ने देश की आजादी के लिए अपने जीवन के 11 वर्ष काला पानी के जेल में बीता दिया। सभी जानते है कि काला पानी की सजा कितनी कठोर होती है। कोई वहां एक दिन भी वहां बीता के तो देखें।

**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड**
(पुर्व आईडीएफसी बैंक लिमिटेड नाम से ज्ञात)
**पंजीकृत कार्यालय :** केआरएम टावर्स, ८वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चेन्नई - 600031. फोन: +91 44 4564 4000 फैक्स: +91 44 4564 4022.
IDFC FIRST Bank

**(वित्तीय परिसम्पत्तियां तथा सुरक्षा राशि ब्याज अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के अन्तर्गत सूचना)**
निम्नलिखित ऋणप्राप्तकर्ता तथा सह-ऋणप्राप्तकर्ताओं ने पहले की **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पुर्व आईडीएफसी बैंक लिमिटेड नाम से ज्ञात)** से निम्नलिखित सुरक्षित ऋण सुविधाएं उपलब्ध की है। तथा निम्नलिखित ऋणप्राप्तकर्ताओं तथा सह-ऋणप्राप्तकर्ताओं हेतु उनकी संबंधित सम्पत्तियों के रेहन प्रस्तुत तथा गिरवी कार्य के माध्यम द्वारा सुरक्षित प्राप्त हैं तथा जैसा कि सम्बंधित ऋण समझौता पत्र की नियम तथा शर्तों के पालन हेतु असफल तथा त्रुटिपूर्ण है तथा अनियमित भी हो गए हैं तथा भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) मुख्य मार्ग दर्शिकाओं के अनुसार उनकी राशि NPA अनुसार वर्गीकृत है तथा पहले की **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पुर्व आईडीएफसी बैंक लिमिटेड नाम से ज्ञात)** हेतु उनके द्वारा देय राशियां निम्नलिखित सारणी में विवरण अधिक विशिष्ट रुप में जारी है तथा संबंधित सूचनाओं के अनुसार अंकित है तथा आगे कथित राशि में आगे ब्याज राशि, उनकी संबंधित तिथियों से प्रभाव से साथ समझौता पूर्ण दर के अनुसार उक्त को वसूल किया जाएगा तथा कथित राशिओं मे आगे ब्याज लागू योग्य अनुसार होगा ।

| क्र. सं. | ऋण राशि क्रमांक | ऋण का प्रकार | ऋण प्राप्तकर्ताओं का नाम | धारा १३(२) सूचना के अनुसार शेष बकाया राशि | सूचना तिथि | सुरक्षित प्राप्त सम्पत्ति का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 10329238 13036034 | होम फायनान्स एचएल | 1. शामा फात्मा 2. अब्दुल शकिल | रु. 2366009.37/- | 25.09.2019 | प्लॉट केएच नं. 250/36, पी एच नं. 105/61, वॉर्ड नं. 52, चंद्रशेखर, आझाद वॉर्ड, मठपुरेना, रायपूर (सीजी). |

एतद्द्वारा प्रतिवादी हेतु इस सूचना प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के अन्दर उनकी संबंधित तिथियों तथा अन्य लागतों, मूल्यों इत्यादि से इनके अन्तर्गत ब्याज दर की ठेकादर के साथ उपरोक्त सरणी में दर्शाए गए अनुसार पहले की **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पुर्व आईडीएफसी बैंक लिमिटेड नाम से ज्ञात)** हेतु देय है तथा जिसमें असफल तथा त्रुटि में कार्यालय, अधोहस्ताक्षरी (सरफाईसी) अधिनियम की धारा 14 तथा धारा 13(4) अन्तर्गत प्रारम्भिक विधिक प्रक्रिया हेतु बाध्य होगा तथा पहले की **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पुर्व आईडीएफसी बैंक लिमिटेड नाम से ज्ञात)** हेतु देय राशि की वसूली हेतु यहां उपरोक्त अंकित अनुसार रेहन प्रस्तुत तथा गिरवी कार्य सम्पत्तियों के सम्मुख है तथा आगे प्रतिवादी कथित अधिनियम की धारा 13(13) के अन्तर्गत बिक्री कार्य प्रक्रिया/पट्टा कार्य अन्यथा के माध्यम द्वारा या तो कथित सुरक्षित परिसम्पति के हस्तांतरण कार्य से प्रबंधित तथा निषेध हैं।

हस्ताक्षर/ -
अधिकृत अधिकारी
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(पुर्व आईडीएफसी बैंक लिमिटेड नाम से ज्ञात)
तिथि : 18.10.2019
स्थान : रायपुर

**न्यायालय तहसीलदार धमधा जिला-दुर्ग**

रा.प्र.क्र. अ/06 /वर्ष 2019-20
**ग्राम करेली प.ह.नं. 13**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका **ठाकुर राम** आत्मज/पति **तुलाराम साहू साकिन करेली प.ह.नं. 13 तहसील धमधा जिला दुर्ग** ने ग्राम **करेली** स्थित शामिलात खाते की कृषि भूमि **खसरा नं. पुराना 281/1 का टुकड़ा के नया खसरा नं. 1074/7 रकबा 0.30 हे.** पर अपने नाम से प्रमाणीकरण करवाने बाबत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

यदि जिसी किसी भी व्यक्ति को प्रमाणीकरण करवाने के संबंध में कोई आपत्ति दावा या उजर हो तो स्वयं इस न्यायालय में पेशी दिनांक **21.10.2019** को लिखित में आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक **05.10.2019** को मेरे हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय में सील मुहर से जारी किया गया है।

जारी दिनांक 05.10.2019
पेशी दिनांक 21.10.2019

मुहर
तहसीलदार
धमधा जिला-दुर्ग

**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग**
**कार्यालय मुख्य अभियंता**
**महानदी गोदावरी कछार, रायपुर (छ.ग.)**

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

eProcurement Portal:https://eproc.cgstate.gov.in

**(द्वितीय आमंत्रण)**

सिस्टम निविदा क्र. 57286/निविदा सूचना क्र. 05/वलेलि/2019-20, बेमेतरा दिनांक 17.10.2019

निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक **04.11.2019 17:30** तक ऑन लाईन निविदाए आमंत्रित की जाती हैः-

**कार्य का नाम** - बेमेतरा जिले के विकासखण्ड नवागढ़ की नगर पंचायत नवागढ़ के मध्य बहने वाले छुरिया (छुईया) नाला के बाढ़ सुरक्षा कार्य आर.डी. 860 मी. से 1260 मी. तक।

**अनुमानित लागत - रू. 722.38 लाख**

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 24.10.2019 समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड़ किये जा सकते है।

नोटः निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

**कार्यपालन अभियंता**
**जल संसाधन संभाग, बेमेतरा**
**कृते मुख्य अभियंता महानदी गोदावरी कछार,**
**जल संसाधन विभाग, रायपुर, छ.ग.**

G- 74206/10

## क्विक न्यूज

### धमतरी सहित 14 जिलों के 2369 अभ्यर्थी वायुसेना भर्ती रैली में शामिल हुए



**धमतरी।** भारतीय वायुसेना द्वारा जिले में पहली बार भर्ती रैली का 13 अक्टूबर से आयोजन किया जा रहा है। पहले चरण में शामिल रहे 3049 अभ्यर्थियों में 122 का चयन अंतिम रूप से हुआ। भर्ती रैली के दूसरे चरण में आज धमतरी सहित प्रदेश 14 जिलों के अभ्यर्थी सुबह पांच बजे से रैली में शामिल होकर अपनी शारीरिक एवं मानसिक योग्यता व क्षमता की परीक्षा दिलाई। आज प्रदेश भर से आए कुल दो हजार 369 अभ्यर्थी इसमें शामिल हुए। स्थानीय आमातालाब रोड स्थित पंद्रीराव कृदत्त इनडोर स्टेडियम में आयोजित भर्ती रैली में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों पहले टोकन वितरित किया गया फि र उन्हें वायुसेना के अधिकारियों के द्वारा भर्ती प्रक्रिया की पूरी जानकारी दी गई। इसके उपरांत अभ्यर्थियों की ऊंचाई मापी गई।

### रमन सिंह के जन्मदिन पर फल वितरण व रक्तदान

**धमतरी।** पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह के जन्मदिन के अवसर भाजयुमो धमतरी द्वारा जिला अस्पताल में फ ल वितरण कर केक काटा गया। इस दौरान जरूरतमंदों के लिए युवाओं ने रक्तदान भी किया। कायक्रम में विधायक रंजना साहू, भाजपा जिलाध्यक्ष रामू रोहरा, महापौर अर्चना चौबे, जनपद अध्यक्ष प्रियंका सिन्हा, महेन्द्र पंडित, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष राजीव सिन्हा, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष हेमलता शर्मा, पार्वती वाधवानी, अशोक सिन्हा,उमेश साहू, अनिता यादव, चित्रलेखा निर्मलकर, सुशीला तिवारी,कीर्तन मीनपाल,रामकृष्ण धुव, जय हिन्दुजा, हेमंत बंजारे, विजय मोटवानी, जागेन्द्र साहू, बलराम गुप्ता, अभिषेक शर्मा, नितिन प्रजापति, अविनाश दुबे, दौलत वाधवानी, आकाश गुप्ता, दीपक लालवानी, विरेंद्र साहू, केवल साहू, भागवत साहू आदि मौजूद थे।

# मनरेगा के स्टापडेम के निर्माण की जांच पर उठ रहे हैं सवाल

## शिकायतकर्ता ने की उच्च स्तरीय जांच की मांग, सबूत भी है मौजूद

पायनियर संवाददाता बैकुण्ठपुर
www.dailypioneer.com

खड़गवा के विकास खंड के तहत वर्ष2018-19मे स्वीकृत हुए 52 स्टापडेम के निर्माण कार्य पर कई प्रश्न चिन्ह लगने एंव कई शिकायतो के बाद भी किसी प्रकार कार्य वाही का ना होना खड़गवा मनरेगा एंव जिला मनरेगा के अधिकारियों की आपसी साठगांठ का होना प्रतित होता है शिकायत कर्ता के द्वारा मुख्यमंत्री छ.ग.शासन. मुख्य सचिव छ.ग शासन. अपर सचिव छ ग.शासन कलेक्टर कोरिया संभाग आयुक्त सरगुजा को लिखित शिकायत भेजकर विकास खंड खड़गवा मे हो रहे स्टापडेम निर्माण कार्यो की जाच के पश्चात भुगतान किया जाऐ और इस जाच के लिए पहले जिला पंचायत के मुख्य कार्य पालन अधिकारी के द्वारा समाचार पत्रों में प्रकाशित खबर के आधार पर अनुविभागीय अधिकारी उप संभाग खड़गवा कोपत्र ./542/2019 दिनांक 11/02/19 7 दिवस मे जनपद पंचायत खड़गवा मे स्वीकृत स्टापडेम तथा अन्य जल संरक्षण एवं जल संवर्धन के कार्यो का तकनीकी परीक्षण एवं स्थल निरीक्षण करते हुए एंव उपयोगिता को ध्यान मे रखते हुए निर्माण कार्य कराया जाना सुनिश्चित करें तथा निर्माण नहीं कराये जाने योग्य निर्माण कार्यों को चिंहाकित कर अविलंब निरस्त किए जाने हेतु सूची जिला पंचायत कोरिया को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें जब ये पत्र जिला पंचायत से जारी हुआ उस समय कई ग्राम पंचायतों के स्टापडेम का ले आउट भी नहीं हुआ था ना ही नीव की खोदाई की गई थी जैसे ही यह पत्र जारी हुआ कि सभी ग्राम पंचायतों में बैक डेट से लेआउट और नीव की खोदाई का कार्य पूरे सेटिंग्स के साथ कर लिया गया एक ही नाले पर कई विभाग से स्टापडेम का निर्माण कार्य कराया गया है इस स्टापडेम निर्माण कार्य में स्थल भी परिवर्तन किया गया है जिसका कोई आदेश विभाग से नहीं लिया गया है और मनमाने तरीके से स्टापडेम का निर्माण कार्य करा दिया गया है और तकनीकी अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी के द्वारा इन सत्यापन भी कर दिया गया है जो गंभीर अनियमितता कर इन स्टापडेमो का निर्माण कार्य ज्यादा संख्या में पोडी बचरा क्षेत्र के ग्राम पंचायतों में एवं देवाडाड क्षेत्र के धवलपुर देवाडाड फुनगा कटकोना मंगोरा जरौधा बेलबहरा आदि ग्राम पंचायतों मे किया गया है जिनकी गुणवत्ता की पूर्ण अनदेखी की गई हैऔर मनरेगा के स्टापडेम का निर्माण कार्य ठेकेदारी से कराये गये है इस निर्माण कार्य मे मशीन का भी उपयोग धड़ल्ले से किया गया है जिसके सबूत भी शिकायतकर्ता के पास मौजूद हैं। जब शिकायत की जाच टीम के द्वारा की जा रहा था उसी दौरान एक देवाडाड का स्टापडेम बरसात में बह गया था उसके बाद भी इस जाच टीम के ने अपने जाच रिपोर्ट मे लिखा है कि उक्त प्रकरण मे किसी प्रकार की अनियमितता नहीं कि गई है तो ये स्टापडेम कैसे बह गया इस तरह कोरिया जिले के अधिकारी करते है जाच जहां इनकी ही जाच पर उठ रहे है सवाल जिला पंचायत के द्वारा गठित टीम केअपनी जांच रिपोर्ट मे बताया गया है कि इसके भुगतान के पूर्व अनुविभागीय अधिकारी एवं मुख्य कार्य पालन अधिकारी ज.प.खड़गवा को वर्षा ऋतु के समाप्ति के पश्चात भौतिक सत्यापन एवं वास्तविक मूल्यांकन के आधार पर समायी राशि का भुगतान सुनिश्चित करने हेतु निर्देश दिये गए हैं। जब इसकी शिकायत मुख्यमंत्री छ.ग.शासन एवं मुख्य सचिव छ.ग.शासन एवं अपर आयुक्त मनरेगा छ.ग.शासन को किया गया तो जिला पंचायत कोरिया की मुख्य कार्य पालन अधिकारी के द्वारा पाच सदस्यों की टीम बनाई जिसमें कार्य पालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी विभाग बैकुंठपुर जे.के देवांगन अनुविभागीय अधिकारी जल संसाधन विभाग बैकुंठपुर एम एल सोनी उप अभियंता जल संसाधन विभाग बैकुंठपुर ए के निराला तकनीकी समन्वयक जिला पंचायत कोरिया नूतन कुमार साहू उप अभियंता जिला पंचायत कोरिया राकेश कुमार विश्वकर्मा ये जाच टीम मे थे और इन्हें जाच करने का आदेश पत्र ./2564/2019 दिनांक 30/5/19को दिया गया।जबकि शिकायतकर्ता के द्वारा अपने पत्र में लिखा था कि शिकायत की जाच शिकायत कर्ता के समक्ष कराया जाए मगर जिला पंचायत कोरिया के द्वारा मात्र शिकायत कर्ता को पत्र दे दिया गया और किसी भी स्टापडेम की जाच मे नहीं बुलाया गया और गुप चुप तरीके से ग्रामीण यांत्रिकी विभाग के अधिकारी एवं मनरेगा के तकनीकी सहायको से साठगांठ कर जाच कर दिया गया।पूरे 52 स्टापडेम की जाच मे शिकायत कर्ता के ना ही कहीं जाच मे हस्ताक्षर हैं और ना ही जांच के समय मौजूद रहा है तो जांच कैसे पूरी हो गई।

# ग्रामीणों ने की माध्यमिक-प्राथमिक शाला प्रधानाध्यापिका के खिलाफ शिकायत

पायनियर संवाददाता बैकुण्ठपुर
www.dailypioneer.com



विगत दिनों ग्राम पंचायत के सरपंच एवं ग्रामीणों के द्वारा शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला दुबछोला के प्रधानाध्यापिका एवं प्राथमिक शाला दुबछोला के प्रधानाध्यापिका के संबंध में ग्राम पंचायत के सरपच एवं ग्रामीणों ने लिखित शिकायत मनेंद्रगढ़ विधायक जिला शिक्षा अधिकारी विकास खंड शिक्षा अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी से कि है कि ग्रामीणों से अभद्र व्यवहार किया गया तथा ग्राम वासी एवं सरपंच ग्राम पंचायत के द्वारा स्कूल का निरीक्षण किया गया था जिसमें कई कमियां भी मिली इसकी शिकायत जांच के लिए खड़गवा के विकास खंड शिक्षा अधिकारी ने सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी को जाच करने की जिम्मेदारी दी और दुबछोला के ग्रामीणों के समक्ष जाच कि गई जिसमें काफी अनियमितता भी मिली जिसमें दुबछोला के स्कूल के स्टाकपंजी मे कम्पयूटर की नहीं ही मात्रा और ना ही स्कूल मे कम्पयूटर होने की जानकारी का उल्लेख था कि गई शिकायतों के विषयों पर जांच की गई। जांचकर्ता अधिकारी के द्वारा जांच रिपोर्ट विकास खंड शिक्षा अधिकारी को दे दिगाई है।

ग्रामीणों ने जांचकर्ता अधिकारी से इस शिकायत की जांच पर उचित कार्यवाही करने कि भी मांग की है और इनका सथानंतरण विकास खंड के अतिम छोर मे करने की मांग भी कि है।

### सोनहत विकासखंड के पशु चिकित्सक नदारद



कोरिया जिला सोनहत विकासखंड के पशु चिकित्सक नदारद हैं। जानकारी के अनुसार पशु चिकित्सक 10 दिनों से अपने कार्यालय नहीं आते नहीं मुख्यालय में रहते जिससे ब्रांचल क्षेत्र के आदिवासी पशुपालक चिकित्सक से त्रस्त हो गए हैं वहीं लगभग 4 से 5 सालों से एक ही स्थान पर पदस्थ रहने के कारण इनके मनमानी रवैया से हौसले बुलंद है छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफकॉमर्स के कोरिया जिला के उपाध्यक्ष ने जिला प्रशासन से जांच कर कार्रवाई किए जाने की मांग किया है।



## वसुंधरा सामाजिक सेवा संस्थान ने हाईस्कूल मोहतरा में किया वृक्षारोपण

पायनियर संवाददाता कसडोल
www.dailypioneer.com

वसुंधरा सामाजिक सेवा संस्थान द्वारा शासकीय हाईस्कूल मोहतरा(क) में फलदार व छायादार पौधों का रोपण किया गया।

ज्ञात हो कि वसुंधरा सामाजिक सेवा संस्थान कसडोल द्वारा जहाँ अनेक सामाजिक गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है वहीं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी वन, जल एवं वन्यजीव संरक्षण पर कार्य कर रही है उसी कड़ी में बुधवार को शासकीय हाईस्कूल मोहतरा में फलदार व छायादार पौधों का रोपण किया गया जिसमें छात्र छात्राओं ने उत्साह से भाग लिया। इस अवसर पर वसुंधरा संस्थान के अध्यक्ष अनुराग मिश्रा, जी.आर.जाटव (प्राचार्य), रोशन मिश्रा (सरपंच मोहतरा), सुनील तिवारी, परसराम चंद्रा, उर्वशी मोहन, एफखुटे, कुसुम जायसवाल, अरुण तंम्बोली, सहित छात्र छात्राओं की उपस्थिति रही। ।

# कोरिया मार्शल आर्ट एसोसिएशन के नूतन साहू ने जीता राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता में गोल्ड



पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com


19 मे राज्य स्तरीय जीत कुने दो सालेम खेल मार्शल आर्ट प्रतियोगिता राजधानी में आयोजित कराई गई थी। जिसमें कोरिया मार्शल आर्ट एसोसिएशन के नूतन साहू ने प्रथम स्थान प्राप्त कियाइ नूतन साहू हरि सिंह ठाकुर हाई स्कूल स्कूल कक्षा 12वीं का छात्र हैद्य इन उपलब्धियों के लिए संस्था के उपाध्यक्ष जे .पी .यादव टेक्निकल चेयरमैन एम.वाई .खान अधिकारी रविशंकर महाराज सचिव एच.पी सिंह प्रशिक्षक राकेश साहू पीटीआई प्रेमशंकर शर्मा सर ने ने बहुत-बहुत बधाई एवं उज्जवल भविष्य की कामना की घ्नूतन साहू का चयन राष्ट्रीय स्तर स्तखह्व (स्कूल गेम फेडरेशन ऑफइंडिया) द्वारा आयोजित खेलों के लिए किया गया है।

### कार्यवाही नहीं होने से नाराज ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

**धमतरी।** मगरलोड अति मणकरियों के ऊपर कार्यवाही नहीं होने से नाराज ग्राम बेलोरा के लगभग 450 ग्रामीणों ने मोहदी नगरी मार्ग पर चक्का जाम किया। मोहदी और बेलोरा के मध्य सीमा छटवा तालाब के समीप मोहदी गांव के खेलन पटेल ने अति मण कर मकान निर्माण किया जा रहा है वहीं अति मण रोकने व कार्यवाही की मांग लेकर शिकायत करने ग्रामीणों ने तहसीलदार एसडीएम और कलेक्टर जनदर्शन में भी किया था लेकिन अति मणकारियों के ऊपर कार्यवाही नहीं होने के कारण ग्रामीण चक्का जाम करने मजबूर हुए। मोहदी सरपंच श्रवण साहू पर लगभग 10 एकड़ सरकारी जमीन पर अति मण कर बेचने का आरोप बेलोरा के ग्रामीणों ने लगाया है वहीं चक्का जाम की खबर मिलते ही तहसीलदार एच आर ध्रुव टीआई संतोष जैन दलबल के साथ पहुंचे।

# स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत घर-घर जाकर मानसिक रोगियों की पड़ताल

पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com



मनोरोग कोई अभिशाप नहीं है बल्कि सामान्य शारीरिक रोगों की तरह ही एक मानसिक अस्वस्थता है, जो समय पर इलाज कराने पर ठीक हो सकती है। समाज में लाख कोशिशों के बाद भी मानसिक रोग से ग्रसित व्यक्ति को पागल ही समझा जाता है। लेकिन समाज की इस मिथ्या को धमतरी जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अधिकारियों ने तोड़ा है। एक अनूठी पहल करते हुए जिले में घर-घर भ्रमण कर मानसिक रोगों से ग्रसितों की पड़ताल जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत की गई। मनोचिकित्सक मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम डॉ सुचिता गोयल के अनुसार जिले में मनोरोग या मानसिक अस्वस्थता से पीड़ितों को खोजने के लिए अप्रैल 2019 से जून 2019 तक घर-घर भ्रमण किया गया था। जिले के शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों के घरों में सर्वे कर विभिन्न मानसिक विकारों से ग्रसित लोगों की पहचान की गई थी। इस दौरान 250 घरों का भ्रमण किया गया जिनमें लगभग 100 मानसिक रोगियों की पहचान हुई। जिनमें बच्चों से लेकर उम्रदराज लोग भी शामिल थे इन्हें बेहतर इलाज के जिला अस्पताल और स्पर्श क्लीनिक रेफ र किया गया। वहीं जिन्हें काउंसिलिंग की जरूरत थी उन्हें काउंसिलिंग भी दी जा रही है। ज्यादातर नशाखोरी और अवसाद ग्रसित जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम नोडल अधिकारी डॉ जेएस खालसा के मुताबिक डोर टू डोर सर्वे में कुल 250 घरों का भ्रमण किया गया।

# बेटियों की शिक्षा के लिए जागरुकता जरुरी

पायनियर संवाददाता बीजापुर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर के.डी. कुंजाम के निर्देशानुसार जिले में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ हेतु जन जागरुकता कार्यक्र म का आयोजन किए जाने हेतु निर्देशित किया गया है। इस संबंध में जिले के सभी विकासखण्ड भैरमगढ़, बीजापुर, आवापल्ली एवं भोपालपटनम में बेटी बचाओ,बेटी पढ़ाओ संबंधी जन जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। आज ग्राम पंचायत नैमेड़ में हाट बाजार स्थल पर कठपुतली नृत्य के माध्यम से जागरुकता कार्यक्रम रखा गया है। इस दौरान कठपुतली नाट्य कला मंच की सचिव किरण मोईत्रा ने बताया कि बेटियो की शिक्षा एवं विकास के लिए जागरुकता बहुत जरुरी है, आज बेटियां किसी से कम नहीं है , वह हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है। हमें बेटियो की शिक्षा एवं स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देना होगा। कठपुतली नृत्य के माध्यम से बेटियों को जागरुकता का संदेश दे रहे है। महिला एवं बाल विकास विभाग अधिकारी लुपेन्द्र महिलाग ने बताया कि बीजापुर जिले में बेटियां किसी से कम नहीं है। गंगालूर जैसे दूरस्थ ग्राम पंचायत से अरुणा पुनेम जैसी प्रतिभावान बालिका निकल रही है। जो एक अंतर्राष्ट्रीय , 05 राष्ट्रीय एवं 15 राज्यस्तरीय साफ्टबाल खेल में अपनी प्रतिभा दिखा चुकी है। अरुणा पुनेम द्वारा फिलिपिंस में अंतर्राष्ट्रीय खेल पर भारत का प्रतिनिधित्व भी कर चुकी है। हमारी क्षेत्र की बेटियां लगातार प्रवीण्य सूची में स्थान बना रही है, जो गौरवपूर्ण उपलब्धि है।

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर कार्यकारिणी गठन किया गया

**बीजापुर ।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का नगर कार्यकारिणी बनाया गया नगर मंत्री दिनेश को बनाया इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि व मुख्य वक्ता के रूप में परिषद के पूर्व राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य फुलचंद गागड़ा रहे। गौरतलब है कि छात्र संगठन विद्यार्थी परिषद ने संगठन विस्तार को लेकर नगर इकाई का गठन किया,इस कार्यकारिणी गठन के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि व वक्ता के रूप में उपस्थित परिषद के पूर्व राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य फुलचंद गागड़ा ने संबोधित करते हुए कहा की कोई भी संगठन अपने संख्या बल से बड़ा नही होता बल्कि अपने कार्यो से बड़ा होता है संख्या महज एक आंकड़ा होता है ,विद्यार्थी परिषद आज अपने कार्य को लेकर ही दुनिया का सबसे बड़ा छात्र संगठन है। परिषद अच्छे व्यक्तित्व का निर्माण करती है ताकि वह व्यक्ति देश और समाज के लिए बेहतर योगदान दे सके। गागड़ा ने आगे कहा कि परिषद पूर्व से ही केवल विद्यार्थियों तक सीमित नही रहा है वरन समाज मे घटित अस्वीकार्य कार्यो और सामाजिक आवश्यकताओं को लेकर कार्य करती है।

# गांधी विचार पदयात्रा का समापन

### गांधी ने किसानों और मजदूरों को अहिंसा का मार्ग दिखाया

पायनियर संवाददाता कांकेर
www.dailypioneer.com



राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के अवसर पर जिले में 11 से 17 अक्टूबर तक गांधी विचार पदयात्रा का आयोजन सभी विकासखण्डों में किया गया। समापन के अवसर पर गुरूवार को कांकेर विकासखण्ड के धनेलीकन्हार से बारदेवरी तक गांधी विचार पदयात्रा निकाली गई तथा लोगों को स्वच्छताए सत्य एवं अहिंसा का संदेश दिया गया। गांधी विचार पदयात्रा धनेलीकन्हार, कन्हारपुरी, मुरडोंगरी, किरगोली होते हुए बारदेवरी पहुंची। रास्ते के गांवों में पदयात्रियों का ग्रामीणों द्वारा तिलक लगाकर आत्मीय स्वागत किया गया। गांधी विचार पदयात्रा के समापन अवसर पर जनपद अध्यक्ष पुष्पा सलाम ने महात्मा गांधी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महात्मा गांधी ने किसानों एवं मजदूरों को अहिंसा के मार्ग पर चलने का रास्ता दिखाया। नारी उत्थान एवं ग्राम को स्वालंबन बनाने के लिए कार्य करने के लिए प्रेरित किया। वे सत्य और अहिंसा के पथ पर चलकर देश को आजादी दिलाई। गांधीजी का सपना ग्राम स्वराज्य की स्थापना करना तथा सत्य एवं अहिंसा के मार्ग पर चलकर हम अपने गांवए जिला एवं राज्य का विकास करना ही उद्देश्य था। उन्होंने कहा कि गांधीजी के बताये रास्ते पर चलते हुए छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा गरीब, मजदूर और किसानों के हित में अनेक कल्याणकारी योजनाएं प्रारंभ की गई है। नरवाए गरूवाए घुरवाए बाड़ी योजना से किसानों की दिशा एवं दशा में परिवर्तन आएगा। सलाम ने कहा कि महिला स्व.सहायता समूह को अपने गांव में रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे तथा गांधी के विचारों को जन.जन तक पहुंचाने के लिए गांधी विचार निकाली गई। कांकेर जिले के सभी विकासखण्डों में गांधी विचार पदयात्रा में लोगों ने बढ़.चढ़कर भाग लिया।

## वोटर लिस्ट का अंतिम प्रकाशन, महिला वोटर्स की संख्या कम

# शातिनगर में सबसे अधिक अंबेडकर वार्ड में सबसे कम मतदाता

पायनियर संवाददाता बीजापुर
www.dailypioneer.com



पालिका क्षेत्र में मतदाताओं की स्थिति साफ हो गई है और ये बात सामने आई है कि सबसे अधिक मतदाता शातिनगर में हैं तो सबसे कम डॉ अंबेडकर वार्ड में। यहां सोमवार को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन हुआ। पालिका में 12576 मतदाता हैं। इनमें पुरूषों की संख्या 6364 है तो महिला वोटर्स 6212 हैं। शांतिनगर वार्ड में सर्वाधिक 1371 वोटर्स हैं और इनमें पुरूष मतदाताओं की संख्या 659 व महिला मतदाताओं की संख्या 712 है। वहीं डॉ अंबेडकर वार्ड में सबसे कम 248 मतदाता हैं। इनमें 113 पुरूष व 135 महिलाएं हैं। मतदाता महात्मा गांधी व मोहनलाल नेताजी वार्ड में 395 हैं। महात्मा गांधी वार्ड में 201 पुरूष व 194 महिला मतदाता हैं। वहीं मोहनलाल नेताजी वार्ड में 203 पुरूष एवं 192 महिला वोटर्स हैं। शहीद बुधराम राना नगर वार्ड में 1164 वोटर्स में से 599 पुरूष एवं 565 महिला मतदाता हैं। दीनदयाल उपाध्याय वार्ड में 939 वोटर्स में से 469 पुरूष व 470 महिलाएं हैं। बीजा हल्बा वार्ड में 724 वोटर्स में से 351 पुरूष व 373 महिलाएं हैं। इंदिरा गांधी वार्ड में 1054 वोटर्स में से 551 पुरूष व 503 महिला मतदाता हैं। डॉ राजेन्द्र प्रसाद वार्ड में 1092 मतदाताओं में 571 पुरूष व 521 महिलाएं हैं। चंद्रशेखर वार्ड में 943 वोटर्स में से 493 पुरूष व 450 महिला मतदाता हैं। वहीं श्यामाप्रसाद मुखर्जी वार्ड में 634 में 339 पुरूष व 295 महिलपा मतदाता हैं। सुभाष चंद्र वार्ड में 918 में से 467 पुरूष व 451 महिलाएं हैं। प्रवीर चंद्र वार्ड में 861 वोटर्स में से 425 पुरूष व 436 महिलाएं हैं। चिकटराज नगर वार्ड में 946 मतदाताओं में 491 पुरूष व 455 महिलाएं हैं। ष्पहेद नारायण नगर वार्ड में 892 में से 432 पुरूष व 460 महिला मतदाता हैं।

### अप्रत्यक्ष चुनाव : विचार विमर्श कर प्रस्ताव पारित किया गया



फोटो.9. धमतरी.. नगरीय निकाय निर्वाचन को लेकर मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर स्थित मीटिंग हॉल में मंत्रीपरिषद उपसमिति की बैठक सम्पन्न हुई। कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ शिवकुमार डहरिया और वन एवं पर्यावरण मंत्री मोहम्मद अकबर वाली तीन सदस्यीय उपसमिति द्वारा नगर पालिक निगम नगर पालिका और नगर पंचायत के महापौर और अध्यक्ष के निर्वाचन के लिए गहन विचार विमर्श कर प्रस्ताव पारित किया गया।

### महात्मा गांधी के 150 वी जयंती के उपलक्ष में नगर के कांग्रेस कमेटी ने निकाली गांधी विचार पद यात्रा

**तिल्दा नेवरा।** नगर के कांग्रेस कमेटी के तत्वधान द्वारा महात्मा गांधी के 150 वी जयंती के उपलक्ष में बिते बुधवार को महात्मा गांधी के विचार पद यात्रा के छठवे चरण पर सासाहोली के रेस्ट हाऊस से होते हुये नगर के वार्ड क्रमांक 21,20,22,19,18,वार्डो से पद यात्रा करते हुये खुब चंद बघेल चौक में कांग्रेस नेता द्वारा सभा का उद्बोधन कर समापन हुआ और कल गुरूवार को गांधी विचार पद यात्रा खुब चंद बघेल चौक से होते हुये खरोरा मुख्य रोड़ तिल्दा के मेन मार्कट स्टेशन चौक से बनिया पारा हॉटल से पदयात्रा करते हुये सिंधी कैम्प से गांधी विचार पद यात्रा नेवरा के गांधी चौक में पद यात्रा के कार्यक्रम का समापन किया गया गांधी विचार पद यात्रा में मुख्य रूप जनक राम वर्मा, राम गिड़लानी, भीम सेन भोजवानी, सुनील सोनी, नीरज राठी, लक्ष्मी नरायण वर्मा, देवादास टण्डन, गोवधन यदु, दशरत डहरिया, जानकी, प्रमोद वर्मा, राहुलतेजवानी श्याम वाधवा, जीतू माधवानी, दिनेश सोनी, जितेन्द्र धुव्र, दिनेश साहू, संजय राव, रवि हैथ्या,गजेन्द्र वर्मा, कमल पाटकर,समारू साहू, जगदीश यादव एवं कांग्रेस गण विशेष रूप से उपस्थित थे।

## क्विक न्यूज

### फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन 25 नवंबर को

**बिलासपुर ।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का 1 जनवरी 2020 अर्हता तिथि के आधार पर विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण एवं मतदाता सत्यापन कार्यक्रम की समय सारिणी में आंशिक संशोधन किया गया है। अब मतदाता सत्यापन 18 नवंबर तक किया जा सकेगा। इसी तरह 25 नवंबर 2019 को फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली का प्रारंभिक प्रकाशन किया जाएगा और उसी दिन से दावे एवं आपत्तियां संबंधित केन्द्रों में प्राप्त की जाएगी। संशोधित कार्यक्रम के अनुसार मतदाता सत्यापन कार्यक्रम 18 नवंबर 2019 सोमवार तक बढ़ाया गया है। फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का प्रारंभिक प्रकाशन 25 नवंबर, दावे-आपत्तियों प्राप्त की जाएगी 25 नवंबर से 24 दिसंबर तक, दावे एवं आपत्तियों का निराकरण 10 जनवरी 2020, पूरक सूची तैयार करना 17 जनवरी 2020 और निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन 20 जनवरी 2020 को किया जाएगा।

### त्रुटिपूर्ण राशनकार्ड सुधारे जाएंगे

**बिलासपुर।** कलेक्टर डॉ.संजय अलंग के निर्देश पर बिलासपुर जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में त्रुटिपूर्ण राशनकार्ड सुधारा जा रहा है और राशनकार्ड में परिवार के जिन सदस्यों के नाम छूट गए हैं, उनके नाम भी जोड़े जा रहे हैं। इन परिवारों को सुधारे गए नवीनीकृत राशनकार्ड के अनुसार आगामी माहों में खाद्यान्न का आबंटन किया जाएगा। जिले में राशनकार्ड नवीनीकरण कार्य के तहत बिलासपुर शहरी क्षेत्र में नगर निगम बिलासपुर, नगर पंचायत बिल्हा, बोदरी, मल्हार, रतनपुर, कोटा, तखतपुर, गौरेला एवं पेण्ड्रा तथा ग्रामीण क्षेत्र में जनपद पंचायत कोटा, तखतपुर, बिल्हा मस्तूरी, गौरेला, पेण्ड्रा एवं मरवाही में डाटा एण्ट्री का कार्य किया जा रहा है। साथ ही त्रुटि पाए जाने पर सुधार कर एण्ट्री किया जा रहा है एवं राशनकार्डों का पीडीएफ तैयार किया जा रहा है।

### ग्राम घोरामार में आयोजित जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर स्थगित

**बिलासपुर।** जन समस्याओं के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से जिले के तखतपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम घोरामार में 19 अक्टूबर 2019 को आयोजित होने वाली जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दी गई है।

### सर्पदंश से महिला की मौत

**कोरबा।** लघुशंका के लिए गई एक 28 वर्षीय महिला को जहरीले सर्प ने डस लिया। चिंताजनक अवस्था में उपचार हेतु नजदीक के स्वास्थ्य कैन्द्र में भर्ती कराया गया।

# कांग्रेसी कार्यकर्ता गांधी के विचारों को पहुंचा रहे हैं जन-जन तक

## गांधी विचार यात्रा गिरीश देवांगन पहुंचे मस्तूरी

पायनियर संवाददाता ∢ बिलासपुर
www.dailypioneer.com




इन दिनों छत्तीसगढ़ में राष्ट्र पिता महात्मा गांधी के एक सौ पचासवीं जन्म दिन को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस बड़ी जोर शोर से मना रहा है । कार्यक्रम की रूप रेखा चाहे जिसने भी तैयार की है। पूरे प्रदेश में इसकी चर्चा चल रही है । संगठन का हर एक कार्यकर्ता गांधी जी के विचारों को जन-जन तक पहूंचाने के लिए ब्लाक और जिला स्तर में गांव और चौपाल तक ग्यारह अक्टूबर से सत्रह अक्टूबर तक सात दिनों से जूटे हुए हैं ।

इसी तारतम्य मे कांग्रेस कमेटी का प्रभारी महामंत्री गिरीश देवांगन बिलासपुर जिले के यात्रा कार्यक्रम में विभिन्न स्थलों में एक ही दिवस अलग अलग समय में शिरकत किए। सर्वप्रथम गिरीश देवांगन मस्तुरी विधान सभा क्षेत्र का ग्राम देवरी (सीपत) पहुंचे थे। जहाँ उनके द्वारा उपस्थित ग्रामीणों को अपने बापू के विचारों को रखा गया। इसी तरह उन्होने छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की भूपेश सरकार के अल्प महिनों के उपलब्धियों को बखूबी तरीके से बताया। उन्होंने पीडीएस के लिए लाभान्वित परिवारों के राशन कार्ड में संबंधित अधिकारियों के द्वारा हुई चूक पर नाराजगी व्यक्त करते हुए इसे चंद समय के अंदर ही सुधार हो जाने के लिए वादा भी किया । श्री देवांगन जी मस्तुरी क्षेत्र के पूर्व विधायक दिलीप लहरिया को पूर्व मानने से इंकार कर ग्रामीणों से कहा कि लहरिया कांग्रेस की सरकार में मस्तुरी के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण व्यक्ति है । इससे आप लोग बेगारी करवाते रहें । इसको छोड़ना नहीं है। हंसी ठिठोली अंदाज़ में उन्होंने यह भी कहा कि हमारे सरकार में एक दर्जन मंत्री है श्री लहरिया उन्हीं का परिक्रमा में लगा रहता है जबकि मैं महामंत्री हूँ फिर भी मुझे यह कुछ नहीं बताता । लहरिया बहुत अच्छा व्यक्ति है इसलिए मैं इसका सिफारिश जरूर करता हूँ। सभा को इसके पूर्व प्रदेश महामंत्री अटल श्रीवास्तव ,जिला ग्रामीण के अध्यक्ष विजय केशरवानी ,पूर्व विधायक दिलीप लहरिया और ब्लाक कांग्रेस कमेटी सीपत के अध्यक्ष राजेन्द्र धीवर द्वारा भी संबोधित किया गया । सभा का संचालन चित्रकांत श्रीवास ने किया । ग्राम खजूरी पंधी से प्रारंभ इस गांधी विचार पदयात्रा में प्रमुख रूप से गिरीश देवांगन ,अटल श्रीवास्तव , विजय केशरवानी , दिलीप लहरिया,चन्द्र प्रकाश बाजपेयी, अनील टाह , रवि कुमार श्रीवास, धर्मेन्द्र शर्मा, चन्द्र प्रदीप बाजपेयी,संतोष दुबे, अमीरअली विरानी सहीत सैकड़ों कांग्रेसी शामिल थे। ग्राम देवरी में उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित कर यह यात्रा ग्राम रांक, हरदाडीह और रलिया के लिए बढ़ गया जबकि गिरीश देवांगन अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बेलतरा विधान सभा क्षेत्र का ग्राम अकलतरी के लिए प्रस्थान कर गए । इस सभा में तहसीलदार सीपत और सीईओ जनपद पंचायत मस्तुरी के संबंधित अधिकारी और कर्मचारी भी मौजूद थे ।

# पुराने बस स्टैंड के 7 दर्जन व्यापारियों को नगर निगम ने भेजा नोटिस

## प्रस्तावित नए शॉपिंग कॉम्लेक्स के निर्माण को लेकर गतिरोध कायम

पायनियर संवाददाता ∢ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

पुराने बस स्टैंड स्थित 84 दुकानों में प्रस्तावित कमर्शियल कंपलेक्स में नगर निगम ने 84 दुकानदारों को नोटिस जारी कर दस्तावेज प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। जिससे बस स्टैंड के व्यापारी असंतुष्ट है। परेशान व्यापारियों का कहना है कि निगम ने बस स्टैंड की पुरानी दुकान पर प्रस्तावित नए शॉपिंग काम्प्लेक्स के निर्माण से पूर्व बस स्टैंड के सभी व्यापारियों से आम सहमति नहीं ली है।कुछ ही दुकानदारों को आनन फानन में प्रस्तावित नक़्शे अवलोकन के लिए बुलवाया गया था। उल्लेखनीय है बस स्टेंड परिसर के दुकानो को वर्ष 1777 में नगर निगम प्रशासन ने आबंटित किया था । निगम चूंकि यहाँ दुकानदारों की दुकान तोड़ कर उन्हें ही नए दुकान आबंटित करने का प्लान है। इस लिए दुकानदारों की सहमति महत्वपूर्ण हो जाती है।निगम की आधी अधूरी कार्यशैली और कुछ खास दुकानदरों को ध्यान में रख कर नए शॉपिंग काम्प्लेक्स एक तरफा निर्णय है । यह नैसर्गिक न्याय के सिद्धांत के खिलाफ है।

बस स्टेंड के नव पंजीकृत व्यापारी संघ के मनोनीत अध्यक्ष रजनीश ताम्रकार का कहना है कि 25 अगस्त और 9 सितंबर को हुई नगर निगम की बैठक में भाग लेने के लिए हमारे संघ और इसके व्यपारी सदस्यों को कोई अधिकारीक सूचना नही दी गई है। कुछ ही दुकानदारो को मौखिक सूचना दी गई थी।कि पुराने बस स्टेंड को तोड़ कर नया शॉपिंग काम्प्लेक्स बनाया जाना प्रस्तावित है। केवल कुछ लोग ही निगम की बैठकों में शामिल हुए है। बस स्टेंड व्यापारी संघ के मनोनीत अध्यक्ष रजनीश ने बताया कि निगम की नोटिस बैचेन करने और प्रताड़ित करने वाली है। पुराने बस स्टेंड परिसर की 84 दुकानों के सभी दस्तावेज निगम के पास जमा है। हम नियमित नगर निगम का टैक्स पटाते आए है। फिर दस्तावेज के लिए नोटिस समझ से परे है। इस परिसर में कई व्यापारियों ने बैंकों से ऋण भी लिया हुआ है। दुकान टूटने और बनने के समय के बीच रोजगार प्रभावित होगा, और आर्थिक नुकसान भी होना तय है। इस लिए इस परिसर से छेड़ छाड़ नही की जाय इसके साथ ही निगम इस परिसर के सभी व्यापारियों से संवाद करे। आम सहमति को ध्यान में रख कर ही कोई निर्णय ले। बिलासपुर के अहिरवार समाज के पुराने बस स्टेंड में गुमटी लगाने वाले चैतू अहिरवार और भरत अहिरवार का कहना है कि हमारे पिता 1978 से इस जगह पर जूते चप्पल रिपेयरिंग और पालिश करते हुए विरासत में इस जगह को हमे दे कर गए है। इस जगह पर नगर निगम ने मध्यप्रदेश शासन के दौर में 1984 में गुमटियां आबंटित की गई थी।

चैतू ने बाताया की सरकार बदली लोग बदले नगर निगम बदल गया। 84 दुकानों में गुमटियां कब नियमिय हो गई पता ही नही चला। हम गरीब और कम पढ़े लिखे लोग इस बारे में स्थानीय पार्षद और जन प्रतिनिधि से चर्चा ही नही कर पाए। 84 दुकान टूटने की खबर से हमे मालूम हुआ कि निगम ने गुमटियां भी नियमित की हुई है, इस आधार पर हमारा भी दावा बनता है। नए काम्प्लेक्स में गरीब वर्ग को ध्यान में रखते हुए तो हमे भी पक्की गुमटियां आबंटित की जानी चाहिए। इस क्षेत्र से पार्षद रहे दूर्गा सोनी ने इस विषय मे बताया कि बस स्टेंड परिसर में किसी प्रकार के नव निर्माण में सभी व्यापारियों की सहमति जरूरी है। नगर निगम ने अगर पुराने बस स्टेंड की गुमटियां नियमित की है तो गरीब तबके के अहिरवार समाज को भी प्रस्तावित नए शॉपिंग काम्प्लेक्स में पक्की गुमटियां देने का प्रावधान होना चाहिए।

# गुरुनानक देव की 550वीं प्रकाश पूरब की खुशी में नाट्य रूपांतरण 18-19 को

पायनियर संवाददाता ∢ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

गुरद्वारा गुरु सिंह सभा दयालबंद में गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी एवं सुखमनी सहेब सर्कल के सहयोग से सिख धर्म के प्रथम गुरु गुरु नानक देव जी के 550 प्रकाश पूरब की खुशी में नाट्य रूपांतरण का कार्यक्रम 18 एवं 19 अक्टूबर को आयोजित किया जा रहा है जिसमें गुरु नानक देव जी के जीवनधारा को एवं उनके सिद्धांतों को नाटक द्वारा प्रस्तुतीकरण किया जाएगा।

इस नाटक को रूपांतरित करने के लिए विशेष तौर पर पटियाला से हरविंदर पाल सिंह की टीम बिलासपुर में पहुंच रही है जो शाम 7:30 प्रारंभ होगा। इस कार्यक्रम के उपरांत संगतो के लिए सुखमनी साहिब सर्कल की ओर से लंगर का भी प्रबंध किया गया है गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा सभी को इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया जाता है इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य गुरु नानक देव की जीवनी उनकी शिक्षा को प्रदर्शित करना है ।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सुखमनी साहिब सर्कल टीम तन मन धन से सेवा में जुटी है जिसमें सुखमनी साहिब सर्कल की अध्यक्ष रोमी सलूजा मीत गंभीर गोल्डी छाबड़ा मनप्रीत मक्कड़ रेशम गंभीर प्रिंसी गंभीर रिया राजपाल तरण सलूजा रिमी छाबड़ा रूबी छाबड़ा दलजीत कौर सलूजा महेंद्र कौर सलूजा रोजी खनूजा एवं गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष अमरजीत सिंह दुआ मनदीप सिंह गंभीर जोगिंदर सिंह गंभीर नरेंद्र पाल सिंह गाँधी तविन्दर पाल सिंह अरोरा हेड ग्रंथी मानसिंह का सहयोग है।

## कोटा के विकास के लिए मास्टर प्लान तैयार

# ग्राम झलफा को बिल्हा निवेश क्षेत्र में शामिल किया गया

पायनियर संवाददाता ∢ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम 1973 की धारा 14 के अनुसार कोटा निवेश क्षेत्र के विकास हेतु मास्टर प्लान बनाने के लिए नगर पंचायत कोटा और 14 गांवों को सम्मिलित करते हुए विकास योजना का प्रारूप तैयार किया गया है। इस संबंध में सुझाव देने के लिए गठित समिति की बैठक कलेक्टर डॉ.संजय अलंग की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

मंथन सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने कोटा के विकास योजना प्रारूप में स्टेडियम के प्रस्ताव को भी शामिल करने का सुझाव दिया। समिति सदस्यों ने घोंघा जलाशय का पर्यटन की दृष्टि से विकास करने, कोटा-बिलासपुर मार्ग पर स्थित कृषि भूमि को आवासीय एवं मिश्रित भूमि करने, साथ ही भविष्य की संभावना को देखते हुए कोटा के मास्टर प्लान में आवासीय भूमि बढ़ाने का भी सुझाव दिया गया। अधिनियम की धारा 18 (1) के तहत समिति से जो भी सुझाव प्राप्त हुए हैं उन्हें शामिल करते हुए कोटा विकास योजना प्रारूप प्रकाशित की जाएगी। प्रकाशन के 30 दिन के भीतर जनसामान्य से आपत्ति एवं सुझाव लिए जाएंगे। प्राप्त आपत्ति एवं सुझावों पर समिति सुनवाई करेगी और कोटा के विकास हेतु मास्टर प्लान को अंतिम रूप दिया जाएगा।

छत्तीसगढ़ नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम 1973 की धारा 13 (2) के तहत बिल्हा निवेश क्षेत्र का मास्टर प्लान तैयार किया जाना है। जिसके लिए कलेक्टर डॉ.संजय अलंग की अध्यक्षता में गठित समिति की बैठक भी आज सम्पन्न हुई।

नगर तथा ग्राम निवेश विभाग के संयुक्त संचालक तथा समिति के संयोजक श्री संदीप बांगड़े ने बताया कि बिल्हा निवेश क्षेत्र का मास्टर प्लान बनाया जा रहा है। जिसमें ग्राम झलफा जो बिलासपुर निवेश क्षेत्र के बाहर है और बिल्हा निवेश क्षेत्र से लगा हुआ है। उसे बिल्हा के मास्टर प्लान में शामिल करना आवश्यक है। समिति द्वारा अधिनियम 1973 की धारा 13 (2) के तहत बिल्हा निवेश क्षेत्र में इस ग्राम को शामिल करने के लिए कार्यवाही की गई। बैठक में संयुक्त संचालक नगर तथा ग्राम निवेश श्री प्रसाद, नगर पंचायत कोटा अध्यक्ष सहित अन्य समिति के सदस्य, संबंधित गांवों के सरपंच, कंसलटेंट इंजीनियर एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## बिलासपुर के स्लम क्षेत्रों में स्वास्थ्य शिविर

# नि:शुल्क जांच एवं इलाज की सुविधा मिल रही है गरीबों को

पायनियर संवाददाता ∢ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

बिलासपुर शहर के स्लम क्षेत्र में प्रत्एक व्यक्ति तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधा सहजता से उपलब्ध कराने के लिए 13 स्थानों पर इस माह स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में प्रतिदिन प्रातः 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक जांच तथा इलाज की सुविधा प्रदान की जा रही है। कलेक्टर डॉ.संजय अलंग के निर्देश पर 17 अक्टूबर को वार्ड क्रमांक 49 स्वास्थ्य सुविधा केन्द्र डबरीपारा में, 18 अक्टूबर को प्रथम तीन घंटा वार्ड क्रमांक 44 स्थित मुनीबाबा मंदिर के पास जबड़ानाला जबड़ापारा एवं शेष तीन घंटा वार्ड क्रमांक 46 स्थित उड़िया मोहल्ला मुक्तिधाम के बगल में सरकंडा में, 19 अक्टूबर को वार्ड क्रमांक 64 सामुदायिक भवन बापू नगर में, 20 अक्टूबर को प्रथम तीन घंटा वार्ड क्रमांक 54 स्थित दुर्गा पंडाल के पास पोर्टर खोली एवं शेष तीन घंटा वार्ड क्रमांक 55 स्थित झोपड़ापारा में, 21 अक्टूबर को वार्ड क्रमांक 10 स्थित राजीव गांधी चौक के पास मंझवापारा में मंझवापारा 1, 2, कुम्हारपारा 1 और 2 में, 22 अक्टूबर को वार्ड क्रमांक 7 नदी के किनारे नाईपारा तिलक नगर में, 23 अक्टूबर को वार्ड क्रमांक 10 स्थित राजीव गांधी चैक के पास मंझवापारा मदर टेरेसा नगर में, 24 अक्टूबर को वार्ड क्रमांक 1 स्थित अटल आवास गोखना नाला ओव्हर ब्रिज के आगे, 25 अक्टूबर को वार्ड क्रमांक 3 में शिवम रेसीडेंसी टावर परिसर ठेठाडबरी में, 26 अक्टूबर को वार्ड क्रमांक 40 स्थित स्वास्थ्य सुविधा केन्द्र यादव मोहल्ला तोरवा में और 30 अक्टूबर को वार्ड क्रमांक 47 स्थित ठाकुरदेव नगर अटल आवास बहतराई रोड में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा।

## आयुक्त ने किया वार्ड कार्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण

**कोरबा।** आयुक्त श्री राहुल देव ने नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र के विभिन्न वार्ड कार्यालयों का आकस्मिक रूप से निरीक्षण किया। उन्होने वार्ड कार्यालयों की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए व्यवस्थाओं को चुस्त-दुरूस्त रखने, कार्यालयों का सुचारू रूप से संचालन करने तथा शिकायत व मांग पंजी के नियमित संधारण व प्रतिदिन की रिपोर्ट निगम के मुख्य कार्यालय को प्रेषित किए जाने के निर्देश संबंधित जोन कमिश्नरों को दिए। यहां उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री वार्ड कार्यालय योजनांतर्गत नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र में अभी तक 10 वार्ड कार्यालय प्रारंभ किए जा चुके हैं तथा इन वार्ड कार्यालयों के माध्यम से संबंधित वार्ड के नागरिकों को विभिन्न नगर पालिक सेवाएं व सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। आज आयुक्त श्री राहुल देव ने विभिन्न वार्ड कार्यालयों का आकस्मिक रूप से निरीक्षण किया तथा वहां की व्यवस्थाओं को देखा। निरीक्षण के दौरान आयुक्त श्री देव ने पुराना बस स्टैण्ड कोरबा स्थित गीतांजलि भवन में संचालित वार्ड कार्यालय, वार्ड क्र. 18 पथर्रीपारा सामुदायिक भवन में संचालित वार्ड कार्यालय एवं वार्ड क्र. 14 पम्प हाउस में संचालित वार्ड कार्यालय का निरीक्षण किया।

# सुपोषण अभियान के तहत आंगनबाड़ी केन्द्रों में पौष्टिक लड्डू का वितरण

पायनियर संवाददाता ∢ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के तहत टेक होम राशन के तर्ज पर कुपोषित और एनीमिया प्रभावित बच्चों और महिलाओं को पौष्टिक लड्डू का वितरण प्रारंभ कर दिया गया है। यह प्रत्एक माह के पहले व तीसरे मंगलवार को सभी आंगनबाड़ियों में वितरित किया जाएगा।

जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी बिलासपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार अक्टूबर माह से प्रारंभ की गई इस योजना में मंगलवार 15 अक्टूबर को माह के तीसरे मंगलवार के दिन पौष्टिक लड्डू का वितरण आंगनबाड़ी केन्द्रों में किया गया। पौष्टिक लड्डुओं के वितरण के साथ-साथ कुपोषित बच्चों के पालकों को यह समझाईश दी जा रही है कि जो बच्चे 1 वर्ष से कम आयु के हैं या जो लड्डू नहीं खा सकते हैं। उन्हें लड्डू को पीसकर या चूरा कर खिलाया जाए।

लड्डू के साथ ही चिन्हांकित कुपोषित बालकों और एनीमियाग्रस्त महिलाओं को संदर्भ सेवा, आयरन फोलिक एसिड टेबलेट वितरण, कृमिनाशक दवा वितरण और पोषण पुनर्वास केन्द्र से भी लाभान्वित किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि राज्य में 5 वर्ष से कम आयु के कुपोषित बच्चों और 15 से 49 वर्ष आयुवर्ग की एनीमियाग्रस्त महिलाओं में कुपोषण व एनीमिया दूर करने के लिए मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान चलाया जा रहा है। पौष्टिक लड्डू का वितरण प्रथम चरण में मार्च 2020 तक किया जाएगा। इसके बाद योजना को तीन वर्ष की अवधि के लिए बढ़ाया जाएगा।

## हेलमेट पहनकर गाड़ी चलाने वालों को एसपी ने गुलाब का फूल भेंट किया

# सड़कों पर निकले यमराज, हेलमेट पहनकर वाहन चलाने की अपील

पायनियर संवाददाता ∢ बिलासपुर
www.dailypioneer.com





करवा चौथ के मौके पर पुलिस ने शहर में हेलमेट को लेकर जागरूकता अभियान चलाया। जिसमे यमराज के वेश में पुलिसकर्मी वाहन चालकों को समझाते नजर आए। अभियान की शुरुआत नेहरू चौक से हुई, एसपी प्रशांत अग्रवाल समेत पुलिस के आला अफसरों ने लोगों को गुलाब का फूल भेंटकर समझाइश दी। यातायात नियमों को लेकर पुलिस समय-समय पर अभियान चलाती है, जिसमें लोगों को समझा इसके साथ कई बार कार्रवाई भी की जाती है।

इसी कड़ी में आज करवा चौथ पर पुलिस ने एक अभियान चलाया, जिसमें हेलमेट न लगने वाले वाहन चालकों को गुलाब का फूल देकर जागरूक किया गया, और उन्हें समझाया गया, कि बिना हेलमेट चलने से अपनी जान जोखिम में न डालें। हादसा कभी भी कहीं भी हो सकता है। इसलिए यातायात के नियमों का पालन करें। यह आपके और आपके परिचित के लोगों के लिए अच्छा होगा। शहर में यमराज सड़कों पर वाहन चालकों को हिदायत देते नजर आए।

करवाचौथ के मौके पर पुलिस ने गुलाब भेंट कर जन जागरूकता अभियान आयोजित किया। बढ़ते सड़क हादसों पर रोकथाम के लिए बिलासपुर यातायात विभाग ने अनोखी पहल की है। सड़क पर हेलमेट पहनकर गाड़ी चलाने वालों को एसपी द्वारा गुलाब का फूल भेंट किया गया तो वहीं बिना हेलमेट के गाड़ी चलाने वालों को यमराज ने फूल भेंट कर अगली बार से हेलमेट पहनकर घर से निकलने की हिदायत दी। यह अभियान नेहरू चौक से शुरू हुआ, और महामाया चौक, सीपत चौक, सत्यम चौक होते हुए शहर के प्रमुख चौक पर पहुंचा, जहां दो पहिया वाहन चालकों को गुलाब का फूल भेंट कर उन्हें समझाइश दी गई। इस मौके पर एसपी प्रशांत अग्रवाल एडिशनल एसपी ओपी शर्मा एडिशनल एसपी ग्रामीण संजय ध्रुव एडिशनल एसपी ट्रैफिक रोहित बघेल समेत पुलिस के आला अफसर और कर्मचारी मौजूद रहे।

# मोतियाबिंद के सफल ऑपरेशन पर ग्रामीणों ने जाहिर की खुशी

पायनियर संवाददाता ∢ कोरबा
www.dailypioneer.com

जिला अस्पताल पहुँची कलेक्टर श्रीमती किरण कौशल से मोतियाबिंद के सफल ऑपरेषन के बाद ग्रामीणों ने मुलाकात की और लाईफ्लाईन एक्सप्रेस तथा डॉक्टरों को धन्यवाद दिया। कलेक्टर ने मोतियाबिंद के मरीजों की ऑखों का ऑपरेशन करने के बाद जॉच कर रहे डॉक्टरों से भी मुलाकात की और अस्पताल में भर्ती मरीजों का हाल-चाल जाना। मरीजों ने एक ओर जहॉ आने-जाने, खाने-पीने, ईलाज-दवाई और रहने की व्यवस्था की तारीफकी तो रोज-रोज ईलाज के लिये डॉक्टरों द्वारा लगाये जाने वाले इंजेक्शनों का भय भी कलेक्टर के समक्ष व्यक्त किया।

कौशल ने सीएसईबी अस्पताल, एसईसीएल अस्पताल सहित अग्रोहा भवन पहुॅचकर लाईफ्लाईन एक्सप्रेस के मेगा हेल्थ कैम्प में ईलाज कराने आये लोगों के लिये की गई व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। उन्होंने अग्रोहा भवन में साफ-सफाई की व्यवस्था बेहतर करने के निर्देश दूरभाष पर ही नगर निगम आयुक्त को दिये। श्रीमती कौशल ने डॉक्टरों का निर्देशित किया कि ऑखों के साथ-साथ किसी अन्य ऑपरेशन या ईलाज के दौरान कोई कोताही बरदाश्त नहीं की जायेगी। सावधानीपूर्वक सभी ईलाज और ईलाज के बाद की व्यवस्थायें सुनिश्चित की जायें। कलेक्टर ने कोरबा रेल्वे स्टेषन पहुॅचकर लाईफ्लाईन एक्सप्रेस के मेगा हेल्थ षिविर में ईलाज कराने पहुॅचे मरीजों एवं परिजनों से भी मुलाकात की और वहॉं की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

## कहानी उस सुहागन की जिसकी आंखें उसे देखने को तरसती हैं

# मेरा सुहाग, वहां हजारों, लाखों सुहाग की रक्षा कर रहा है

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

सरहद पर मुस्तैद जवानों अपनी जान हथेली पर लिए फिरते हैं। मातृभूमि की सेवा में लगे इन जवानों के परिवार आधी जिंदगी फिक्र और अनहोनी की आशंकाओं के बीच गुजारते हैं। इसका सबसे बड़ा बोझ ढोती है बॉर्डर पर मुस्तैद जवान की पत्नी। पति के साथ न होने के बाद उसकी जिम्मेदारियां बहू से बढ़कर एक बेटे सी हो जाती है। वो सारा दिन इधर से उधर जद्दोजहद करती हुई अपने परिवार का मुख्य स्तंभ बन जाती है। इस बीच वो कहीं उस फिक्र को दफना देती है जो रोजाना उसे अकेले में खाए जाती है कि न जाने कब कौन सी खबर आए। सच तो यह है कि वो सरहद पर खड़े जवान से ज्यादा मजबूत होती है।

जम्मू-कश्मीर में हालातों को बदलने सरकार ने हाल के वक्त में बड़े फैसले लिए हैं। धारा 370 हटाए जाने के बाद से वहां के हालात से लोग अनजान है। यहीं राजनांदगांव जिले के ग्राम मोखला के 28 वर्षीय योगेंद्र कुमार साहू आर्मी में तैनात है। वर्ष 2012 से वह कश्मीर में ड्यूटी कर रहे हैं। पूरे साल के बीच उन्हें 90 दिनों का ही वक्त मिलता है जो वह अपने परिवार के साथ गुजार पाते हैं। दूसरी ओर है उनकी पत्नी दुलेश्वरी साहू बखूबी उनकी गैरमौजूदगी में जिम्मेदारियां संभाल रहीं हैं।




गुरुवार को करवाचौथ के वक्त उसकी आंखे नम हो जाती हैं। वैसे तो अक्सर ही हर त्यौहार उन्हें अपने पति के बगैर ही मनाना होता है लेकिन कई दफा वे भावनाओं को आंखों में समेटकर रख पाने में नकामयाब हो जाती है। वे कहती हैं, मुझे फक्र है कि मेरा सुहाग, वहां हजारों, लाखों सुहाग की रक्षा कर रहा है। लेकिन उनकी कमी महसूस होती है। दुलेश्वरी हर साल करवाचौथ का व्रत अपने पति योगेंद्र की तस्वीर देखकर ही तोड़ती हैं। यही एक जरिया है जिसके सहारे वह खुद को अपने सुहाग के करीब महसूस करती हैं।

दुलेश्वरी अपने पति के यहां न होने के बीच अपने एक बेटे और अपने परिवार का ख्याल रखने में इतनी व्यस्त हैं कि उन्हें दूसरे हालातों की जानकारी नहीं है। हाल के दिनों में ही छत्तीसगढ़ का एक जवान जम्मू-कश्मीर में हादसे में मारा गया। इसके बाद वहां ईंट भठ्ठे में काम करने वाले छत्तीसगढ़ के एक व्यक्ति की आतंकियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। इन घटनाओं के बीच घबराती लेकिन खुद को संभालती जवानों की पत्नियां अग्निपरीक्षा से गुजर रहीं है।

5 साल की शादी में दुलेश्वरी और योगेंद्र का बमुश्किल ही इतना वक्त मिल पाया है कि वे एक दूसरे को ठीक से देख सकें। उन्हें वो वक्त मिला ही नहीं जिसमें वो एक दूसरे को समझ सकें। बावजूद इसके दोनों ने एक दूसरे की जिम्मेदारियों की इज्जत की है और उसे स्वीकारा है। पूरे देश के सुहाग की रक्षा करने वाले जवान योगेंद्र की पत्नी दुलेश्वरी ने अपने सुहाग की रक्षा के लिए आज व्रत रखा। वह कहती है, मुझे पूरा भरोसा है वो न सिर्फ मेरे, हमारे परिवार बल्कि देश का नाम ऊंचा कर रहे हैं।

### मतदाता सत्यापन और विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की बढ़ी अवधि

**राजनांदगांव।** भारत निर्वाचन आयोग ने मतदाता सत्यापन कार्यक्रम के साथ मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण की समयावधि बढ़ा दी है। फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण और मतदाता सत्यापन कार्यक्रम की समय.सारणी में हुए संशोधन के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य के लिए पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी कर दिया गया हैं। जारी कार्यक्रम के अनुसार 18 नवम्बर 2019 सोमवार तक इस पर केन्द्रित गतिविधियां पूरे छत्तीसगढ़ राज्य में गहनता से संचालित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि पूर्व में मतदाता सत्यापन कार्यक्रम के अन्तर्गत मतदाताओं को अपने मतदाता होने का सत्यापन कराने के लिए 15 अक्टूबर तक की तिथि निर्धारित थी। जिसे अब बढ़ा दिया है, वहीं संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की तिथि बढने से राज्य के युवा मतदाता को पात्रता होगी।

# जम्मू-कश्मीर में शहीद हुआ माटी का लाल पंचतत्व में विलीन

## शहीद दीनदयाल भुआर्य को सैकड़ों नम आंखों ने दी श्रद्धांजलि

- जम्मू.कश्मीर में स्क्वॉयड ड्यूटी के दरमियान सड़क दुर्घटना में हुई थी मौत

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव/मानपुर
www.dailypioneer.com

कहते हैं वक्त और किस्मत के आगे हर कोई नतमस्तक है। किस्मत जिस राह इंसान को लेकर जाए वो वहीं जाता है। चाहे वह काल के गाल की राह हो या खुशहाली का सफर। ठीक इसी तरह से किस्मत के उलट फेर में मानपुर वनांचल का एक लाल ड्यूटी पर जाते जाते बीच राह ही काल की गाल में समा गया। जिसे आज नम आंखों से श्रद्धा सुमन अर्पित कर मुखाग्नि दी गई।

निर्धारित ड्यूटी को बदलवाकर एडीजी स्कवॉड में निकले, समा गए काल की गाल में बीते 14 अक्टूबर को जम्मू-काश्मीर में एसएसबी सीमा सुरक्षा बल के जवानों से भरी जिप्सी दुर्घटना ग्रस्त हो गई थी। जिसमें सवार मानपुर के जबकसा गांव निवासी एस एस बी जवान दीनदयाल भुआर्य की मृत्यु हो गई। शव को जम्मू से मानपुर लेकर पहुँचे एस एस बी ऑफिसर पी एल शर्मा ने हमारे संवाददाता को घटना के पहलुओं से वाकिफ कराया। शर्मा के मुताबिक दीनदयाल की ड्यूटी 14 अक्टूबर को कहीं और लगाई गई थी, उन्हें कहीं और जाना था लेकिन उन्होंने स्वयं अपनी ड्यूटी बदलवाकर कहीं और जाने के लिए ड्यूटी लगवाई।

दीनदयाल बटालियन के स्कवॉयड में तैनात थे। उक्त स्कवायड की ड्यूटी वीआईपी मशलन मिनिस्टर, उच्चाधिकारी व अन्यों के साथ लगती है। दीनदयाल की ड्यूटी बटालियन ने 14 अक्टूबर को जहां निर्धारित की थी। लेकिन वे निर्धारित ड्यूटी को बदलवाकर एक फोर्स के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक के साथ जाने वाली स्कवाड में ड्यूटी लगवाकर उनके साथ निकल गए।



### जाना था 80 किमी दूर, 60 किमी सफर के बाद फटी जिप्सी की टायर

बता दें कि एडीजी के स्कवाड में शामिल दीनदयाल साथी जवानों के साथ जिप्सी में सवार होकर जम्मू से 80 किमी दूर एक स्थान पर जा रहे थे। उनकी टीम यहां से 60 किमी का सफर तय कर चुकी थी। मुकाम पर पहुंचने केवल 20 किमी ही शेष थी इसी बीच राह में राजबाग स्टेशन के पास जम्मू.पठानकोट हाइवे में अचानक जिप्सी का टायर फट गया। जिससे जिप्सी अनियंत्रित होकर पलट गई। इस घटना में दीनदयाल के कमर व निचले हिस्से में गंभीर चोटें आई। दीनदयाल को इलाज की आस में तत्काल अस्पताल भी पहुंचाया गया। लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले जी एक्सीडेंट ने उन्हें काल की गाल में धकेल दिया था।

**तीसरे दिन एसएसबी के अफसर-जवान शव लेकर पहुंचे जबकसा :** घटना के तीसरे दिन दीनदयाल की पार्थिव काया उनके गृह ग्राम जबकसा लाई जा सकी। अपनी माटी के लाल के तिरंगे में लिपट कर आने की खबर पाकर गाँव मे ग्रामीणों का हुजूम उमड़ पड़ा। क्षेत्रीय पुलिस व प्रसासन के आला अफ सर, जनप्रतिनिधि व स्कूली बच्चे भी यहां मौजूद रहे। गांव के मैदान में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन हुआ। जहां कश्मीर तथा भिलाई मुख्ययालय से यहां शव लेकर पहुचे एसएसबी के अफ सरों व जवानों की मौजूदगी में सलामी के साथ सैकड़ों लोगों ने शहीद दीनदयाल को नम आंखों से श्रद्धा सुमन अर्पित की।

**भाइयों में सबसे छोटा, भतीजे ने दी मुखाग्नि :** स्थानीय रिटायर्ड शिक्षक पचूराम भुआर्य के सुपुत्र दीनदयाल सबसे घर का सबस छोटा बेटा था। संजय भुआर्य व सुरेंद्र भुआर्य उनके बड़े भाई हैं। यह भी ज्ञात हो कि साल भर पहले ही दीनदयाल की शादी हुई थी। पत्नी उनके साथ जम्मू-काश्मीर में ही रहती थी। श्रद्धांजलि सभा के बाद दीनदयाल का अंतिम संस्कार किया गया। बड़े भाई के बेटे ने शहीद को मुखाग्नि दी।

# आयुक्त ने प्रभारी मंत्री के कार्यक्रम में मुस्तैद किया सारा अमला

## पूरा दिन भटकते रहे लोग, सारे अधिकारी-कर्मचारी रहे नदारद

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

प्रभारी मंत्री मोहम्मद अकबर ने यहां जयस्तंभ चौक से शुरु होने वाली गांधी विचार पदयात्रा में शिरकत की। इससे इतर इस कार्यक्रम को लेकर निगम आयुक्त चंद्रकांत कौशिक ने पूरा जोर लगा दिया। दोपहर 12 बजे से शुरु होने वाली इस यात्रा को लेकर आलम यह रहा कि पूरा निगम अमला ही इस कार्यक्रम में मुस्तैद कर दिया गया। आयुक्त ने अपनी शक्तियों का प्रदर्शन करते हुए प्रभारी मंत्री के कार्यक्रम में बेहतर प्रदर्शन के लिए पूरी ताकत झोंक दी। दूसरी ओर निगम कार्यालय के सभी चेंबर के दरवाजों पर ताला लगा रहा। पूरा दिन यहां अपने कागजी कामों को लेकर पहुंचे लोग भटकते रहे।

शहरी क्षेत्र में गांधी विचार पदयात्रा की शुरुआत गुरुवार से हुई। कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री ने शिरकत की। इस आयोजन को लेकर आयुक्त चंद्रकांत कौशिक की सक्रियता को लेकर बड़े सवाल खड़े हो रहे हैं। उन्होंने लगभग निगम के पूरे अमले को ही इस कार्यक्रम में संलग्न कर दिया। निगम दफ्तर में आज सारा दिन कामकाज ठप्प रहा।







प्रभारी मंत्री के दौरे को लेकर सक्रिय हुए आयुक्त के निर्देश पर अमले को कार्यक्रम की अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंप दिए जाने की खबर है। इसके चलते सारे अधिकारी-कर्मचारी निगम दफ्तर छोड़ कार्यक्रम में व्यवस्था संभालने दौड़ पड़े।

ऐसा पहली बार देखने को मिला जब किसी मंत्री के दौरे को लेकर निगम प्रशासन इस हद तक गंभीर हुआ हो कि निगम कार्यालय की सारी कुर्सीयां खाली दिखाई दें। यहां तक कि सहायता केंद्र पर भी विरान रहा। यहां मौजूद कुछ लोगों ने बताया कि वे किन्हीं कागजी कार्रवाईयों के लिए निगम दफ्तर पहुंचे हैं लेकिन जिम्मेदारी अधिकारी-कर्मचारी ही यहां से नदारद हैं।









## विजय बहादुर को शुभकामनाएं दी

**राजनांदगांव। राष्ट्रीय हिंदी दैनिक पायनियर के ब्यूरोचीफ विजय बहादुर सिंह को उनके जन्मदिवस के उपलक्ष्य पर छत्तीसगढ़ खाद्य भंडार निगम के पूर्व अध्यक्ष नीलू शर्मा ने शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर विजया बैंक (बैंक ऑफ बड़ौदा) के मैनेजर विवेक तिवारी ने भी उन्हें अपनी शुभकामनाएं दीं।**

# कर्मासेना के बिट्टू अध्यक्ष, युवा प्रकोष्ठ गठित

- तहसील संघ की युवा प्रकोष्ठ की बैठक में निर्णय

पायनियर संवाददाता < डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

नगर में तहसील साहू संघ भवन में युवा प्रकोष्ठ के कार्यकारिणी का गठन का हुआ। इसी क्रम में तहसील अध्यक्ष अमरनाथ साहू ने बैठक में तहसील के हर ग्राम में सामाजिक, शैक्षणिक व रचनात्मक गतिविधियों में युवा शक्ति का सदुपयोग करने कर्मासेना का गठन करने का निर्णय लिया। कर्मासेना का ग्राम स्तरए परिक्षेत्र स्तर तथा तहसील व जिला स्तर पर भी गठन किया जाएगा।



कर्मासेना का तहसील अध्यक्ष भूपेन्द्र साहू उर्फ बिट्टू गंजीर खुर्सीपार को मनोनित किया गया।

तहसील साहू संघ युवा प्रकोष्ठ में संरक्षक टिकेश साहू मनेरी, डिकेश साहू डोंगरगांव,मनीष साहू डोंगरगांव, नरेश साहू मटिया, अध्यक्ष पुरषोत्तम साहू बगदई, सहसंयोजक नवल किोर गंजीर खुर्सीपार, गिरीश साहू कोटरासरार, भीमसेन साहू दर्राबांधा, टोमन सोनू साहू बरसनटोला, राकेश साहू डोंगरगांव, उपाध्यक्ष भानुप्रताप साहू बड़हूम, कालूराम साहू सोनेसरार, प्रशांत साहू मटिया, सचिव गिरधारी साहू रेंगाकठेरा, कोषाध्यक्ष धमेन्द्र साहू डोंगरगांव, सहसचिव पोहन साहू अमलीडीह, संजय साहू बननवागांव, कमल साहू कोकपुर, संगठन सचिव ढालसिंग साहू पांगरी, नूतेश साहू नांदिया, खिलेन्द्र साहू मोखली, ओमकार साहू बगदई, मीडिया प्रभारी घनेन्द्र साहू तुमड़ीबोड़, सोशल मीडिया प्रभारी रोशन साहू अमलीडीह शामिल हैं। इसी प्रकार कार्यकारिणी में गितेश साहू मोखली, दुलार सिंग साहू मोखली, घनश्याम साहू जंगलपुर, विकास साहू कोनारी, शत्रुहन साहू भटगुना, संजू साहू कोनारी, दिलीप साहू बोदेला,दुजेन्द्र साहू बगदई, बेदराम साहू सालिक झिटिया, अमित कुमार साव अर्जुनी बनाए गए है।

उक्त बैठक अध्यक्ष अमरनाथ साहू, रामप्रकाश साहू, सुरेन्द्र साहू, दौवाराम साहू, भागवत साहू, इन्दु साहू, डिकेश साहू,मनीष साहू,नरेश साहू, पुरषोत्तम साह, धर्मेन्द्र साहू आदि सहित युवा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### सोशल मीडिया में ट्रोल हुए विवेक वासनिक

# अ विवेक की हद, न्यास अध्यक्ष पर लगा रानी के अपमान का आरोप

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

रानी सूर्यमुखी देवी राजगामी संपदा के नई पदाधिकारियों ने एक बड़ी भूल को अंजाम देकर नया बखेड़ा खड़ा कर दिया है। एक थप्पड़ की गूंज के बाद उभरे नेता ने रियासत के पुरखों का अपमान करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। राजगामी संपदा के नए पदाधिकारियों अध्यक्ष और सदस्यों की समिति ने शपथ ग्रहण के लिए छपे आमंत्रण पत्र और शहर में लगे होर्डिंग्स में रानी सूर्यमुखी देवी को श्रीमती सूर्यमुखी देवी लिखकर इस आयोजन से पहले ही अपने मत्थे आलोचना का ठप्पा लगवा लिया।

दरअसल, राजनांदगांव रियासत की संपत्तियों को सहेजने, संभालने का जिम्मा रानी सूर्यमुखी




देवी राजगामी संपदा न्यास के जिम्मे है। इस न्यास में हमेशा राजनीतिक हस्तक्षेप रहे हैं। जब जिसकी सरकार तब उसके नुमाईंदे इस न्यास पर काबिज रहे हैं। अब तक होता आया है कि इस न्यास के अध्यक्ष और सदस्य अपने कार्यकाल को लेकर विवादों में रहे हैं। यही पहली दफा है कि न्यास संभालने जा रहे पदाधिकारियों ने पहले ही विवाद कमा लिया है।

भूपेश सरकार ने विवेक वासनिक को राजगामी संपदा का अध्यक्ष नियुक्त किया है। वहीं सदस्यों में सांसद संतोष पांडे, पूर्व मुख्यमंत्री व विधायक डा रमन सिंह, गोवधर्न देशमुख, पंडित मिहिर झा और रमेश खंडेलवाला शामिल हैं। इन पदाधिकारियों ने गुरुवार को अपने पद की शपथ ली। इस दौरान प्रभारी मंत्री मोहम्मद अकबर विशेष रुप से मौजूद रहे। वहीं इस कार्यक्रम में डा रमन सिंह और संतोष पांडे ने शिरकत नहीं की।

### जिला प्रशासन भी जिम्मेदार

रानी सूर्यमुखी देवी राजगामी संपदा न्यास का नाम परिवर्तित करने के इस मसले को लेकर सवाल जिला प्रशासन पर भी खड़े होते हैं। कार्यक्रम के आयोजकों में जिला प्रशासन भी शामिल है। उच्च शिक्षित अधिकारियों की मौजूदगी में इतनी बड़ी चूक को नज़र अंदाज किया जाना मुश्किल है। रानी को श्रीमती लिखने जैसी चूक को लेकर अब तक कोई सफाई भी सामने नहीं आई है। दूसरी ओर संस्कारधानी में इस मुद्दे को लेकर लोगों में आक्रोश दिख रहा है।

### कार्यक्रम में दिखी अव्यवस्था

दूसरी ओर शपथ ग्रहण कार्यक्रम की व्यवस्था को लेकर भी काफी नकारात्मक चीज़ें सामने आई हैं। मसलन यहां मीडियाकर्मियों तक के बैठने का बंदोबस्त नहीं किया गया था। इसके अलावा भी कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को कार्यक्रम के दौरान इधर-उधर भटकना पड़ा। साफतौर पर यह आयोजन हड़बड़ी में आयोजित किए जाने का प्रमाण देता है। इस आयोजन को लेकर कई कांग्रेसियों में भी नाराज़गी देखने को मिली।

### थप्पड़ ने दिलाई गद्दी

विवेक वासनिक वहीं कांग्रेस नेता हैं जिनका नाम कुछ माह पहले थप्पड़ कांड की गूंज के चलते सामने आया था। सत्यता में कांग्रेस के लौटते ही वे नेता भी पार्टी में सक्रिय हो गए जिन्हें कांग्रेस का झंडा उठाए बरसों बीत चुके थे। इसी बीच शहर अध्यक्ष की कमान दिनेश शर्मा के पास थी। किसी कार्यक्रम के दौरान कुर्सी को लेकर दिनेश शर्मा और विवेक वासनिक के बीच तकरार हुई और कथित तौर पर इस बीच शर्मा ने वासनिक को थप्पड़ रसीद कर दिया था। कांग्रेसियों के हस्तक्षेप के बाद मामला शांत हुआ। कहा जार रहा है कि इसी थप्पड़ ने वासनिक को गद्दी दिला दी।

# गुरु इकतीसा पाठ का समापन



पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

गुरु इकतीसा पाठ का आज दादा गुरुदेव के महा पूजन के साथ समापन हुआ। स्थानीय जैन बगीचे में 14 सितंबर से प्रारंभ गुरु इकतीसा का जाप 15 अक्टूबर को पूर्ण हुआ। इसके साथ ही तीन दिवसीय दादा गुरुदेव महा पूजन का आयोजन शुरू हुआ जिसका समापन 17 अक्टूबर को चारों दादा गुरुदेव , प्रथम दादा गुरुदेव जिनदत्त सूरी,द्वितीय दादा गुरुदेव जिन कुशल सूरी, तृतीय दादा गुरुदेव मणिधारी जिनचंद्र सूरी एवं चतुर्थ दादा गुरुदेव जिनचंद्र सूरी की महापूजा के साथ पूरा हुआ। महापूजा जैन साध्वी श्री सम्यक प्रभा श्रीजी ने पूर्ण कराई।

# विरोध प्रदर्शन निपटने के बाद भारतीय जनता पार्टी के महापौर और पार्षद के दावेदार हुए सक्रिय

- सरकार का फैसला वापस लेने की संभावना कम
- बैनर, पोस्टर लगाने के साथ जनसम्पर्क शुरु

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com



प्रदेश में नगरीय निकाय चुनाव अप्रत्यक्ष प्रणाली और बैलेट पेपर से कराने का विरोध करते हुए एक रोज पूर्व भारतीय जनता पार्टी ने मोतीबाग के पास धरना, प्रदर्शन दिया। इसके बाद राज्यपाल अनसुईया उईके को ज्ञापन सौंपा गया। इसके बाद अब भारतीय जनता के महापौर और पार्षद पद के दावेदारों ने नगरीय निकाय चुनाव की तैयारियां शुरु कर दी है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक इस बात संभावना बहुत कम नजर आ रही है कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार चुनाव के सम्बंध में लिए गए अपने फैसले से पीछे हटेगी। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस सम्बंध में संकेत भी दे दिए है। इसे देखते हुए पार्टी के महापौर और पार्षद के दावेदारों ने बैनर, पोस्टर लगवाने के बाद जनसम्पर्क शुरु कर दिया है।

### मध्यप्रदेश में फैसले से नहीं पलटी कमलनाथ सरकार

इसी तरह का फैसला पड़ोसी राज्य मध्यप्रदेश ने भी नगरीय निकाय चुनाव को लेकर पहले किया। वहां भी भारतीय जनता पार्टी ने पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह के नेतृत्व में नए नियमों का विरोध करते हुए खूब धरना प्रदर्शन किया। राज्यपाल को ज्ञापन भी सौंपा। मगर कमलनाथ सरकार टस से मस नहीं हुई। इसे देखते हुए इस बात की संभावना बहुत कम नजर आ रही है कि छत्तीसगढ़ में किसी भी दबाव में छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार भारतीय जनता पार्टी के आएगी।

### दावेदार हुए सक्रिय

छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय चुनाव के लिए आरक्षण प्रक्रिया पूरी होने के बाद से छोटे बड़े नेता टिकट की दावेदारी के लिए पहले से सक्रिय हो चुके हैं। प्रदेश का सबसे दिलचस्प मुकाबला रायपुर नगर निगम में महापौर पद के लिए होगा। शहर की सत्ता के लिए भाजपा के दो दिग्गज पूर्व मंत्री एवं वर्तमान विधायक बृजमोहन अग्रवाल और पूर्व मंत्री राजेश मूणत के करीबी अपनी दावेदारी मजबूती से करने में लगे हैं। नए नियम के बाद अब महापौर बनने का सपना देखने वाले बड़े नेताओं को पार्षद का चुनाव लड़ना जरुरी हो गया है। दक्षिण विधायक बृजमोहन अग्रवाल और राजेश मूणत के कई समर्थक महापौर बनने के लिए अभी से गोटी बिठाने में में लगे है। इनमें कुछ नाम सामने आ रहे हैं।बृजमोहन अग्रवाल के समर्थक सुभाष तिवारी, रमेश सिंह ठाकुर, मृत्युंजय दुबे, मनोज प्रजापति और सालिक सिंह ठाकुर तो राजेश मूणत के समर्थक प्रफुल्ल विश्वकर्मा, संजय श्रीवास्तव अशोक पाण्डेय, और मीनल छगन चौबे महापौर बनने की रेस में आगे बताए जा रहे है।

# लोकतांत्रिक मर्यादाओं को भंग कर रही कांग्रेस सरकार-सोनी

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी के सांसद सुनील सोनी ने नगरीय निकाय चुनाव को लेकर प्रदेश सरकार द्वारा नियम.कायदों की अनदेखी को संवैधानिक मर्यादाओं व लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन बताया है। सोनी ने कहा कि प्रदेश सरकार निकाय चुनावों की पध्दति में बदलाव लाने की ˙ संसदीय परम्पराओं की अनदेखी कर रही है। सांसद सोनी ने कहा कि प्रदेश सरकार अपनी मंत्रिमंडलीय उपसमिति की सिफारिशों को अंतिम निर्णय मानकर कायदों की अनदेखी कर रही है। वस्तुतः उपसमिति की सिफारिशों को कैबिनेट की बैठक में रखकर पारित कराना होता है और फिर राज्यपाल के हस्ताक्षर के बाद वह अध्यादेश लागू होता है। लेकिन कैबिनेट में चर्चा व अनुमोदन और राज्यपाल की मंजूरी की संवैधानिक प्रक्रिया का पालन किए बिना प्रदेश सरकार जिस तरह का राजनीतिक आचरण कर रही है वह न केवल संविधान व संसदीय लोकतंत्र की परम्परा का खुला अल्लंघन है अपितु यह आचरण दर्शाता है कि राज्य सरकार एकांगी दृष्टिकोण रखकर इस मसले पर मनमानी करने पर उतारू है। सांसद सोनी ने इस बात पर भी आश्चर्य जताया कि प्रदेश सरकार निकाय चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ होने और परिसीमन हो चुकने बाद इस तरह के अलोकतांत्रिक व असंवैधानिक फैसले कर रही है। एक बार चुनावी प्रक्रिया प्रारंभ होने के बाद उस प्रक्रिया में दखल देने से अदालतें भी परहेज करती हैं लेकिन प्रदेश सरकार ने असंवैधानिक असंसदीय और अलोकतांत्रिक आचरण करके मनमानी करने की ठान रखी है। उसके इस फैसले से यह तो साफ हो ही गया है कि वह निकाय चुनावों में अपनी पराजय को साफ देख रही है।






# दीपावली पर मिट्टी से बने परम्परागत दिये के उपयोग को करें प्रोत्साहित : सीएम

मिट्टी के दिये बेचने वालों को नहीं हो कोई परेशानी

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ की संस्कृति के अनुरूप दीपावली पर मिट्टी से बने परम्परागत दिये के उपयोग को प्रोत्साहित करने सभी कलेक्टरों को निर्देश दिए है। मुख्यमंत्री ने कलेक्टरों से कहा है कि ग्रामीणों और कुम्हारों द्वारा दीपावली पर मिट्टी के दिये बनाकर बेचा जाता है। मिट्टी के दिये बेचने वालों को किसी भी तरह की असुविधा नहीं हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए। नगर पालिक-नगर पंचायत क्षेत्र के अधिकारियों को निर्देशित किया जाए कि मिट्टी के दिये बेचने वालों से किसी भी तरह के कर की वसूली नहीं की जाए और आमजनों को मिट्टी के दिये का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया जाए।

## चित्रकोट विधानसभा

# विधायक विकास उपाध्याय ने कांग्रेस प्रत्याशी को जिताने झोंकी अपनी ताकत

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com





चित्रकोट विधानसभा में पश्चिम के विधायक विकास उपाध्याय ने कांग्रेस प्रत्याशी राजमन बेंजाम को जिताने झोंकी अपनी ताकत जनता के बीच मे जाकर राज्य सरकार की उपलब्धियों को बताकर किये प्रचार-प्रसार टोकापाल ब्लॉक के अंतर्गत विधायक विकास उपाध्याय ने विधायक रेखचन्द जैन एवं लखेश्वर बघेल के साथ मिलकर विधानसभा बूथ स्तरीय अध्यक्षो की बैठक लेकर सरकार की उपलब्धियों को बताते हुए अपने बूथ एवं जनता के बीच जाकर जनसंपर्क करने कहा गया।

कांग्रेस प्रत्याशी राजमन बेंजाम को जिताने चित्रकोट की जनता का मिल रहा आशीर्वाद जनता ने एक ही स्वर में कहा जिस तरह दीपक बेस को जिताकर विधायक बनाये,सांसद बनाये उसी तरह अपने बीच के अपने बेटे को भी जिताकर विधायक बनायेंगे।

# सीएम ने अर्थशास्त्री अभिजीत को पत्र लिखकर दी बधाई और छत्तीसगढ़ आने का दिया न्यौता

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अर्थशास्त्री अभिजीत बनर्जी को पत्र लिखकर वर्ष 2019 का अर्थशास्त्र (इकोनॉमिक्स) का नोबेल पुरस्कार प्राप्त होने के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी है, साथ ही छत्तीसगढ़वासियों की ओर से छत्तीसगढ़ आने का न्यौता भी दिया।

मुख्यमंत्री ने अपने पत्र में कहा कि अर्थशास्त्र में नोबेल पुरस्कार प्राप्त करने पर मैं आपको अपनी हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। दुनिया भर में हर भारतीय के लिए यह गर्व का क्षण है, जो हमें ऐसी महानता प्राप्त करने के लिए प्रेरित कर रहा है, जिसे दुनिया भर में उच्चतम स्तर पर मान्यता प्राप्त हो। नंगे पांव रहने वाले बच्चों, काली खांसी और स्कूल ड्रॉप आउट बच्चों के बीच संबंध जैसे मुद्दों पर संदर्भ-आधारित समाधानों पर आपका शोध कई लोगों को व्यावहारिक और कार्यान्वयन योग्य समाधान प्रदान करेगा और उन्हें अंतर्निहित जटिल व्यवहार संबंधी मुद्दों से निपटने में मदद करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास और सशक्तिकरण लाने के लिए प्रतिबद्ध है।

# सरकार के सकारात्मक प्रयासों से प्रदेश में शराब की खपत में आयी कमी - सुशील

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com



पिछले चार महिनों में छत्तीसगढ़ में शराब की खपत में 10 से 15 प्रतिशत तक आई कमी को कांग्रेस ने भूपेश बघेल सरकार के सकारात्मक और ठोस पहल का नतीजा बताया है। प्रदेश कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि कांग्रेस सरकार और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल शुरू से ही राज्य में शराब की खपत कम करने के प्रयास में लगे हैं। शराब की खपत में आई कमी कांग्रेस सरकार की राज्य में शराबबंदी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा था हम राज्य में पूर्ण शराबबंदी को चरणबद्ध तरीके से करेंगे। शराब एक सामाजिक बुराई है लोगों में शराब के बुराई के प्रति जनजागरण करके शराबबंदी लागू हो सकती है। भूपेश बघेल सरकार के जनजागरण के कारण ही लोग शराब से दूर हो रहे है। कांग्रेस सरकार ने लोगों में शराब के सेवन को हतोत्साहित करने के लिए अनेक महत्वपूर्ण कदम उठायें हैं। राज्य में वित्तीय वर्ष 2018-19 में 701 शराब दुकानें संचालित थी। इनमें 377 देसी शराब और 324 दुकानों से विदेशी शराब बेची जाती थी, लेकिन वित्तीय वर्ष 2019-20 में कांग्रेस सरकार ने 50 शराब दुकानों को बंद कर दिया, जिससे अब राज्यभर में 650 देसी व अंग्रेजी शराब दुकानें बची है, जो शराब की खपत कम होने की बड़ी वजह है। छत्तीसगढ़ में औसतन देसी शराब दुकानों से 40 लाख लीटर और अंग्रेजी शराब दुकानों से 25 लाख लीटर खपत होती है। अचानक जून से खपत में कमी आने लगी है, जो सितंबर में 10 फ़ीसदी तक कम हो गई है। इस हिसाब से 4 लाख लीटर की देसी शराब की खपत कम हुई है।

# छग में पहली बार राज्य के 208 अभ्यर्थियों का वायुसेना भर्ती में चयन

## धमतरी में आयोजित वायुसेना भर्ती रैली में बनाया रिकार्ड



रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा युवाओं को विभिन्न सेवाओं में अवसर उपलब्ध करवाने का विशेष प्रयास किए जा रहे है। इसके तहत धमतरी जिले में आयोजित वायुसेना भर्ती अभियान में पहली बार राज्य के 208 अभ्यर्थी का चयन वायुसेना के लिए हुआ। धमतरी जिले में पहली बार आयोजित वायुसेना भर्ती रैली में प्रदेश भर के सभी 27 जिलों के कुल 5 हजार 418 अभ्यर्थी सम्मिलित हुए, जिनमें से 208 अभ्यर्थियों का चयन इसमें किया गया। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पहले चरण में प्रदेश के 13 जिले के 3049 अभ्यर्थी और दूसरे चरण में 14 जिले के 2369 अभ्यर्थी इसमें शामिल हुए। इनमें से पहले चरण में 122 और दूसरे चरण में 86 अभ्यर्थियों का चयन हुआ।






# सावरकर को भारतरत्न देने की बात से भाजपा का दोहरा चरित्र हुआ उजागर : कांग्रेस

- गांधी की 150वीं जयंती पर भाजपा ने निकाली दिखावटी पदयात्राएं

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com

सावरकर पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बयान का पुरजोर समर्थन करते हुये प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री एवं संचार विभाग के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा है कि सावरकर मामले में अब भाजपा का दोहरा चरित्र और भाजपा की गांधीवाद विरोधी विचारधारा बेनकाब हो गयी है। एक ओर गांधी की 150वीं जयंती पर भाजपा पदयात्रायें निकाल रही है। दूसरी ओर उस सावरकर को भारतरत्न देने की बात कर रही है जो राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की हत्या की साजिश में शामिल थे। महात्मा गांधी की हत्या की साजिश की जांच के लिये बनाया गया कपूर कमीशन इस निष्कर्ष पर पहुंचा, महात्मा गांधी जी की हत्या के परिपेक्ष्य में कपूर कमीशन ने ये बात कही थी। महात्मा गांधी जी की 150वीं जयंती पर, अगर भाजपा सरकार गांधी जी की हत्या के आरोपी रहे और कपूर कमीशन की फाइडिंग्स के अनुसार महात्मा गांधी जी की हत्या के षड़यंत्र में शामिल सावरकर को भारतरत्न देने पर विचार करती है, तो यह बेहद दुखद और भाजपा की गांधीवाद विरोधी सोच का जीताजागता सबूत है। ऐसे शख्स को गांधी जी की 150वीं जयंती पर भारतरत्न देने की बात करना अनुचित है। सावरकर को भारतरत्न देने की बात करना बहुत सुनियोजित और सोची समझी साजिश है। जिसके तहत एक तरफ महात्मा गांधी की प्रशंसा की जा रही है और दूसरी तरफ सावरकर को भारतरत्न देने की बात हो रही है। सावरकर को भारतरत्न देने के लिये गांधीजी की हत्या को आत्महत्या बताया जा रहा है। सावरकर पर महात्मा गांधी की हत्या को लेकर फौजदारी का मुकदमा चला था, हालांकि बाद में वह बरी हो गए थे। गांधी की हत्या को लेकर बाद में कपूर आयोग गठित किया गया।







सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा दबंग दुनिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि. पानी टंकी के पास मोवा रोड, दलदल सिवनी, दुबे कॉलोनी, रायपुर, छत्तीसगढ़ पिन-492001 से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित
संपादक-मोहन राव* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, प्रबंध संपादक-ए.एन. द्विवेदी, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2018-20, दूरभाष नंबर 0771, 2972403